

रूस में शहर में चल रहे टैंक, लोग घरों में दुबके।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 172 पृष्ठः 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# मणिपुर हिंसाः शाह ने की सर्वदलीय बैठक

### सर्वदलीय बैठक में भाजपा, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और वाम दलों सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने भाग लिया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मणिपुर** में मौजूदा स्थिति पर चर्चा के लिए शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में भाजपा, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और वाम दलों सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने भाग लिया।
बैठक में टीएमसी सांसद डेरेक ओ'ब्रायन, मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के संगमा, आरजेडी के मनोज झा, पशुपति पारस और सीपीआई (एम) सांसद जॉन ब्रिटास मौजूद रहे।वहीं ममता बनर्जी और शरद पवार ने इस बैठक से



दूरी बनाई, हालांकि बैठक में टीएमसी सांसद मौजूद रहे।
**अमित शाह ने किया था हिंसाग्रस्त क्षेत्रों का दौराः** मणिपुर में तीन मई से शुरू हुई हिंसा थमने का नाम ही नहीं ले रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, हिंसाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर चुके हैं। हिंसा में सौ से अधिक लोग मारे गए हैं, जबकि 50 हजार से ज्यादा लोगों ने अपना घर छोड़कर सुरक्षित जगहों पर शरण ली है। लूटे गए छह हजार हथियारों में से अभी 1500 भी वापस नहीं हुए हैं। रोड ब्लॉक कर सुरक्षा बलों का रास्ता रोका जा रहा है। अब तो असम राइफल सहित दूसरे सुरक्षा बलों पर हमले भी होने लगे हैं।

## थम नहीं रही हिंसा

= मणिपुर में तीन मई से शुरू हुई हिंसा थमने का नाम ही नहीं ले रही है। शाह, हिंसाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर चुके हैं

## कांग्रेस लगातार साध रही भाजपा पर निशाना

**कांग्रेस** संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने राज्य में शांति और सद्भाव की अपील करते हुए कहा कि मणिपुर में लोगों के जीवन को तबाह करने वाली अभूतपूर्व हिंसा ने हमारे देश की अंतरात्मा पर गहरा घाव छोड़ा है। भाजपा शासित राज्य मणिपुर में हिंसा भड़कने के बाद से कांग्रेस मणिपुर को लेकर पीएम मोदी पर निशाना साध रही है।
**मणिपुर में इंटरनेट बंदः** मैतेई समुदाय की ओर से अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा दिए जाने की मांग के विरोध में तीन मई को पर्वतीय जिलों में 'आदिवासी एकजुटता मार्च' आयोजित किए जाने के बाद मणिपुर में हिंसक झड़पें हुई हैं। हिंसा में अब तक करीब 120 लोगों की जान गई है और 3,000 से अधिक घायल हुए हैं। राज्य में जारी अशांति को देखते हुए इंटरनेट पर प्रतिबंध को 25 जून तक बढ़ा दिया गया है। मणिपुर में शनिवार को राज्य सरकार के मंत्री एल सुसींद्रो के घर पर भीड़ ने हमला बोल दिया। उनके निजी गोदाम और वहां खड़ी 2 गाड़ियों को आग लगा दी गई।

# 2000 के 72% नोट बैंकों में वापस आए

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आरबीआई** की ओर से 2000 रुपए के नोट वापस लेने के ऐलान के बाद 2000 रुपए के 72% नोट बैंकों में जमा हो चुके हैं या बदले जा चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इन नोटों की कुल कीमत 2.62 लाख करोड़ रुपए है। आरबीआई ने 19 मई को नोट वापस लेने की घोषणा करते हुए बताया था कि 31 मार्च तक 2,000 रुपए के नोटों का कुल मूल्य 3.62 लाख करोड़ रुपए था। 30 सितंबर तक बदलने या अकाउंट में जमा करने हैं नोट आरबीआई ने 30 सितंबर तक



2000 के नोट बैंकों में बदलने या अकाउंट में जमा करने को कहा है, लेकिन यह भी कहा है कि यह इसके बाद भी लीगल रहेगा। ऐसा सिर्फ लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए है, ताकि वे यह नोट बैंकों को वापस करें। सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार बैंक में नोट बदलने के लिए किसी तरह के कोई डॉक्यूमेंट नहीं देने होंगे।

# 'भारत में गूगल 10 अरब डॉलर का निवेश करेगी'



**टीम एक्शन इंडिया/ वाशिंगटन/नई दिल्ली**
**अमेरिकी** बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल भारत में डिजिटाइजेशन के लिए 10 अरब डॉलर (करीब 82 हजार करोड़ रुपये) का निवेश करेगी। गूगल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुंदर पिचाई ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के बाद यह जानकारी दी।
गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने घोषणा की है कि कंपनी गुजरात के गिफ्ट सिटी में अपना ग्लोबल फिनटेक ऑपरेशन सेंटर खोलेगी। प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद पिचाई ने कहा कि कंपनी अपने 10 अरब डॉलर के डिजिटलीकरण फंड के माध्यम से भारत में निवेश करना जारी रखेगी। सुंदर पिचाई ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी से मिलना उनके लिए सम्मान की बात है। पिचाई ने डिजिटल इंडिया के लिए प्रधानमंत्री के नजरिये की सराहना की। पिचाई ने कहा कि डिजिटल इंडिया के लिए प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण उनके समय से कहीं आगे है। मैं अब इसे एक ब्लूप्रिंट के रूप में देखता हूं, जिसे अन्य देश करना चाह रहे हैं।
वहीं, प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने ट्वीट कर बताया कि प्रधानमंत्री मोदी और सुंदर पिचाई के बीच आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, फिनटेक और रिसर्च एंड डवलपमेंट को बढ़ावा देने के उपायों पर चर्चा हुई।

## 'भारत में 15 अरब डॉलर का और निवेश करेगी अमेजन'

**टीम एक्शन इंडिया/वाशिंगटन/नई दिल्ली**
**दिग्गज** अमेरिकी ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन भारत में 15 अरब डॉलर के निवेश की योजना बना रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमेरिकी दौरे के बाद कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एंडी जेसी ने यह बात कही है। अमेजन के सीईओ ने कहा कि कंपनी की योजना भारत में 15 अरब डॉलर का अतिरिक्त निवेश करने की है, जिससे कंपनी का भारत में कुल निवेश 26 अरब डॉलर हो जाएगा। जेसी ने कहा कि कंपनी भारत में पहले ही 11 अरब डॉलर का निवेश कर चुकी है।

## अमेरिका ने किया यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन


**टीम एक्शन इंडिया/वाशिंगटन**
**अमेरिका** ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह (एनएसजी) में भी भारत की सदस्यता का समर्थन किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडन ने भारत के महत्वपूर्ण योगदान, बहुपक्षवाद के प्रति प्रतिबद्धता और सुरक्षा परिषद सुधारों पर अंतरसरकारी वार्ता प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी को देखते हुए भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता देने का समर्थन किया है। उन्होंने वर्ष 2028-29 के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के गैर-स्थायी सदस्य के रूप में भारत की उम्मीदवारी का स्वागत किया है।

# रूसी शहर रोस्तोव व सेना मुख्यालय पर बागियों का कब्जा

**टीम एक्शन इंडिया/मॉस्को**
**यूक्रेन** के साथ युद्ध में उलझे रूस की मुसीबतें अचानक दोहरी हो गयी हैं। रूसी शहर रोस्तोव व रूसी सेना के मुख्यालय रोस्तोव-ऑन-डॉन पर बागियों ने कब्जा कर लिया है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने इसे विश्वासघात करार दिया है। रूस के राष्ट्रपति को रूसी सैन्य समूह वैगनर ग्रुप का लगातार साथ मिल रहा था। अब बदले हालात में वैगनर समूह का मुखिया येवगेनी प्रगोझिन खुल कर रूसी नेतृत्व पर सवाल उठा रहा है बल्कि बगावत का एलान भी कर दिया। प्रिगोझिन ने देश के नेतृत्व को खत्म करने की धमकी दी है। वैगनर ग्रुप के लड़ाके राजधानी मॉस्को की तरफ बढ़ रहे हैं। प्रिगोझिन के लड़ाकों ने रूसी शहर रोस्तोव के साथ रूसी सेना के मुख्यालय



रोस्तोव-ऑन-डॉन पर कब्जा कर लिया है। कई अन्य शहरों के सैन्य ठिकानों पर भी कब्जे की बात कही गयी है। वहीं, रूसी रक्षा मंत्रालय ने भी तुरंत प्रतिक्रिया दी है और प्रगोझिन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है। इस बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि प्रगोझिन की अगुवाई में हुई बगावत रूस और रूस के लोगों के लिए एक झटका है।



# धानक ने रखी कबीर आश्रम की आधारशिला

## –संत कबीर दास द्वारा प्रकट ज्ञान हमेशा नवीन और प्रासंगिक बना रहेगा–राज्यमंत्री अनूप धानक

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
संत शिरोमणी कबीर साहेब की 626वीं जयंती के उपलक्ष्य में गांव गोरड़ में निस्वार्थ कबीर दास सेवा समिति द्वारा आयोजित कबीर जयंती समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए प्रदेश के पुरातत्व एवं संग्रहालय, श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री अनूप धानक ने संत सिरोमणी कबीर आश्रम की आधारशिला रखी।
राज्यमंत्री अनूप धानक ने संत सिरोमणी कबीर दास की तस्वीर पर पुष्पार्पित करते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि कहा कि संत शिरोमणि सद्गुरु भक्त कबीर दास की वाणी समाज सुधार और ईश्वर भक्ति का ऐसा अद्भुत संगम है जिसे सदियों तक बार-बार दोहराया जाएगा। उनके द्वारा प्रकट ज्ञान हमेशा नवीन और प्रासंगिक बना रहेगा। उन्होंने कहा कि संत कबीर दास समाज के अग्रदूत थे। वे एक महान विचारक व



समाज सुधारक थे। उन्होंने कहा कि संत कबीर दास ने अपनी वाणी से समाज में व्याप्त बुराईयों को मिटाने का काम किया और समाज को सही रास्ता दिखाया। संत कबीरदास जी की वाणी आज भी प्रासंगिक हैं। उनके द्वारा दिए गए ज्ञान को आत्मसात करके तमाम समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। कबीर जी ने जात पात का विरोध करते हुए सभी धर्म के लोगों को नया संदेश दिया था।
राज्यमंत्री ने कहा कि संत कबीर दास ने अपने गीतों, दोहों और उपदेशों के माध्यम से मानवता के साथ समग्रता और एकता की महत्वपूर्ण संदेश दिए है। हमें उनके उपदेशों से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनकी नीतियों को अपनाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संत महात्मा होते हैं वे सर्व समाज के होते हैं, जिन्होंने समाज की भलाई के लिए अपना पूरा जीवन न्यौछावर किया। संत कबीर दास जी का जन्म 15वीं शताब्दी में हुआ था और उन्होंने अपने जीवन के दौरान अद्वैत तत्व की प्रचार-प्रसार किया।
राज्यमंत्री ने कहा कि उनकी शिक्षाओं ने समाज को समरसता, सद्भाव और धार्मिक तालमेल की ओर प्रवृत्ति की है। संत गुरु कबीर दास जी धार्मिक एकता के प्रबल समर्थक थे। उनकी शिक्षाएं समाज की धरोहर हैं और हम संत कबीर के सिद्धांतों के अनुरूप अंत्योदय को वचनबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि अपने पूर्वजों, संतों, महात्माओं एवं महापुरुषों को याद करना किसी भी समाज एवं देश के लिए गौरव की बात है, इससे हमारी युवा पीढ़ी को हमारे महापुरुषों के आदर्शों एवं शिक्षाओं की जानकारी मिलती है। इस दौरान उन्होंने कबीर आश्रम के निर्माण के लिए अपने मंत्री कोटे से 07 लाख रुपए देने की घोषणा की। राज्यमंत्री ने कहा कि गठबंधन सरकार प्रदेश के गरीब व कमेरे वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। आज गरीब लोगों को मुफ्त में राशन उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसके अलावा गठबंधन सरकार ने आयुष्मान भारत योजना का विस्तार करते हुए चिरायु योजना की शुरूआत की, जिसके तहत परिवार पहचान पत्र में एक लाख 80 हजार रुपए कम वार्षिक आय वाले परिवारों को 05 लाख रुपए तक फ्री में ईलाज करने की सुविधा प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल ने ही हरियाणा में सबसे पहले एससी व बीसी वर्ग के लिए चौपाल व आश्रम बनाने की शुरूआत की ताकि गरीब व्यक्ति इन चौपालों में अपने विवाह समारोह सहित अन्य कार्यक्रम कर सकें। सरकार में चेयरमैन पवन खरखौदा ने कहा कि पुराने समय में समाज में जात-पात भेदभाव व अंधविश्वास फैला हुआ था।

# वार्षिक सम्मान समारोह में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने की शिरकत

## पानीपत जिले में कश्यप धर्मशाला के लिए जमीन और कश्यप धर्मशाला कुरुक्षेत्र में मॉडर्न लाइब्रेरी देने की घोषणा



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** कश्यप समाज की प्रदेश स्तरीय धर्मशाला कुरुक्षेत्र के 43 वें स्थापना वर्ष एवं वार्षिक सम्मान समारोह का आयोजन कश्यप धर्मशाला कुरुक्षेत्र के प्रांगण में किया गया। इस सम्मान समारोह में हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की और कश्यप समाज के नवनियुक्त दिनेश तंवर कश्यप सहित समाज के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में शाहबाद से जननायक जनता पार्टी के विधायक रामकरण काला, गुहला से जननायक जनता पार्टी के विधायक ईश्वर सिंह, थानेसर विधायक सुभाष सुधा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की।
वार्षिक सम्मान समारोह में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला का पहुंचने पर कश्यप राजपूत सभा के प्रधान ओमपाल कश्यप, राजबीर कश्यप सहित समाज के गणमान्य लोगों ने फूल माला, पुष्प गुच्छ व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। सभा के प्रधान ओमपाल कश्यप ने डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के समक्ष समाज की तरफ से 3 मांग रखी। जिसमें डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने पानीपत में कश्यप धर्मशाला के लिए जमीन देने की घोषणा की। वहीं पानीपत में कश्यप समाज के लोगों पर किए गए केस को कोर्ट के माध्यम से सुलझाने का आश्वासन दिया। तो वही डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कश्यप राजपूत धर्मशाला कुरुक्षेत्र में मॉडर्न लाइब्रेरी बनाने की भी घोषणा की। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने समाज को बधाई देते हुए कहा कि वह हर वर्ष इक्कट्ठे होते हैं और समाज के होनहार बच्चों को सम्मानित करते हैं। उन्होंने कहा कि

**8 दुष्यंत चौटाला ने मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की और दिनेश तंवर कश्यप सहित समाज के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया**

किसी को भी आगे बढ़ाने के लिए हौसला बहुत जरूरी है। अगर हौसला दिया जाए तो वह बढ़-चढकर अपने काम को पूरा करता है। उन्होंने कहा कि मुझे कश्यप समाज के स्केटिंग के एक होनहार बच्चे जिन्होंने विदेश में अपना नाम रोशन किया है। जहां हरियाणा में बर्फ नहीं दिखाई देती वहां उन्होंने विदेश की धरती पर जाकर अपने देश, प्रदेश व अपने समाज का नाम रोशन किया है। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि वह पूरे प्रदेश में हर गांव में मॉडर्न लाइब्रेरी खोल रहे हैं। ताकि बच्चों को उनके घर के पास ही पढ़ाई के लिए उचित सुविधा दी जा सके। जो समय बच्चा शहर में आने जाने में लगाता है उस समय को बचाकर वह अपनी पढ़ाई कर सके और अपने लक्ष्य को हासिल कर सके। उन्होंने कहा कि जो देश के महान व्यक्ति है उनको याद कर उनसे प्रेरणा लेकर हमें अपने समाज को आगे बढ़ाना चाहिए। समाज के बच्चों को ज्यादा से ज्यादा शिक्षा देकर उनको हर क्षेत्र में आगे बढ़ाया जाए। इस मौके पर जजपा के जिला अध्यक्ष कुलदीप जखवाला, जजपा के वरिष्ठ नेता जसविंदर खैरा व माया राम, कश्यप राजपूत सभा के प्रधान ओमपाल कश्यप, राजबीर कश्यप, देशराज कश्यप, पूर्व चेयरमैन रघुनाथ कश्यप, आरडी कल्याण, चतर सिंह, ईश्वर सिंह, पूर्व डीएसपी करताराम, धर्मवीर देहरा सहिम कश्यप समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# अपने बच्चों को शिक्षित बनाएं, समाज को आगे बढ़ाएं- परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा

**8 प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा प्रदेश को नई दिशा देने का काम किया है: मूलचंद शर्मा**

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला(मनीष कुमार)** परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा अंबाला के गांव डेहर पहुंचे यहां पर उन्होंने भगवान शिव परिवार हनुमान जी के भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापना समारोह में उन्होंने शिरकत की इस दौरान भारी संख्या में लोग भी शामिल रही यहां पहुंचने पर गांववासियों ने उनका फूल मालाएं पहना कर भव्य स्वागत किया और पूजा अर्चना भी की इस दौरान मीडिया से बात करते हुए परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा आज योग्यता के आधार पर पढ़े लिखे बच्चों को हरियाणा में



नोकरी मिलती है।
प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा प्रदेश को नई दिशा देने का काम किया है उन्होंने कहा ब्रह्मण का काम भी समाज को दिशा देने है उन्होंने मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया की ब्रह्मणो की समस्याओं को जानने के लिए ब्राह्मण आयोग बनाने का काम किया है। परिवहन मंत्री ने समाज से अपील करते हुए कहा की सभी अपने बच्चो को शिक्षित बनाने का काम करें ताकि योग्यता का लाभ लेकर नोकरी ले सके और पढ़ लिख कर समाज को आगे बढ़ा सके। परिवहन मंत्री के आने की तैयारियां पिछले कई दिनों से चल रही थी।

# धर्मनगरी को नशामुक्त बनाना है पुलिस का ध्येयः एस एस भोरिया

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )**
**पुलिस** अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भोरिया ने कहा कि धर्मनगरी को नशामुक्त बनाना हमारी प्राथमिकता है। नशे को जड से खत्म करना और नशे से जुडे कारोबारियो को सलाखो के पीछे भेजना पुलिस का मुख्य लक्ष्य है ।
पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि नशा समाज की जडों को खोखला कर रहा है, युवा पीढी नशे की लत में फंस कर अपने भविष्य को खतरे में डाल रही है। युवा देश का भविष्य है, देश के भविष्य को नशे जैसे अंधेरे से बचाना है। जिला पुलिस द्वारा नशा मुक्त जीवन के प्रति जागरुक करने के साथ-साथ नशीले पदार्थों के धन्धें में संलिप्त अपराधियों को भी सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है। जिला पुलिस नशे की डिमांड व सप्लाई पर काबू करके नशामुक्त



कुरुक्षेत्र बनायेंगे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए सबसे पहले नशे पर रोक लगाना जरुरी है क्योंकि नशा ही सब अपराधों की जड है। जिला पुलिस द्वारा नशा तस्करों पर कडी कार्यवाही की जा रही है । जहां नशा तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज करके उनको सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है वहीं नशा तस्करों की संम्पति को भी अटैच करवाया जा रहा है ।

# मीठापुर में ग्रह शांति करवाने आया तांत्रिक जेवर लेकर गायब

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला(मनीष कुमार)** अंबाला छावनी के निकटवर्ती गांव मीठापुर में तांत्रिक ने गृह शांति की पूजा के दौरान लाखों रुपए के जेवर ठग लिए। गांव मिट्ठापुर निवासी मीना कुमारी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका गांव में ही सिलाई का सेंटर है। उसके पड़ोस में ज्योतिष केंद्र चलाने वाले ओम प्रकाश शास्त्री से रविवार को उसने गृह शांति के लिए नवग्रह पूजन कराया था। महिला ने बताया कि 21 जून को पूजा के दौरान शाम 4 बजे तांत्रिक ने घर के जेवर एक कपड़े में बंधवा अलमारी में रखवा दिए। तांत्रिक 22 जून को अपने ज्योतिष केंद्र पर नहीं आया तो उसने फोन नंबर पर संपर्क कियाए लेकिन नंबर बंद आ रहा था। शक होने पर जब उसने बंधे हुए कपड़े को खोल कर देखा तो उसमें जेवर नहीं थे। महिला ने बताया कि चोरी हुए सभी जेवर सोने के थे। इनमें एक मंगलसूत्र, कान की 4 जोड़ीए 2 लॉकट व 2 अंगूठी थी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 2 दिन बाद रेहड़ी-फड़ी संचालको का धरना फिर शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला(मनीष कुमार)** अम्बाला शहर के बस स्टैंड के नजदीक चल रहे रेहड़ी फड़ी व पार्किंग के मामले में दो दिन बाद फिर से फड़ी संचालको ने विवेक ललाना की अध्यक्षता में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।
इस दौरान विवेक ने कपड़ा मार्केट में लगे हुए फलैक्स पर मेयर से गुहार लगाई है कि शहर में जो भी अवैध फलैक्स लगवाए गए है वो तुरंत हटवाए जाए। उन्होनें कहा कि कुछ लोग उनके धरने को समाप्त करने के लिए तरह तरह के हत्थकंडे अपना रहे है। उन्होनें कहा



कि बोर्ड लगवाने वाले अपने नाम के साथ अपनी दुकान का नााम भी लिख कर लगवांए। जिससे सच्चाई सामने आ सके। लेकिन उनकी लड़ाई सच्चाई की लड़ाई है। जब तक रेहड़ी फड़ी संचालको को इसांफ नहीं मिलता वे अपना धरना प्रदर्शन जारी रखेंगें। उन्होनें कहा कि उनके इस प्रदर्शन में सामाजिक व राजनितिक संगठन भी शामिल हो रहे है। इसके साथ ही आज शाम तक उनके साथ कुछ किसान संगठन भी शामिल हो सकते हे। गौरतलब है कि दो दिन पहले मेयर शक्ति रानी शर्मा ने रेहड़ी फड़ी संचालकों व कपड़ा मार्केट के दुकानदारों से बातचीत की थी लेकिन इसके बाद भी कोई हल नहीं निकला। बल्कि इसके उल्ट दुकानदारों ने विरोध में जगह जगह होडिंग्स लगवा दिये है। जिनमें राजनितिक पार्टियों को वोट मांगने के लिए न आने को कहा गया है। दुकानदारों का कहना है कि जो लोग इस मुद्दे पर राजनिति कर रहे है वे उनका विरोध करते है। वहीं फड़ी संचालको का कहना है कि इस दौरान उन्हे अपने घरों का खर्च निकालने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

# मेजर ध्यानचंद से युवा खिलाड़ियों को मिल रही है प्रेरणाः विनोद



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जीवन से आज भी युवा हाकी खिलाडियों को प्रेरणा मिल रही है। इस महान खिलाड़ी को आज पूरे विश्व में याद किया जा रहा है। इस खिलाड़ी ने अपना सारा जीवन हाकी गेम को समर्पित करने का काम किया। इस महान खिलाड़ी को पूरा विश्व हॉकी के जादूगर के रूप में जानता है। यह कहना है कि समाजसेवी विनोद गर्ग का। हाकी कुरुक्षेत्र एसोसिएशन की तरफ से मेजर ध्यानचंद के जीवन को ओलंपिक दिवस के रूप में मनाया गया। इस ओलंपिक डे पर द्रोणाचार्य स्टेडियम में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ समाजसेवी विनोद गर्ग ने किया। इससे पहले समाजसेवी विनोद गर्ग, सेवानिवृत जिला खेलकूद अधिकारी यशवीर सिंह, साई के प्रभारी कुलदीप सिंह वैडच, हॉकी कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष विकास दीप संधू, हॉकी कुरुक्षेत्र के सचिव एवं सेवानिवृत्त हाकी चीफ कोच गुरविंद्र सिंह, ओलंपियन एवं भारतीय हाकी टीम के सदस्य सुरेंद्र कुमार पालड़, एम सत्यनारायण, राहुल सांगवान, चांदराम, नरेंद्र ठाकुर, राकेश चैम्पियन करनाल, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मनीष राणा लक्की, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सुखमणी ने मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान मुख्यातिथि समाजसेवी विनोद गर्ग ने खिलाडियों से परिचय करके फाइनल मैच का शुभारंभ किया। समासेवी विनोद गर्ग ने ओलंपिक डे की हाकी प्रतियोगिता में प्रथम आने वाली अमन इलेवन, दूसरे स्थान पर रजत इलेवन, तीसरे स्थान पर नसीब इलेवन व चौथे स्थान पर आने वाली विपुल इलेवन को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके अलावा कनिष्क, गौरव व तानिश को वेस्ट प्लेयर का अवार्ड देकर सम्मानित किया। इतना ही नहीं ओलंपियन हॉकी खिलाड़ी सुरेंद्र कुमार पालड़ को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हॉकी कुरुक्षेत्र एसोसिएशन की तरफ से अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मनीष राणा लक्की व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सुखमणी को भी सम्मानित किया गया।

# सड़क हादसे में गांव दौलतपुर के जेई हेमराज की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला(मनीष कुमार)** गांव बिन्जलपुर बस अड्डा के पास सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान हेमराज निवासी गांव दौलतपुर के रूप में की गई है। गांव खान अहमदपुर निवासी मनजिन्द्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बिजली विभाग में काम करता है और जेई हेमराज की बिन्जल पुर के नजदीक टैक्टर ट्राली की चपेट में आने से मौत हो गई। वह दफतर से छुटी कर घर जा रहा था तभी जब वह बिन्जल पुर के पास पहुंचा तो उसके मौटर साईकिल ने टैक्टर ट्राली ने टक्कर दे मारी।

# अंशी के जन्म दिन पर 455वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** पुलिस सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, रक्तदान के लिए राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता, शतकवीर डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा अंशी के जन्मदिन पर 455वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया और स्वयं भी 158वीं बार रक्तदान। शिविर में कृषि अधिकारी डॉ. विनोद कुमार वर्मा और सेवानिवृत मुख्य तकनीकी अधिकारी समाजसेवी नरेश सैनी मुख्यातिथि के रूप में पधारे हुए थे जबकि डॉ. अरुण कुमार एवं डॉ. नीतू बाला की अध्यक्षता में यह शिविर आरम्भ हुआ। शिविर



संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने 158वीं बार रक्तदान करते हुए कहा कि पश्चिमी सभ्यता की और आकर्षित युवा पीढ़ी को अपने जन्मदिन और हर्ष के अवसर पर समाज के लाभ के कार्य करने चाहिए। रक्तदान, भोजन वितरण, पौधारोपण, गौ सेवा और अनेक ऐसे कार्य हैं जो हमे जन्म दिन पर करने चाहिए। अंशी के पिता डॉ. अरुण धीमान ने 24वीं बार रक्तदान किया। मुख्यातिथि पधारे समाजसेवी नरेश सैनी ने कहा कि रक्तदान और अन्न दान सबसे बड़ा दान होता है और यह हमारे जीवन में अनेक प्रकार से खुशियां लेकर आता है। कृषि अधिकार डॉ. विनोद कुमार वर्मा ने स्वयं रक्तदान करते हुए कहा कि वे नियमित रक्तदाता हैं और रक्तदान करके उन्हें बहुत प्रसन्नता मिलती है। अधिवक्ता बलिंदर पाल ने 42वीं बार रक्तदान करते हुए कहा कि रक्तदान सभी को करना चाहिए। शिविर में इन्होंने किया रक्तदान मलकीत सिंह, सितेंद्र कुमार, डॉ अशोक कुमार वर्मा 158वीं बार, डॉ अरुण धीमान 24वीं बार, प्रीतम सिंह, हिमांशु, विनोद कुमार, जय कुमार, डॉ विनोद कुमार वर्मा अनेक बार, साहिल आहुजा, पंकज शर्मा, मोहित, राज कुमार, बलिंद्र पाल, प्रशांत आदि।

# इजी लोन देकर ठगी करने वाली एप्स से रहें दूर: एसपी

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला(मनीष कुमार)** साईबर ठगों से बचने के लिए एसपी अम्बाला ने लोगो को सतर्क करते हुए कहा कि सस्ते में कर्जा देने के नाम पर साईबर ठग लोगों को अपना निशाना बना रहे है, इसके साथ ही जब लोग उनसे लोन लेते है तो उनसे वह बढ़े हुए ब्याज दर पर वसूली करते है, इसके साथ ही अगर लोन लेने वाला किस्त देना भूल जाता है तो उसे वह ब्लैकमेल करके परेशान करना शुरू कर देते है। ठग सस्ते पर कर्ज देकर ठगी करने वाले साईबर ठग उन लोगों को टारगेट करते हैं जिनका क्रैडिट कार्ड रिर्पोट और



सिबल स्कोर काफी कम होता है जिसके चलते उन्हें कंही से भी लोन नहीं मिल रहा होता है। ऐसे लोगों का यह डाटा इक्टठा करते है इसके बाद यह उन्हें यह कॉल सैन्टर के माध्यम से कॉल करके सस्ते में लोन देने का झांसा देते है और कई गुणा ब्याज लेते है और

**8 यूपीए लोन, गोल्मैन पे बैंक, हैंडी लोन, रूपीकिंग, एमआई रूपे, वन लोन कैश एनी टाईम होने के मामले बढ़े**

ब्याज न देने पर उनकी निजी फोटोज सार्वजनिक करने की धमकी भी देते है। यूपीए लोन, गोल्मैन पे बैंक, हैंडी लोन, रूपीकिंग, एमआई रूपे, वन लोन कैश एनी टाईम, एक्सप्रैस लोन, रूपी लोन, स्पी स्टार, स्माल लोन, अपना पैसा जैसे लोन शामिल है। ऐसे इस्टैंट लोन देने वाले एप्प के जरिए साईबर क्राईम होने के मामले बढ़े है।

# '1 जुलाई से 6 अगस्त तक विधायकों को प्रदर्शन करते हुए सौंपेंगे मांगपत्र'

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )**कर्मचारियों के लम्बित मांग मुद्दों को लेकर आगमी आंदोलन की रूपरेखा तय करने हेतु सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा जिला कमेटी कुरुक्षेत्र की कार्यकारिणी की विस्तारित मीटिंग पब्लिक हेल्थ स्थित यूनियन कार्यालय में की गई। मिटिंग की अध्यक्षता जिला प्रधान ओमप्रकाश ने की व संचालन जिला सचिव संदीप नरवाल ने किया। ओमप्रकाश ने बताया कि 1जुलाई से 6 अगस्त तक प्रदेश के सभी विधायकों को मांगपत्र देने की कड़ी में 8 जुलाई को थानेसर 15 को पेहवा,22 को लाडवा व 29 जुलाई को शाहबाद के विधायक को उनके आवासों पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए





कर्मचारियों के लम्बित मांग मुद्दों पर जवाब मांगा जायेगा और 9-10 अगस्त को ट्रेड यूनियनों के साथ सयुक्त रूप से जिला मुख्यालय पर 24 घंटे का पड़ाव डाला जायेगा।
राज्य कमेटी की तरफ से राज्य उप प्रधान सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं मकैनिकल वर्करस यूनियन रजि नं 41 के राज्य महासचिव जरनैल सिंह ने बोलते हुए कि प्रदेश सरकार लगातार यूनियनों के द्वारा किए जा रहे आंदोलनों की अनदेखी कर रही है ।जिसके कारण कर्मचारियों में भारी रोष है। पुरानी पेंशन की बहाली, कच्चे कर्मचारियों को नियमित करना, कौशल रोजगार निगम को भंग करना, विभागों की पुरानी वेतन विसंगतियों का समाधान करना जो कि सरकार की नीतियों के कारण और ज्यादा बढ़ती ही जा रही हैं आदि मांगों का समाधान तुरंत करने की जरूरत है परन्तु विभागीय संगठनो के द्वारा इन मांगों को लेकर किए जा रहे आंदोलन के प्रति सरकार का रूख सुनवाई न करने का बना हुआ है। सुनकर मांगों का समाधान करने की बजाय सरकार दमनात्मक कार्रवाई कर रही है। कर्मचारियों की मांग न होने के बावजूद भी जबर्दस्ती कच्चे कर्मचारियों को कौशल रोजगार निगम में भेजा जा रहा है। विभागों में अनियमित कर्मचारियों की संख्या लाखों में पहुंच गई है। जिनके न तो वेतन ही पर्याप्त हैं, ना ही किसी प्रकार की नौकरी की सुरक्षा की गारन्टी है, ना ही उनको किसी प्रकार के भत्ते व अन्य लाभ दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के द्वारा नियमितीकरण की कोई नीति नहीं बनाई गई है। सरकार ऐसी नीति बनाएं जिसमें 2 साल से कार्यरत सभी प्रकार के कच्चे कर्मचारी नियमित हो सकें। सभी प्रकार के

# पीएम मोदी के नेतृत्व की दुनिया कायल : अनुराग

## अमेरिका की संसद में मोदी-मोदी के नारों की गूंज से हर भारतीय हुआ आनंदित: धनखड़





**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**केंद्रीय मंत्री** अनुराग ठाकुर से पहले करनाल लोकसभा की पानीपत रैली को संबोधित करते हुए हरियाणा बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस ने सदा देश को नीचा दिखाने की कोशिश की थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन 9 सालों में विदेशों में देश का मान बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की संसद में जो मोदी-मोदी का नारा सुना उससे हर भारतवासी का दिल खुश हो गया, यही बदलता हुआ भारत है। अमेरिका की दो रातें सभी ने देखी जिससे हर भारतवासी गदगद हो गया, मन आनंद से भर गया। अमेरिका की संसद में अमेरिकी सांसदों द्वारा मोदी के भाषणों पर बार-बार ताली बजाकर सम्मान देने की घटना को भी प्रदेश अध्यक्ष ने भारत के लिए गौरव की बात बताई। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि पीएम मोदी ने अमेरिका वालों को डिजिटल के बारे में भी बता दिया कि मोदी सरकार में एक बटन दबाते ही करोड़ों किसानों के खातों में कैसे सम्मान निधि भेज दी जाती है। दक्षिणी अफ्रीका में जितने बैंक खाते नहीं होंगे उससे ज्यादा जन-धन खातों में राशि ट्रांसफर कर दी जाती हैं। आस्ट्रेलिया की जितनी आबादी उतनी संख्या में लोग भारत की ट्रेनों में सफर करते हैं। कैसे अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडेन प्रधानमंत्री का हाथ पकड़कर ले गए यह नजारा हम सभी ने देखा जिससे मन आनंदित हो गया। कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए धनखड़ ने कहा कि उनके समय में जूता उतरवाकर तलाशी ली जाती थी, तब हमें शर्म महसूस होती थी। आज हम बदलते भारत को देख रहे हैं कि कैसे विदेशों के राष्ट्राध्यक्ष मोदी के सम्मान में खड़े होते हैं, पैर छूते हैं और गले मिलते हैं। आस्ट्रेलिया का राष्ट्राध्यक्ष मोदी को बॉस बोल रहे हैं। यही बदलता हुआ भारत है। श्री धनखड़ ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व का ही करिश्मा था कि रूस व यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को बीच में रुकवाकर देश के छात्रों को सकुशल भारत लाया गया। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। वसुदैव कुटुम्बकम की नीति पर चलने वाले प्रधानमंत्री मोदी के आदर में दुनिया के नेता सिर झुका रहे हैं। ब्राजील का राष्ट्रपति भगवान हनुमान जी की फोटो ट्वीट कर रहे हैं। यह सब बातें प्रत्येक भारतीय को गर्व से भर देती है। धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भारत की संस्कृति और विरासत को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। अमेरिका में सहस्त्र चंद्र के दर्शन मोदी ने राष्ट्रपति बाइडेन को करा दिए, ये गौरव के पल हम सभी के लिए आनंददायी हैं। मोदी के करिश्माई नेतृत्व पर बोलते हुए धनखड़ ने कहा कि रूस और यूक्रेन का युद्ध रूकवा कर अपने नागरिकों और छात्रों को सकुशल भारत लाना यही बदलते हुए भारत की ताकत है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 9 सालों में भारत आत्मनिर्भर होने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### भारत का मान बढ़ा

= कैसे विदेशों के राष्ट्राध्यक्ष मोदी के सम्मान में खड़े होते हैं, पैर छूते हैं और गले मिलते हैं

# बीजेपी के विरुद्ध एकजुट नहीं हो पाएगा विपक्षः अरविंद शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**
**हरियाणा के** रोहतक से सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने विपक्ष की बैठक पर तंज कसा। कहा कि विपक्ष ने भाजपा के खिलाफ मीटिंग की है, लेकिन क्या वह खरी उतरेगी। विपक्षी पार्टियां भाजपा के विरुद्ध एकजुट नहीं हो पाएंगी। उन्होंने कहा कि कितना भी विपक्ष इकट्ठा हो जाए, लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी के सामने कोई विपक्ष टिक नहीं सकता। विपक्षी पार्टियां अपने एरिया में कांग्रेस को चुनाव लड़ने से मना कर रहे हैं, तो कांग्रेस कहां चुनाव लड़ेगी। ऐसे में उनकी एकजुटता कहां रह जाती है। सांसद ने पत्रकारों से बात करते हुए जल्दी चुनाव होने के सवाल पर कहा कि चुनाव आयोग सभी रिपोर्ट देखकर चुनाव की तारीख तय करता है। सरकार को भी चुनाव की जल्दी नहीं है और न ही ऐसी कोई बातें हैं कि समय से पहले चुनाव हो। साथ ही उन्होंने कहा कि जब से सरकार बनी है। भाजपा उसी दिन से चुनावी मोड में है।


**दसों सीटों पर होगी जीतः** सांसद ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष अब भाजपा को हराने के लिए रास्ते ढूंढ रहा है। लेकिन भाजपा पूरी तरह मजबूत है। हरियाणा में फिर से भाजपा पूरी मजबूती के साथ दसों सीट पर जीत हासिल करेगी। पीएम मोदी के नेतृत्व में सभी लोगों का विकास किया जा रहा है।

### दावा

= कितना भी विपक्ष इकट्ठा हो जाए, लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी के सामने कोई विपक्ष टिक नहीं सकता

# 'अनियमित कॉलोनियों को नियमित करने के लिए अब आरडब्ल्यूए की शर्त की नहीं होगी जरूरत'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने घोषणा की कि अनियमित कॉलोनियों को नियमित करने के लिए अभी तक रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की शर्त होती थी, लेकिन अब से आरडब्ल्यूए की आवश्यकता नहीं होगी। कॉलोनी का कोई भी व्यक्ति कॉलोनी को नियमित करने के लिए आवेदन करेगा तो उसे अप्रूव कर दिया जाएगा। मनोहर लाल ने कहा कि सभी 88 शहरी स्थानीय निकायों में सर्वे के आधार पर शहरों में लगभग 46 लाख प्रॉपर्टी आई.डी. बनाई गई हैं। इन प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित जो भी त्रुटियां हैं, उन्हें आगामी एक माह में अधिक से अधिक कैंप लगाकर दुरुस्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री आज यहां सीएम की विशेष चर्चा कार्यक्रम के तहत ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रॉपर्टी आई.डी. के



लाभार्थियों के साथ सीधा संवाद कर रहे थे। संवाद के दौरान लाभार्थियों ने प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित कठिनाईयों को दूर करने और पूरी प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। लाभार्थियों ने कहा कि पहले रजिस्ट्री करवाने और प्रॉपर्टी आईडी लेने के लिए भी कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते थे, लेकिन सारी प्रक्रियाओं के ऑनलाइन होने से हम लोगों को बड़ी राहत मिली है और आज घर बैठे ही प्रॉपर्टी आईडी प्राप्त कर रहे हैं। मनोहर लाल ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने वर्ष 2018 में सर्वे शुरू किया था। इस सर्वे के आधार पर लगभग 46 लाख प्रॉपर्टी आई.डी. बनाई गई हैं। इनमें से नियमित कॉलोनियों में 36 लाख संपत्तियां पाई गई और अनअप्रूव्ड एरिया या अनियमित कॉलोनियों में 10 लाख संपत्तियां पाई गई। इन प्रॉपर्टी आई.डी. को नवंबर, 2022 में पोर्टल पर अपलोड किया गया, ताकि संपत्ति मालिक स्वयं अपनी प्रॉपर्टी आईडी को सत्यापित कर सके। हांलांकि केवल 1.50 लाख प्रॉपर्टी मालिकों ने ही प्रॉपर्टी आईडी को सत्यापित किया।

मनोहर लाल ने कहा कि प्रॉपर्टी आई.डी. के विवरण में कुछ सम्पत्तियों की आई.डी. में त्रुटियां पाई गई, इस कारण सम्पत्ति धारकों द्वारा आपत्तियां दर्ज करवाई गई।

# कांग्रेस की बैठकः बाबरिया के सामने ही हंगामा

## सैलजा बीच में ही निकलीं, समर्थकों ने भावी सीएम के लगाए नारे




**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** कांग्रेस की अहम बैठक शुरू हो चुकी है। पार्टी के नए प्रभारी दीपक बाबरिया के साथ मंच पर हरियाणा कांग्रेस के सभी चेहरे एक साथ बैठे हुए दिखाई दिए। हालांकि बीच में ही पार्टी की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा बीच में ही बैठक से निकल गईं। इस दौरान समर्थकों ने उनके नाम के भावी सीएम के नारे भी लगाए। कुमारी सैलजा ने कहा कि यहां तो सभी नेता सीएम हैं। यह कोई बड़ी बात नहीं है। उन्होंने बताया कि उनका कार्यक्रम से पहले से ही तय था, कुछ जरूरी काम है, इसलिए उन्हें जाना पड़ रहा है। हालांकि मीटिंग के दौरान उन्होंने अपनी पांच मांगों का एक प्रस्ताव पार्टी प्रभारी को सौंपा है। बैठक जब शुरू हुई तो दीपक बाबरिया के साथ कांग्रेस के सभी नेता मंच पर एक साथ दिखाई दिए। इसके बाद जब दीपेंद्र हुड्डा ने संकल्प पत्र पढ़ तो दूसरे समर्थकों ने नारेबाजी शुरू कर दी।

**हरियाणा कांग्रेस की बैठक में हुआ हंगामाः** प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी दीपक बाबरिया की अध्यक्षता में बैठक के दौरान हंगामा भी हुआ। दरअसल, बैठक के दौरान एक नेता के नारे लगाए जा रहे थे और इसी को लेकर खूब हंगामा हुआ। इसी दौरान कुमारी सैलजा ने खड़े होकर सोनिया गांधी और दीपक बाबरिया के नारे लगवाए। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भी कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारे लगवाए।

**सैलजा के बोलते ही शुरू हो गई नारेबाजीः** हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुमारी शैलजा के संबोधन के साथ ही जमकर नारेबाजी हुई। इस पर उन्होंने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हर कोई यहां भावी मुख्यमंत्री के नारे लगाता है। नारेबाजी कोई नई चीज नहीं है। वहीं, दीपेंद्र हुड्डा के संकल्प पत्र पर शैलजा ने तीखी प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने कहा कि यह संकल्प पत्र कांग्रेस का नहीं है, कांग्रेस का मेनिफेस्टो कांग्रेस मेनिफेस्टो कमेटी बनाती है। वहीं, संगठन को लेकर उन्होंने कहा कि अभी तक पार्टी का संगठन न बनना बहुत बड़ी कमी है। अब नए प्रभारी आए हैं, तो जल्द ही धरातल पर संगठन का निर्माण किया जाएगा।

### गुटबाजी

= बीच में ही पार्टी की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा बीच में ही बैठक से निकल गईं

# फर्जी दस्तावेजों पर बेटे को बनाया एलआईसी एजेंट, मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
**एलआईसी** में विकास अधिकारी बाप ने बेटे को फर्जी कागजात के आधार पर एलआईसी का एजेंट बनवा दिया। बेटे को ग्रामीण क्षेत्र से दी गई एलआईसी एजेंसी के कागजात में उसके गांव में रहने के कोई सबूत या कागजात नहीं है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने एडवोकेट मोहन शर्मा की शिकायत पर प्रिंस गोयल, उसके पिता एनडी गोयल व जीजा वैभव मित्तल के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। तीनों के खिलाफ अदालत ने पुलिस को एफ आई आर दर्ज करने के आदेश दिए थे। अदालत में की गई शिकायत में मोहन शर्मा ने बताया कि साल 2014 में निरंजन दास गोयल एलआइसी में विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत था। उस समय गोयल ने अपने जमाई वैभव के साथ मिलकर अपने बेटे प्रिंस को एलआइसी का एजेंट बना दिया था।






## न्यूज फ्लैश

### अब रोजगार की टेंशन खत्म रोजगार की गारंटी के लिए एंथम इंटरनेशनल स्कूल निगदू में खुला रोजगार सृजन केंद्र



२२रोजगार की गारंटी की बात केवल किताबों में सुनी और वक्तव्यों में कही जाती हैं, लेकिन इस बार रोजगार की गारंटी की बात हकीकत में सच होती प्रतीत हो रही है। इस कड़ी में एंथम इंटरनेशनल स्कूल निगदू और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के बीच युवाओं को रोजगार व प्रशिक्षण देने के लिए रोजगार सृजन केंद्र शुरू किया गया है। इसमें स्टूडेंटस व युवाओं को रोजगार के साथ-साथ, महिला व पुरुष सभी को प्रशिक्षण पूरा करने पर रोजगार की गारंटी भी दी जाएगी। यदि किसी कारणवश रोजगार नहीं मिल पाया तो उस स्टूडेंट को ट्रेनिंग की फीस वापस मिल जाएगी। प्रधानमंत्री कौशल रोजगार योजना के तहत एंथम इंटरनेशनल स्कूल निगदू ने सरकार यानी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के साथ मिलकर समय की सबसे बड़ी मांग रोजगार सृजन के तहत ये कार्य शुरू किया गया है। हर कोर्स में दाखिला पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जा रहा है। आठवीं पास से लेकर मास्टर डिग्री तक सभी को उनकी योग्यता के अनुसार प्रशिक्षण दिए जाएंगे। इसमें 20 घंटे से लेकर एक वर्ष तक के ट्रेनिंग कोर्स होंगे। एंथम इंटरनेशनल स्कूल निगदू में इस संदर्भ में सभी तरह की जानकारी उपलब्ध है। स्किल रोजगार के अंतर्गत कंप्यूटर लेंग्वेज, सीए अकाउंट, टैक्सेएशन डिप्लोमा, सर्टिफिकेट कोर्सिज, जीएसटी टेली एक्सपर्ट, आफिस ऑटोमेशन, ग्राफिक डिजाइनिंग रिटेल, डिजिटल मार्केटिंग, वेब डिजाइनिंग, ड्रान ऑपरेटिंग सर्टिफिकेट व स्पोकन इंग्लिश आदि कई विषयों के कोर्स चलाने के लिए रोजगार सृजन केंद्र की स्थापना की गई है। एंथम इंटरनेशनल स्कूल निगदू के चेयरमैन व एसपी चौहान द स्ट्रगलिंग मैन के असल नायक एसपी चौहान ने बताया कि बच्चों के भविष्य को देखते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने व स्कूल में पढ? वाले बच्चों को पढ़ाई के साथ कमाने की सोच पैदा करने एंथम इंटरनेशनल स्कूल निगदू ने कुरुक्षेत्र विश्ववद्यालय के साथ मिलकर रोजगारपरक कोर्स शुरू किए हैं। एंथम रोजगार सृजन केंद्र से कोर्स करने के बाद स्टूडेंटस को प्रमाण पत्र तो दिया जाएगा ही।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर सिंह
(मो. नं. : 94162 71181)

# नशा मुक्ति दिवस पर कार्यक्रम राजकीय मेडिकल कॉलेज में 26 जून को

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर 26 जून को प्रातः 11 बजे करनाल के कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सभागार में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में हरियाणा के महामहिम राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय मुख्यातिथि के तौर पर शामिल होंगे। महामहिम राज्यपाल जिला नागरिक अस्पताल स्थित मॉडल नशा मुक्ति केंद्र का भी निरीक्षण करेंगे और नशा मुक्ति केंद्र का लाभ ले रहे मरीजों से बात भी करेंगे।

एसडीएम अनुभव मेहता ने आज लघु सचिवालय स्थित सभागार में राज्य स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। बैठक के उपरांत एसडीएम अनुभव मेहता और सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण विभाग के संयुक्त



निदेशक नवदीप सिंह ने कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज के सभागार का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

एसडीएम ने कहा कि नशा आज विकट समस्या बनकर हम सबके सामने खड़ा है । हमारे आस पास कहीं ना कहीं इसका प्रयोग देखने व सुनने को मिल रहा है और बड़ी संख्या में युवा इसकी गिरफ्त में आ रहे हैं। अधिक से अधिक युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे पता चले, इसके लिए उन्हें इस राज्य स्तरीय नशा मुक्ति कार्यक्रम से जोडने की जरूरत है।

युवाओं की सहभागिता इस कार्यक्रम में सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न शिक्षण संस्थानों, नेहरु युवा केन्द्र तथा खेल विभाग की जिम्मेदारी लगाई गई है।

एसडीएम ने कहा कि नशा मुक्ति विषय पर उपस्थितजनों का ज्ञानवर्धन हो इसके लिए भी कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों व मनोचिकित्सकों को

> 8 अधिक से अधिक युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे पता चले, इसके लिए उन्हें इस राज्य स्तरीय नशा मुक्ति कार्यक्रम से जोडने की जरूरत है

आमंत्रित किया जाए। इसके अलावा उन्होंने कार्यक्रम की सफलता को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर डीएसपी सुभाष, जिला शिक्षा अधिकारी राजपाल चौधरी, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी राजबाला, जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिलौड़, नेहरू युवा केन्द्र से जिला युवा अधिकारी रेनू सिलग, उप सिविल सर्जन डॉ. सिम्मी कपूर, सचिव रेडकॉस कुलबीर मलिक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## एसवाईएल के नाम पर भाजपा-कांग्रेस करती आई हैं राजनीति : अनुराग ढांडा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने एसवाईएल के मुद्दे पर भाजपा-कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह दोनों सरकारें एसवाईएल के नाम पर राजनीति करती आई हैं और अब भी राजनीति कर रही हैं। पंजाब में तो अभी आप की सरकार आई। इससे पहले पंजाब में कांग्रेस की सरकार थी, तब एसवाईएल का पानी हरियाणा में क्यों नहीं लाया गया।

वह आज जिला के कस्बा असंध में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने सत्ता में आने से पहले वादा किया था, जो भारत का पानी पाकिस्तान में जाता है। सत्ता में आते ही सबसे पहले उसे बंद करूंगा, लेकिन अब तो सत्ता में भी आए हुए 9 साल हो चुके हैं। पीएम मोदी पाकिस्तान के दुश्मन नहीं दोस्त हैं, तभी तो आज तक पानी बंद नहीं किया पाकिस्तान का। हरियाणा में भी भाजपा की 9 साल से सरकार है। यहां पर क्यों एसवाईएल का पानी नहीं लाया गया। देश की जनता अब कांग्रेस-भाजपा की राजनीति को समझ चुकी है।

अनुराग ढांडा ने कहा कि हरियाणा में आम आदमी पार्टी विपक्ष का काम कर रही है। हर मुद्दे को हम उठा रहे हैं, जबकि यह काम कांग्रेस को करना चाहिए था। उन्होंने कहा कि असंध को जिला बनाने की सिफारिश करने के लिए विपक्ष नाम की कोई चीज नहीं है। आम आदमी पार्टी ही विपक्ष की भूमिका निभा रही है।

## साइप्रस भेजने के नाम पर करीब नौ लाख की ठगी, 1 अरेस्ट

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** थाना तरावडी की टीम द्वारा साइप्रस भेजने के नाम पर करीब नौ लाख रुपए की ठगी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से एक लाख की नकदी बरामद की गई है। थाना तरावडी की टीम द्वारा आरोपी अमित पुत्र बलदेव वासी साबहापुर जिला यमुनानगर को तरावड़ी से गिरफ्तार किया गया। जांच में खुलासा हुआ कि इस वारदात का मुख्य आरोपी नरेन्द्र वासी कैहरवा है, जो कि वह आरोपी अमित का साला है। बाकी आरोपियों के खातों में उनसे पैसे डलवाकर अपने पास मंगवा लिए। आरोपी देवेन्द्र पिछले करीब पांच-छह साल से साईप्रस में ही रहा है और बाद में उसकी पत्नी सोनी देवी भी साईप्रस में ही उसके पास चली गई थी। इस मामले में आरोपी अमित ने भी शिकातयकर्ता से देवेन्द्र के कहने पर अपने खाते में पैसे जमा करवाए थे। आरोपी अमित के कब्जे से एक लाख की नकदी बरामद की गई है। इस संबंध में शिकायतकर्ता कोमल वासी शामगढ़ जिला करनाल ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक शिकायत देते हुए बताया कि आरोपियान नरेन्द्र पुत्र जय किशन, सोनी देवी पत्नी नरेन्द्र व जय किशन पुत्र मेहर सिंह वासियान कैहरवा जिला करनाल, अमित पुत्र बलदेव सिंह वासी सहबापुर जिला यमुनानगर व विक्रम पुत्र शेर सिंह वासी शामगढ़ जिला करनाल द्वारा मिलीभगत करके शिकायकर्ता व उसके पति गुलशन को साइप्रस देश भेजने के नाम पर दिसम्बर 2021 से सितम्बर 2022 तक 8 लाख 85 हजार 24 रुपए की धोखाधड़ी की गई। आरोपियों द्वारा अकेली शिकायतकर्ता का ही वीजा लगवाया गया।

## एसपी ने थाना का निरीक्षण कर किया कार्य का अवलोकन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **पुलिस** अधीक्षक करनाल शशांक कुमार सावन लगातार जिले में विभिन्न थानों का निरीक्षण कर रहे हैं और थाना क्षेत्र के आमजन से मीटिंग कर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं। साथ ही आमजन से वातार्लाप कर पुलिस कार्यवाही व डायल 112 की सेवा के बारे में भी लोगों का रिव्यू ले रहे हैं।

इसी क्रम में आज सुबह पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना सदर का दौरा किया गया। इस दौरान उन्होने एरिया के प्रयवेक्षण अधिकारी, थाना प्रबंधक, थाने के तमाम अनुसंधान अधिकारियों व अन्य पुलिस कर्मचारियों की मीटिंग ली। इस मीटिंग के माध्यम से उन्होंने एक-एक करके लम्बित मामलों व शिकायतों के बारे



चर्चा की और लम्बित मामलों व शिकायतों को बिना देरी के निपटान करने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने थाने की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी हासिल की, थाने में साफ. सफाई का निरीक्षण किया और प्रत्येक कार्य को निश्चित समय में करने व रिकॉर्ड को दुरूस्त रखने के संबंधितों को निर्देश दिए। साथ ही पुलिस कर्मचारियों के लिए सुविधाओं को और बेहतर बनाने के बारे में भी चर्चा की गई।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना क्षेत्र के लोगों के साथ भी मीटिंग की। उन्होंने लोगों के साथ मीटिंग कर थाने के पुलिस कर्मचारियों द्वारा आमजन के साथ किया जाने वाला व्यवहार, किसी मामले में पुलिस कर्मचारी किस तरीके से कार्य करता है, मामले में निष्पक्ष जांच होती है या नहीं, डायल 112 का रिस्पॉन्स टाईम, डायल 112 पर तैनात पुलिस कर्मचारियों का आमजन के साथ व्यवहार बारे में मीटिंग में मौजूद लोगों से सवाल जबाव किए गए। इस दौरान लगभग सभी लोगों ने संतोषजनक जबाव दिए।

साथ ही पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिला पुलिस चौबीस घंटे आपकी सेवा में तत्पर है।

किसी भी समय पुलिस की जरूरत महसूस होने पर डायल 112, नजदीकी पुलिस थाना, पुलिस चौकी व जिला पुलिस के नियंत्रण कक्ष नम्बर 0184-2208222, 23 पर सम्पर्क कर पुलिस सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

## बच्चे का अपहरण का प्रयास व जान से मारने की धमकी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **जिला** पुलिस करनाल के थाना सदर के अंतर्गत आने वाली पुलिस चौकी जुण्डला की टीम ने बच्चे का अपहरण करने का प्रयास करने व असफल होने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीम द्वारा गत दिवस आरोपी अभिषेक पुत्र राजपाल वासी गांव जुण्डला जिला करनाल को विश्वसनीय सूचना पर जुण्डला से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ व अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच में खुलासा हुआ कि शिकायतकर्ता की



पत्नी कुछ समय पहले अपने पति से नाराज होकर अपने मायके चली गई थी। वह अपने बेटे को अपने पास बुलाना चाहती थी। उसने अपने बेटे को अपने पास बुलाने के लिए फरार आरोपी गौरव वासी जुण्डला से सम्पर्क किया। इसके बाद आरोपी गौरव ने आरोपी अभिषेक के साथ मिलकर बच्चे को उठाकर उसके उसकी मां के पास पंहुचाने की योजना बनाई, लेकिन आरोपी अपने इस प्रयास में नाकामयाब रहे। आरोपी अभिषेक के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल मोटरसाईकिल बरामद कर ली गई है। इस वारदात के संबंध में प्रवीन कुमार वासी जुण्डला ने पुलिस चौकी जुण्डला में एक शिकायत देते हुए बताया कि 18 जून को वह अपनी माता व दो वर्षीय बेटे के साथ बटोडा का काम करने गया था।

## पानीपत रैली के लिए रामनगर मंडल से पहुंचे सैकड़ों कार्यकर्ता

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** पानीपत में आयोजित होने वाली गौरवशाली भारत करनाल लोकसभा रैली के लिए करनाल से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता रवाना हुए। गौरवशाली भारत के मोदी सरकार के 9 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के कार्यों के उपलक्ष्य में यह रैली अनाज मंडी पानीपत में आयोजित की जा रही है। करनाल विधानसभा के रामनगर मंडल भाजपा के अध्यक्ष राजेश अग्घी के नेतृत्व में कार्यकर्ता रवाना हुए। 6 गांवों व 4 वार्डों से ज्येष्ठ श्रेष्ठ सैकडों की संख्या में कार्यकर्ता बसों वा कारों में पहुंचे।

## वाहन चोरी में दो आरोपी काबू, पांच मोटरसाइकिलें बरामद



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** एंटी ऑटो व्हीकल थेफ्ट टीम द्वारा वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के कब्जे से पांच मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। एंटी ऑटो व्हीकल थेफ्ट की टीम द्वारा आरोपी लखन पुत्र भीम सिंह वासी दिल्ली चुंगी घरौंडा जिला करनाल व रिंकू उर्फ काला पुत्र ओम प्रकाश वासी किला कालोनी घरौंडा जिला करनाल को विश्वसनीय सूचना पर आवर्धन नहर से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से पूछताछ व अन्य विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर की गई जांच में खुलासा हुआ कि आरोपियों द्वारा आरोपियों ने वर्ष 2021 में थाना सेक्टर 32-33 के एरिया से एक मोटरसाईकिल, वर्ष 2023 में थाना सिविल लाईन व थाना घरौंडा के एरिया से मोटरसाईकिल चोरी की दो-दो वारदातों को अंजाम दिया गया था। आरोपियों के कब्जे से पांचों मामलों में चुराई गई पांच मोटरसाईकिलें बरामद की जा चुकी हैं। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी ज्यादातर पार्को के पास खडी मोटरसाईकिलो को निशाना बनाते हैं और रैकी कर चोरी करके मौका से फरार हो जाते हैं। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी आदतन अपराधी हैं। आरोपी नशा पूर्ति व अय्यासी करने के लिए रुपए कमाने हेतु मोटरसाईकिल चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं। आरोपी लखन के खिलाफ पहले चोरी के तीन मामले व आरोपी रिंकू के खिलाफ मोटरसाईकिल चोरी के चार व आबकारी अधिनियम के करीब 6 मामले दर्ज हैं। इनमें से कई मामलों में आरोपी फिलहाल जमानत पर बाहर चल रहे थे।

## फोन स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले तीन गिरफ्तार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जिला पुलिस की सीआईए वन की टीम द्वारा स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाते हुए मोबाइल फोन स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल पल्सर मोटरसाइकिल और छीना गया मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया है।

पुलिस टीम ने गत दिवस आरोपी अंकित पुत्र पाला राम, पुनित पुत्र प्रेमचंद व अरूण पुत्र सुभाष वासियान बडी मार्किट मॉडल टाउन करनाल को विश्वसनीय सूचना के आधार पर महात्मा गांधी चौक करनाल से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा खुलासा किया गया कि वह नशा करने के आदी हैं और नशा पूर्ति व रुपए कमाने के लिए चोरी व स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देते हैं। जांच में यह



भी खुलासा हुआ कि आरोपी अंकित व पुनित के खिलाफ पहले भी चोरी के करीब तीन-तीन मामले दर्ज हैं। आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल एक पल्सर मोटरसाईकिल व छीने गए मोबाइल फोन को बरामद किया गया है।

इस वारदात के संबंध में शिकायतकर्ता अरशद खान वासी सुल्तानपुर जिला करनाल ने थाना सिविल में एक शिकायत देते हुए बताया था कि 19 फरवरी 2023 को वह अपने काम से सण्डे मार्किट सेक्टर-12 करनाल में आया था। उसी समय एक मोटरसाईकिल पर तीन अज्ञात युवक आए और उसके साथ मारपीट करके चाकू दिखाकर उससे उसका मोबाइल फोन छीनकर मौका से फरार हो गए। इस संबंध में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ थाना सिविल लाईन में भारतीय दंड संहिता की धारा 379ए, 34 के तहत मामला दर्ज किया गया। सभी आरोपियों को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## 'इमरजेंसी की काली रात को याद कर रोंगटे खड़े हो जाते हैं'

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल । तत्कालीन प्रधानमन्त्री इंदिरा गांधी** द्वारा लगाई गई इमरजेंसी के विरोध में पूरे देश मे आंदोलन शुरू हुआ हरियाणा भी इससे अछूता नही रह ,विशेषकर अहीरवाल से विरोध की आवाज बुलंद करने वालो में तत्कालीन युवा नेता प्रो.रामबिलास शर्मा प्रमुख रूप से थे। आज भी उस इमरजेंसी की काली रात को याद कर रामबिलास शर्मा के रोंगटे खड़े हो जाते हैं ,अहीरवाल के बहुत से नेता जेल गए व पुलिस की बर्बरतापूर्ण यातनाओ को सहन किया व इसके विरोध में अपनी आवाज बुलंद की। 1975 में रामबिलास शर्मा जन संघ के संगठन महामंत्री थे। श्री प्रेमचंद जी गोयल प्रांत प्रचारक, डॉक्टर श्री अशोक गर्ग विभाग प्रचारक के निर्देशन में रामबिलास शर्मा रोहतक में सत्याग्रह का संचालन करते थे एक जत्था जिसमें लाला श्री अमरचंद,भगवान दास बंसल, श्री मदनलाल हरदोई, प्रोफेसर श्याम पसरिजा, जगदंबा प्रसाद, रमेश चंद्र सहीत लगभग 8 लोग शामिल थे कई दिन से गायब थे। इमरजेंसी के दौरान पुलिस ने ना इनकी कोई गिरफ्तारी दिखाई ना इन्हें किसी अदालत में पेश किया और अवैध रूप से पुलिस हिरासत में रखा गया। हरियाणा में सत्याग्रह बंद हो गया संगठन के प्रमुख लोगों की बैठक हुई और निर्णय लिया गया कि इन सत्याग्रह ही जत्थे को ढूंढा जाए व जेल भिजवाया जाए यह उस समय नाहड़ झज्जर जिले में पुलिस चौकी में थे।

## 'विदेश जाने के लिए केवल अधिकृत एजेंट से ही करें सम्पर्क'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **उपायुक्त** अनीश यादव ने आमजन विशेषकर युवाओं का आह्वान किया है कि वे शिक्षाए रोजगार व अन्य उद्देश्यों के लिए विदेश भेजने का प्रलोभन देकर धोखाधड़ी करने वाले अनाधिकृत ट्रैवल एजेंट एवं एजेंसियों से सावधान रहें। उन्होंने कहा कि लोगों को चाहिए कि वे सरकार की ओर से अधिकृत ट्रैवल एजेंट एवं एजेंसियों से ही विदेश जाने के लिए संपर्क करें और अच्छी तरह से पूछताछ कर लें। उपायुक्त ने बताया कि जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की ओर से लगातार समय.समय पर इस बारे लोगों को जागरूक एवं सावधान किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रायः देखने में आता है कि विदेश भेजने के नाम पर लोगों से पैसे ठगने वाले एजेंट पंजीकृत नहीं होते हैं। इसलिए ऐसे एजेंटों से आमजन को सावधान और सतर्क रहने की जरूरत है। ऐसे नकली या अनाधिकृत एजेंट विभिन्न प्रचार माध्यमों में अपना विज्ञापन प्रकाशित व प्रसारित करवाते हैं, जिससे आमजन उनके झांसे में आकर अपनी मेहनत की कमाईए अन्य संपत्ति या गहने इत्यादि गंवा बैठते हैं। उन्होंने कहा कि अनधिकृत एजेंट व एजेंसी विदेश जाने के इच्छुक व्यक्ति को लक्षित देश की बजाय किसी अन्य देश एवं जगहों पर भेज देते हैं। ऐसे अनेक मामलों में कई बार विदेश जाने वाले व्यक्ति की जान को भी खतरा हो जाता है। इसलिए ऐसे कबूतरबाज ट्रैवल एजेंट व एजेंसियों से सावधान रहें और सरकार की ओर से अधिकृत ट्रैवल एजेंट एवं एजेंसियों के माध्यम से ही विदेश जाने का प्लान बनाएं। उन्होंने बताया कि सरकार की और से अधिकृत ट्रैवल एजेंट एवं एजेंसियों की सूची जारी की हुई है।

**हरियाणा में अधिकृत एजेंटों की सूची :** उपायुक्त ने बताया कि विदेश में भेजने वाले प्रदेश में 24 अधिकृत एजेंट है।

इनमें अंबाला से एसआर ओवरसीज प्लेसमेंट ब्यूरो व मैसर्ज प्रत्यक्ष एचआर सॉल्यूशंस, फरीदाबाद में विजन रिक्रूटमेंट कंसलटेंटस, मैसर्ज न्यूरेस्ट इंडिया ओवरसीज एम्पलोयमेंट सर्विसिज, मैसर्ज टीटीएस ट्रांसवर्ल्ड मैनपॉवर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटिड, गुरुग्राम में स्कॉपलॉयस सिक्योरिटी एंड मैनपॉवर प्राइवेट लिमिटिड, एडीआई ओवरसीज, आईसीजी मैडिकल इंडिया प्राइवेट लिमिटिड, आर्टि ग्लोबल स्किल्ज रिक्रूटमेंट प्राइवेट लिमिटिड, वालसंस हैल्थकेयर प्राइवेट लिमिटिड, फॉयर फोर्च्यून ह्यूमन रिसोर्स कंसलटेंटस प्राइवेट लिमिटिड, इफान ग्लोबल इंडिया प्राइवेट लिमिटिड, साइमन कंसलटेंसी सर्विसिज व मैसर्ज लर्न अब्रोड, हिसार में सुपर प्लेसमेंट सर्विसिज, मैसर्ज ग्रामीण शिक्षा प्राइवेट लिमिटिड एवं मैसर्ज एमआरएसडी इंफोटेक सर्विसिज प्राइवेट लिमिटिड, जींद में अपोलो मैनजमेंट सर्विसिज, करनाल में वृंदा कंसलटेंटस, कुरुक्षेत्र में मैसर्ज हैप्पी स्काइवे ओवरसीज, पंचकुला में वर्ल्ड पैडल एवं जी एंड जी स्किल्स डिवलपर्स प्राइवेट लिमिटिड, पानीपत में वीजा वेबस तथा रेवाड़ी में स्टालियन इंटरनेशनल एचआर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटिड शामिल हैं।

आदर्श रसोई साल दूसरा - सप्ताह 13वां

# 'राकेश भारद्वाज चौक' पर धूमधाम से मनाया गया 'फादर्स डे'

## राकेश भारद्वाज चौक पर आदर्श रसोई ने फादर्स डे सेलिब्रेट किया, माला पहनाकर पदाधिकारियों ने किया अभिनंदन












**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आदर्श** नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले **"राकेश भारद्वाज चौक"** पर धूमधाम से फादर्स डे मनाया गया।

### आदर्श रसोई का एक साल रहा बेमिसाल

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के सबसे मशहूर और व्यस्ततम चौक **"राकेश भारद्वाज चौक"** पर क्षेत्र की सुप्रसिद्ध सामाजिक संस्था **"आदर्श रसोई"** ने साप्ताहिक रविवारीय कार्यक्रम को बड़े ही उत्साह, हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया। आदर्श रसोई अपने पदाधिकारियों की सेवा, समर्पण और निःस्वार्थ भावना से आज सामाजिक कार्यों में नए आयाम स्थापित कर चुकी है।




### आदर्श रसोई की टीम ने विधिवत रूप रिबन काटकर की आदर्श रसोई की शुरूआत

अपनी नई और नायाब पहल के लिए मशहूर आदर्श रसोई में इस बार भी कुछ अलग ही देखने को मिला। इस बार **"राकेश भारद्वाज चौक"** पर आदर्श रसोई की टीम ने रिबन काटकर आदर्श रसोई की विधिवत शुरूआत की। इस मौके पर आदर्श रसोई की पूरी टीम मौजूद रही। सभी पदाधिकारियों ने श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके पर पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया। वहीं, माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया गया। हर रविवार को राकेश भारद्वाज चौक पर लोगों का हुजूम देखने लायक होता है।

### क्या बोले मोहन गर्ग

इस विशेष मौके पर आदर्श रसोई के चेयरमैन मोहन गर्ग ने कहा कि **"राकेश भारद्वाज चौक"** पर आदर्श रसोई ने सफलतापूर्वक एक वर्ष पूरा किया है। आदर्श रसोई का सालाना कार्यक्रम अपने आप में सफलता का परचम लहरा चुका है। श्री गर्ग ने कहा कि आदर्श रसोई निरंतर और नियमित रूप से राकेश भारद्वाज चौक पर निस्वार्थ रूप से विशेष रविवारीय कार्यक्रम का बड़े ही नायाब ढंग से आयोजन करती है, जिसके सभी मुरीद हैं। सभी पदाधिकारियों का दिल की गहराईयों से अभिनंदन करता हूं। श्री गर्ग ने कहा कि मैं शुरू से ही आदर्श रसोई से जुड़ा हूं और आदर्श रसोई की कार्यप्रणाली से परिचित हूं और मुझे इस मंच से यह कहने में कोई झिझक नहीं होगी कि आदर्श रसोई के पदाधिकारी हर रविवारिय कार्यक्रम के लिए पूरी शिद्दत से कार्यकम को भव्य बनाने के लिए मेहनत करते हैं। इस सामाजिक कार्य के लिए आदर्श रसोई की पूरी टीम को दिल की गहराईयों से अभिनंदन और शुभकामनाएं। साथ ही फादर्स डे की शुभकामनाएं भी दीं।




### हर वक्त मौजूद है पिताजी का साथ, उनके विचार करते हैं प्रेरित: रवि भारद्वाज

आदर्श रसोई के संयोजक रवि भारद्वाज ने कहा कि आज सभी फादर्स डे मना रहे हैं। आज श्रद्धेय राकेश भारद्वाज यानी मेरे पिताजी जी की मौजूदगी नहीं हैं लेकिन वो जहां भी हैं उनका आशीर्वाद मेरे साथ है।
उनके दिखाएं हुए मार्ग पर चलने की हर संभव कोशिश करता हूं और जो नेक कार्य उन्होंने शुरू किया था, उसे अनवरत रूप से जारी रखने में आदर्श रसोई की पूरी टीम प्रयासरत है। सच्चे दोस्त, जिंदादिली इंसान और समाज के प्रति कुछ कर गुजरने की सोच उनको हम सबसे अलग बनाती थी। जो कुछ राकेश भारद्वाज जी ठान लेते थे उसको अमलीजामा पहनाकर ही दम लेते थे। आदर्श रसोई की नींव भी उन्हीं के सोच का नतीजा है।

### लजीज व्यंजनों से सजी थी आदर्श रसोई की थाली

आदर्श रसोई अपने नेक कार्यों के साथ-साथ स्वादिष्ट, विशेष थाली के लिए भी मशहूर है। इस रविवार विशेष रसोई का आयोजन किया गया। थाली में तंदूरी रोटी, छोले-कढ़ी, आलूमटर, अचार, सलाद, रायता उपलब्ध करवाया गया था। साथ ही सभी को आइसक्रीम भी परोसी गई।



# रेल मंत्री ने सहारनपुर में आम जनता के लिए किया विकास कार्यों का लोकार्पण

**विकास कार्य**

■ डीएफसीसी के मेरठ-सहारनपुर सेक्शन पर रोड ओवर ब्रिज का लोकार्पण किया





**टीम एक्शन इंडिया/सहारनपुर**
**रेल,** संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने आज सहारनपुर रेलवे स्टेशन का दौरा कर अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के माननीय राज्यमंत्री (लोक निर्माण विभाग), बृजेश सिंह, सहारनपुर नगर के माननीय विधायक राजीव गुम्बर और रामपुर मनिहारन के माननीय विधायक देवेन्द्र निम तथा क्षेत्र के अन्य संबंधित गणमान्य व्यक्तियों सहित उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चैधुरी, मंडल रेल प्रबंधक नई दिल्ली डिंपी गर्ग, मंडल रेल प्रबंधक अंबाला श्री मंजीत सिहं भाटिया तथा उत्तर रेलवे मुख्यालय, अंबाला और दिल्ली मंडल के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। अपने दौरे के दौरान रेल मंत्री ने 6.51 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित खलासी लाइन से ढमोला नदी तक 1340 मीटर लंबे स्टॉर्म वाटर सह सीवरेज पाइपलाइन का लोकार्पण किया। इस नई सीवरेज पाइपलाइन के चालू होने से सहारपुर स्थित वार्ड नंबर 12 की कॉलोनियों की ओर पानी के वापस बहने की बहुत पुरानी समस्या का समाधान हो गया है। पुराने नाले की क्षमता वर्तमान में इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए अपर्याप्त थी जिसका अब निराकरण हो गया है। इस कार्य के तहत पुराने आर्क ड्रेन को 1.6 मीटर व्यास वाले आरसीसी ह्यूम पाइप से बदल दिया गया है, जिससे जल निकासी क्षमता 1.82 गुना बढ़ गई है। गाद निकालने के साथ-साथ सफाई की सुविधा के लिए हर 25 से 30 मीटर की दूरी पर मैनहोल बनाए गए हैं। नाले के ऊपर एम 30 ग्रेड कंक्रीट से 550 मीटर रखरखावमुक्त सड़क बनाई गई है। नई ड्रेनेज पाइपलाइन के बनने से खलासी लाइन, नेहरू नगर, शारदा नगर, लेबर कॉलोनी में रहने वाली सहारनपुर की लगभग 30 प्रतिशत आबादी लाभान्वित होगी। उपरोक्त के अलावा, रेल मंत्री ने सहारनपुर स्थित टी-2 रेलवे कॉलोनी के समीप नव विकसित पार्क का उद्घाटन किया जिसमें किड्स जोन, योगा जोन और ओपन-एयर जिम की सुविधाएं उपलब्ध हैं। पार्क का कुल क्षेत्रफल 1500 वर्गमीटर है और इसे 14 पुराने अनुपयोगी रेलवे क्वार्टरों को तोड़कर 22.62 लाख रुपये की लागत से विकसित किया गया है।

# तेजस्वी के खिलाफ मानहानि का मामला, अहमदाबाद की मेट्रो कोर्ट में सुनवाई पूरी

**टीम एक्शन इंडिया/अहमदाबाद**
गुजरातियों को ठग कहने के मामले में बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के खिलाफ समन भेजने पर अहमदाबाद की मेट्रो कोर्ट में दोनों पक्षों की दलीलें पूरी हो गईं। शिकायतकर्ता की ओर से आज भी 5 गवाह पेश हुए। इस मामले में अब तक 10 गवाह पेश हो चुके हैं। वहीं, कोर्ट ने तेजस्वी यादव के बयान वाली सीडी की भी जांच करवा ली है। अब इस मामले में अगली सुनवाई 28 जून को होगी।

**गुजरात के व्यापारी हरेश मेहता ने दर्ज करवाया है मामला:** डिप्टी सीएम ने गुजरातियों को ठग कहा था। इसके बाद गुजरात के व्यापारी हरेश मेहता ने बयान पर आपत्ति जताते हुए केस दर्ज कराया था। कोर्ट ने इस केस में सुनवाई के लिए पहले 1 मई की तारीख तय की थी। जिसकी अगली तारीख 8 मई और उसके बाद 19 मई तय की गई थी।

दरअसल, बैंकों का पैसा लेकर भागे हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी का नाम इंटरपोल के 'रेड नोटिस' से हटा दिया गया। जिसके बाद बजट सत्र के समय तेजस्वी यादव ने पटना में कहा था कि वर्तमान में जो हालात हैं उसे देखा जाए तो सिर्फ गुजराती ही ठग होते हैं। उनको माफ भी कर दिया जाता है।
इस बयान के बाद अहमदाबाद के व्यापारी हरेश मेहता ने अपर मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट डीजे परमार की अदालत में तेजस्वी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।


MARUTi nandan printers
8 COLOUR WEB OFFSET MACHINE
Capacity : 36000 Copies per Hour
16 Broad Sheet Pages in One Go
THE PRINTING HUB
COMPLETE
C T P UNIT
BASYS PRINT

Corporate Office : A-15, G. T. Karnal Road, Industrial Area, Delhi-110033
Phone : +91-9999889104, +91-9250706656, +91-11-47502546

**असम पर मॉनसून की मार**

**10 साल में 800 से अधिक लोगों ने गंवाई जान**

# असम को हर साल क्यों झेलना पड़ता है बाढ़ का प्रकोप?

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
देश में जैसे ही मानसून दस्तक देता है वैसे ही कई राज्यों में स्थिति भी बिगड़ने लग जाती है। मानसून आने के बाद तेज बारिश के चलते कई राज्यों में बाढ़ जैसे हालात बन जाते हैं। जिसके कारण वहां रहने वाले लोगों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। भारी बारिश होने के कारण किसानों को भी बहुत नुकसान झेलना पड़ता है। वहीं, अगर हम बाढ़ की बात करते हैं तो असम मानसून में होने वाली बारिश के बाद बाढ़ के कारण सबसे ज्यादा प्रभावित होता है। हर साल मानसून के दौरान असम में भारी बारिश दर्ज की जाती है। जिसके कारण लाखों लोग प्रभावित होते हैं।



असम में पूरे देश में सबसे ज्यादा मानसूनी बारिश होने वाले इलाके भी शामिल हैं। इस साल भी असम में मानसून दस्तक दे चुका है और प्रदेश के लगभग 18 जिले भीषण बाढ़ की चपेट में हैं। लेकिन एक सवाल अभी भी लोगों के जहन में उठता है कि आखिर प्रदेश में ऐसा क्या है जो हर साल असम में भारी बारिश होने के बाद बाढ़ आ जाती है। कई विशेषज्ञ इसके पीछे मानसून या फिर असम की भौगोलिक स्थिति भी बताते रहे हैं।

**क्या हैं प्रमुख कारण?**
असम में हर साल मई से सितंबर तक बाढ़ की तीन-चार लहरें देखने को मिलती हैं। राष्ट्रीय बाढ़ आयोग के अनुसार, राज्य के 78,523 वर्ग किमी क्षेत्र का लगभग 40% हिस्सा बाढ़ से ग्रसित है, जो देश के बाकी हिस्सों की तुलना में लगभग चार गुना अधिक है। विशेषज्ञ 1950 के भीषण भूकंप को राज्य में बार-बार आने वाली बाढ़ की स्थिति से जोड़ कर भी देखते हैं। भूकंप के बाद ब्रह्मपुत्र की दिशा और प्रकृति में भारी बदलाव आया है। ब्रह्मपुत्र बेसिन में बहुत अधिक तीव्रता वाली प्री-मॉनसून और मॉनसून वर्षा देखी जाती है। विशेषज्ञों का कहना है कि नदी में मानसूनी प्रवाह आम तौर पर कम अवधि के प्रवाह का 10 गुना होता है।

## संपादकीय

# स्टालिन का सराहनीय फैसला

**नए** राज्यपालों की चुनौतियांनकल रोकने के लिए हैरानी भरा फैसला तमिलनाडु में सत्तारुढ़ डीएमके ने भाजपा की नेता खुशबू सुंदर और राज्यपाल आर एन रवि पर दिए गए विवादित बयानों के बाद अपने नेता शिवाजी कृष्णमूर्ति को न केवल पार्टी की सदस्यता से बर्खास्त किया, बल्कि अब उन्हें गिरफ्तार भी कर लिया गया है। दरअसल इस साल जनवरी में शिवाजी कृष्णमूर्ति ने राज्यपाल आर एन रवि के खिलाफ अपने अपमानजनक बयान देते हुए था कि 'अगर राज्यपाल अपने विधानसभा भाषण में आंबेडकर का नाम लेने से इनकार करते हैं, तो क्या मुझे उन पर हमला करने का अधिकार नहीं है? इस बयान में कृष्णमूर्ति ने उन्हें कश्मीर चले जाने की नसीहत भी दी थी। उन्हें तभी पार्टी से निलंबित कर दिया गया था। अब कृष्णमूर्ति ने अपने एक भाषण में भाजपा की नेता और राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य खुशबू सुंदर को पुराना ढोल बताया। इस पर डीएमके ने उन्हें पार्टी से निष्कासित ही कर दिया। इस बारे में डीएमके महासचिव दुरईमुरुगन ने घोषणा की कि शिवाजी कृष्णमूर्ति को पार्टी अनुशासन का उल्लंघन करने और इसे बदनाम करने के लिए प्राथमिक सदस्यता सहित पार्टी के सभी पदों से बर्खास्त किया जा रहा है। इससे पहले खुद पर की गई अपमानजनक टिप्पणी के लिए खुशबू सुंदर ने डीएमके नेतृत्व पर ही सवाल उठा दिए थे। उन्होंने अपने ट्वीट में मुख्यमंत्री स्टालिन से सवाल किया है कि क्या आप अपने परिवार की महिलाओं के बारे में ऐसे बयानों को स्वीकार करेंगे। खुशबू ने स्टालिन को यह भी लिखा कि आपकी पार्टी असभ्य गुंडों के लिए एक सुरक्षित आश्रय बन रही है। यह बहुत शर्म की बात है। बहरहाल भाजपा ने इस मामले की पुलिस में शिकायत की तो अब कृष्णमूर्ति को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। खुशबू सुंदर ने ऐलान किया है कि मेरी लड़ाई रुकने वाली नहीं है और इस तरह के पुरुषों को सबक सिखाने की जरूरत है। उन्होंने ये भी बताया कि राष्ट्रीय महिला आयोग ने इस मामले पर स्वतः संज्ञान लिया है और भाजपा अपनी नेता के साथ खड़ी है। किसी भी महिला के लिए अपमानजनक टिप्पणी एक सभ्य, सुसंस्कृत समाज में हर हाल में अस्वीकार्य है। वह महिला चाहे गृहिणी हो, दफ्तर जाती हो, राजनीति से या किसी भी अन्य क्षेत्र से जुड़ी हो, किसी भी वजह से अगर वैचारिक या किसी अन्य किस्म के मतभेद हों, तब भी उसका अपमान करना गलत है। महिला का सम्मान हर स्थिति में बना रहे, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इस लिहाज से तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने सराहनीय काम किया है कि अपनी पार्टी के नेता को निष्कासित किया और उस पर कानूनी कार्रवाई में कोई अड़चन नहीं डाली। अन्यथा हाल-फिलहाल में ऐसे कई मामले देखे गए हैं, जब महिला उत्पीड़न का आरोपी रसूखदार और सत्तारुढ़ दल से संबद्ध हो, तो किस तरह उसे बचाने के सारे हथकंडे अपनाए जाते हैं। खुशबू सुंदर ने स्टालिन से जो सवाल किया था कि क्या वे अपने परिवार की महिलाओं के लिए ऐसे बयान को स्वीकार करेंगे, तो इसका जवाब उन्होंने बखूबी दे दिया कि परिवार ही नहीं, वे विरोधी दल की नेता के अपमान को भी स्वीकार नहीं कर रहे हैं। आज की राजनीति में ऐसी मिसाल कहां देखने मिलती है। खुशबू को ऐसे ही सवाल महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न की शिकायत और भाजपा सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग पर राष्ट्रीय महिला आयोग का सदस्य होने और एक महिला होने के नाते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी कर ही लेना चाहिए।

# आपातकाल और राष्ट्रीय स्वयंसेवक



-डॉ. सौरभ मालवीय

> "इसके पश्चात 2 अक्टूबर को प्रधानमंत्री के सामने महात्मा गांधी की समाधि पर सत्याग्रह किया गया। 28 अक्टूबर, 1975 को राष्ट्रमंडल सांसदों का एक दल जब दिल्ली आया था, तब कार्यकर्ताओं ने उन्हें आपातकाल विरोधी साहित्य वितरित किया। 14 नवंबर, 1975 को प्रधानमंत्री के सामने नेहरु की समाधि के पास आपातकाल के विरोध में नारे लगाए गए। 24 नवंबर 1975 को अखिल भारतीय शिक्षक सम्मेलन में प्रधानमंत्री के सामने मंच पर जाकर सत्याग्रहियों ने पर्चे बित्रित किए और तानाशाही के विरोध में नारे लगाए। 7 दिसम्बर, 1975 को ग्वालियर में महान संगीतज्ञ तानसेन की समाधि पर सत्याग्रह किया गया"

**आपातकाल** स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे विवादास्पद एवं अलोकतांत्रिक काल कहा जाता है। आपातकाल को 48 वर्ष बीत चुके हैं, परन्तु हर वर्ष जून मास आते ही इसका स्मरण ताजा हो जाता है। इसके साथ ही आपातकाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका भी स्मरण हो जाती है। संघ ने आपातकाल का कड़ा विरोध किया था। संघ के हजारों कार्यकर्ता जेल गए थे एवं बहुत से कार्यकताओं ने बलिदान दिया था। उल्लेखनीय है कि 12 जून 1975 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने निर्णय सुनाया था कि इंदिरा गांधी ने वर्ष 1971 के लोकसभा चुनाव में अनुचित तरीके अपनाए। न्यायालय ने उन्हें दोषी ठहराते हुए उनका चुनाव रद्द कर दिया था। इंदिरा गांधी के चुनाव क्षेत्र रायबरेली से उनके प्रतिद्वंदी राज नारायण थे। यद्यपि चुनाव परिणाम में इंदिरा गांधी को विजयी घोषित किया गया था। किन्तु इस चुनाव में पराजित हुए राज नारायण चुनावी प्रक्रिया से संतुष्टं नहीं थे। उन्हों ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में इंदिरा के विरुद्ध याचिका दाखिल करते हुए उन पर चुनाव जीतने के लिए अनुचित साधन अपनाने का आरोप लगाया। उनका आरोप था कि इंदिरा गांधी ने चुनाव जीतने के लिए सरकारी मशीनरी का अनुचित उपयोग किया है। 25 जून 1975 को तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी के कहने पर भारतीय संविधान की अनुच्छेद 352 के अधीन आपातकाल की घोषणा कर दी। यह आपातकाल 21 मार्च 1977 तक रहा। इस समयावधि में नागरिक अधिकारों को स्थगित कर दिया गया। सभी स्तर के चुनाव भी स्थगित कर दिए गए। सत्ता विरोधियों को बंदी बना लिया गया। प्रेस पर भी प्रतिबंधित लगा दिया गया। पत्रकार भी बंदी बनाए गए। श्रीमती इंदिरा गांधी के पुत्र संजय गांधी के नेतृत्व में पुरुष नसबंदी अभियान चलाया गया। कहा जाता है कि इस अभियान में अविवाहित युवकों की भी जबरन नसबंदी कर दी गई। इससे लोगों में सत्ता पक्ष के प्रति भारी क्रोध उत्पन्न हो गया। माणिकचंद्र वाजपेयी अपनी पुस्तक आपातकालीन संघर्ष गाथा में लिखते हैं- कांग्रेस ने 20 जून, 1975 के दिन एक विशाल रैली का आयोजन किया तथा इस रैली में देवकांतबरुआ ने कहा था, इंदिरा तेरी सुबह की जय, तेरी शाम की जय, तेरे काम की जय, तेरे नाम की जय और इसी जनसभा में अपने भाषण के दौरान इंदिरा गांधी ने घोषणा की कि वे प्रधानमंत्री पद से त्यागपत्र नहीं देंगी। जयप्रकाश नारायण ने आपातकाल का विरोध किया। उन्होंने इसे 'भारतीय इतिहास की सर्वाधिक काली अवधि' कहा। माणिकचंद्र वाजपेयी आगे लिखते हैं- जयप्रकाश नारायण जी ने रामलीला मैदान पर विशाल जनसमूह के सम्मुख 25 जून, 1975 को कहा, सब विरोधी पक्षों को देश के हित के लिए एकजुट हो जाना चाहिए अन्यथा यहां तानाशाही स्थापित होगी और जनता दुखी हो जाएगी। लोक संघर्ष समिति के सचिव नानाजी देशमुख ने वहीं पर उत्साह के साथ घोषणा कर दी, इसके बाद इंदिराजी के त्यागपत्र की मांग लेकर गांव-गांव में सभाएं की जाएंगी और राष्ट्रपति के निवास स्थान के सामने 29 जून से प्रतिदिन सत्याग्रह होगा। उसी संध्या को जब रामलीला मैदान की विशाल जनसभा से हजारों लोग लौट रहे थे, तब प्रत्येक धूलिकण से मानो यही मांग उठ रही थी कि प्रधानमंत्री त्यागपत्र दें और वास्तविक गणतंत्र की परम्परा का पालन करें। आपातकाल के कारण जनता त्राहिमाम कर रही थी। एच वी शेषाद्री की पुस्तक कृतिरूप संघ दर्शन के अनुसार सभी प्रकार की संचार व्यवस्था, यथा- समाचार-पत्र- पत्रिकाओं, मंच, डाक सेवा और निर्वाचित विधान मंडलों को ठप्प कर दिया गया। प्रश्न था कि इसी स्थिति में जन आंदोलन को कौन संगठित करे? इसे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अतिरिक्त और कोई नहीं कर सकता था। संघ का देश भर में शाखाओं का अपना जाल था और वही इस भूमिका को निभा सकता था। संघ ने प्रारम्भ से ही जन से जन के संपर्क की प्रविधि से अपना निर्माण किया है। जन संपर्क के लिए वह प्रेस अथवा मंच पर कभी भी निर्भर नहीं रहा। अतः संचार माध्यमों को ठप्प करने का प्रभाव अन्य दलों पर तो पड़ा, पर संघ पर उसका रंचमात्र भी प्रभाव नहीं पड़ा। अखिल भारतीय स्तर के उसके केन्द्रीय निर्णय, प्रांत, विभाग, जिला और तहसील के स्तरों से होते हुए गांव तक पहुच जाते हैं। जब आपात घोषणा हुई और जब तक आपातकाल चला, उस बीच संघ की यह संचार व्यवस्था सुचारू ढंग से चली। भूमिगत आंदोलन के ताने-बाने के लिए संघ कार्यकताओं के घर महानतम वरदान सिद्ध हुए और इसके कारण ही गुप्तचर अधिकारी भूमिगत कार्यकताओं के ठोर ठिकाने का पता नहीं लगा सके। सर संघचालक बालासाहब देवरस को 30 जून को नागपुर स्टेशन पर गिरफ्तार कर लिया गया। इससे पूर्व उन्होंने आान किया था कि इस असाधारण परिस्थिति में स्वयंसेवकों का दायित्व है कि वे अपना संतुलन न खोयें। सर कार्यवाह माधवराव मुले तथा उनके द्वारा नियुक्त अधिकारी के आदेशानुसार संघ-कार्य जारी रखें तथा यथापूर्व जनसंपर्क, जनजागृति और जनशिक्षा का कार्य करते हुए अपने राष्ट्रीय कर्तव्य का पालन करने की क्षमता जनसाधारण में निर्माण करें। संघ कार्यकर्ताअं ने उनके आान के अनुसार ही कार्य किया। आपातकाल की घोषणा के कुछ दिन पश्चात 4 जुलाई 1975 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबंध लगा दिया गया। लोक संघर्ष समिति द्वारा आयोजित आपातकाल विरोधी संघर्ष में एक लाख से अधिक स्वयंसेवकों ने सत्याग्रह किया। आपातकाल के दौरान सत्याग्रह करने वाले कुल एक लाख 30 हजार सत्याग्रहियों में से एक लाख से अधिक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के थे। मीसा के अधीन जो 30 हजार लोग बंदी बनाए गए, उनमें से 25 हजार से अधिक संघ के स्वयंसेवक थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 कार्यकर्ता अधिकांशतः बंदीगृहों और कुछ बाहर आपातकाल के दौरान बलिदान हो गए। उनमे संघ के अखिल भारतीय व्यवस्था प्रमुख श्री पांडुरंग क्षीर सागर भी थे। सत्ता पक्ष के विरुद्ध जयप्रकाश नारायण के आन्दोलन को संघ के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने जारी रखा। मोहनलाल रुस्तगी की पुस्तक आपातकालीन संघर्ष गाथा के अनुसार श्री जयप्रकाश नारायण ने अपनी गिरफ्तारी से पूर्व 'लोक संघर्ष समिति' का आन्दोलन चलाने के लिए 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ' के पूर्णकालिक कार्यकर्ता श्री नानाजी देशमुख को जिम्मेदारी सौंपी थी। जब नानाजी देशमुख गिरफ्तार हो गए तो नेतृत्व की जिम्मेदारी श्री सुन्दर सिंह भण्डारी को सर्वसम्मति से सौंपी गई। आपातकाल लगाने से उत्पन्न हुई परिस्थिति से देश को सचेत रखने के लिए तथा जनता का मनोबल बनाए रखने के लिए भूमिगत कार्य के लिए संघ के कार्यकर्ता तय किए गए। संघ के स्वयंसेवकों ने सत्ता की नीतियों के विरोध में सत्याग्रह किया। इस कड़ी में 9 अगस्त,1975 को मेरठ नगर में सत्याग्रह किया गया। उसी दिन मुजफ्फरपुर में जगह-जगह जोरदार ध्वनि करने वाले पटाखे फोड़े गए। तत्पश्चात 15 अगस्त,1975 को लाल किले पर जब प्रधानमंत्री भाषण देने के लिए माइक की ओर बढीं उसी समय जनता के बीच से 50 सत्याग्रहियों ने नारे लगाए और पर्चे वितरित किए।

इसके पश्चात 2 अक्टूबर को प्रधानमंत्री के सामने महात्मा गांधी की समाधि पर सत्याग्रह किया गया। 28 अक्टूबर, 1975 को राष्ट्रमंडल सांसदों का एक दल जब दिल्ली आया था, तब कार्यकर्ताओं ने उन्हें आपातकाल विरोधी साहित्य वितरित किया। 14 नवंबर, 1975 को प्रधानमंत्री के सामने नेहरू की समाधि के पास आपातकाल के विरोध में नारे लगाए गए। 24 नवंबर 1975 को अखिल भारतीय शिक्षक सम्मेलन में प्रधानमंत्री के सामने मंच पर जाकर सत्याग्रहियों ने पर्चे बित्रित किए और तानाशाही के विरोध में नारे लगाए। 7 दिसम्बर, 1975 को ग्वालियर में महान संगीतज्ञ तानसेन की समाधि पर सत्याग्रह किया गया। उस दिन रजत जयंती के कार्यक्रम का आयोजन था।




## कविता

### दादी,नानी का गांव

वह दादी,नानी का गांव'
उस पर ममता की छांव '

मेरे सपने हैं आंखों में उनके,
दौड़ मेरी पर दादी के पाव.

धड़कन मेरी कलेजा है, उनका
जख्म मेरे यह दादी के पांव ,

पतली पगडंडी जाती उन तक,
तुलसी का आंगन, अमिया की छांव ।

कल कल बहती नदिया उन तक,
पतवार मैं हूं, दादी है नाव।

अन्न के दाने हैं हाथों में उनके,
चिड़ियों का डेरा और कागा की कांव।

अल्लाह, ईश्वर सब एक समान,,
सारे तीरथ दादी,नानी के पाँव।

मन है निर्मल गंगा सा उनका,
पतवार में हूं नानी है नाव।

संजीव

## मानसून में स्किन फास्टिंग

शहनाज हुसैन

**देश में** बरसात ने दस्तक दे दी है / सावन की फुहारों और हरियाली के साथ ही मौसम में उमस और गर्मी ने भी अपनी एंट्री कर ली है / इस मौसम में धार्मिक परम्पराओं में ब्रत रखने की सदियों से परम्परा चली आ रही है ताकि शरीर/आत्मा का शुद्धिकरण किया जा सके और बिभिन्न रोगों से शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाया जा सके /

शरीर की शुद्धता के साथ ही त्वचा की शुद्धता पर भी ध्यान देने की जरूरत होती है क्योंकि त्वचा शरीर का सबसे बड़ा ऑर्गन है इस मौसम में त्वचा से जुड़ी अनेक सौन्दर्य समस्याएं देखने को मिलती हैं / इस सीजन में कील ,मुहांसे ,फोड़े ,फुंसी ,रैशेस आदि त्वचा के लिए नुकसान दायक साबित होते हैं इनके उपचार और बचाव के अनेक उपाय सुझाए जाते हैं जिन्मे स्किन फास्टिंग उपचार काफी प्रभाबी माना जाता है क्योंकि धूल , धूप और प्रदूषण के इलाबा मेकअप और सौन्दर्य प्रसाधन भी त्वचा को काफी नुकसान पहुंचाते हैं /स्किन फास्टिंग में त्वचा को प्राकृतिक अवस्था में रखा जाता है और इस दौरान त्वचा को सौन्दर्य उत्पादों और मेकअप से दूर रखा जाता है जिससे त्वचा को आराम मिलता है दरअसल स्किन फास्टिंग उसी तरह है जैसे हम मानसून के दौरान शरीर और आत्मा की शुद्धि के लिए व्रत करते हैं। स्किन फास्टिंग में हम त्वचा को प्रकृतिक रुप में कार्य करने की अनुमति देते हैं जैसा कि उसे सौन्दर्य प्रसाधनों के बिना कार्य करना चाहिए। स्किन फास्टिंग का मुख्य उद्देश्य त्वचा की सौन्दर्य प्रसाधनों पर निर्भरता को समाप्त करना है लेकिन स्किन फास्टिंग में कलीजिंग, माइस्चराइजिंग जैसी त्वचा की मूलभूत हाईजीन को निर्वाध रुप से जारी रखना चाहिए। स्किन फास्टिंग भी सामान्य व्रत की तरह ही होती है जिसमें हम त्वचा की जरूरतों के अुनसार स्किन फास्टिंग अपनाते हैं। स्किन फास्टिंग एक हफ्ते से लेकर एक महीने तक की जा सकती है। इस दौरान सौन्दर्य प्रसाधनों में विद्यमान रसायनिक तत्वों के त्वचा पर प्रभाव को निष्क्रिय करने में सहायता मिलती है। इस दौरान त्वचा की प्रकृतिक प्रणाली को सुदृढ़ करने में मदद मिलती है तथा सौन्दर्य प्रसाधनों के अंधाधुंध उपयोग से त्वचा में आई अशुद्धियों/विकृतियों से लड़ने के लिए त्वचा की प्रकृतिक प्रणाली सुदृढ़ होती है स्किन फास्टिंग से आपको त्वचा की प्रकृतिक प्रवृति का अहसास हो जाता है तथा यह पता चल जाता है कि त्वचा के लिए कौन सा सौन्दर्य प्रसाधन लाभदायक है या नुकसानदायक है। स्किन फास्टिंग की शुरूआत में रात्रि में चहेरे को धोकर कोई भी सौन्दर्य प्रसाधन न लगाऐं। स्किन फास्टिंग में सभी सौन्दर्य प्रसाधनों का उपयोग यकायक बंद न करें बल्कि इसे चरणबद्ध तरीके से करें। पहले सप्ताह में एक बार स्किन फास्टिंग करें तथा बाद में त्वचा की प्रवृति के अनुरुप इसे बढ़ाते जाएं। सबसे पहले रात्रि में सौंदर्य प्रसाधनों का उपयोग रोक कर त्वचा में प्रकृतिक तौर पर प्रकृतिक तेलों के माध्यम से ताजगी पैदा होने दें। सुबह उठते ही चेहरे को गुनगुने पानी से धोएं ताकि त्वचा को कोई नुकसान न पहुंचे यदि प्रारंभ में स्किन फास्टिंग से त्वचा में कोई जलन आदि न पैदा हो तो इसे बढ़ाते जाएं। अगर आपकी त्वचा शुष्क है तो इसे माइस्चराईजर करना जरूरी है।

## विचार

# किशोरों में बढ़ती नशे की लत और पालकों की जिम्मेदारी

डॉ. प्रितम भि. गेडाम

**नशीले** पदार्थों की बढ़ती तस्करी और नशे के गिरफ्त में जकड़ती युवा पीढ़ी समस्त मानवजाति के लिए चिंता का सबब बनी है। आये दिन अखबारों, न्यूज चैनलों पर नशीले पदार्थों के तस्करी की खबरें देखने-पढ़ने मिलती है। तेजी से यह नशीले पदार्थों के जहर का व्यापार बढ़ रहा है जिसमें युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। नशा ह्लनाशह्न करने का ही दूसरा नाम है, जो मनुष्य के मष्तिस्क को वश में कर उसे हर तरह से बर्बाद करता है। शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक, आर्थिक, सामाजिक अर्थात हर तरह से नशा मनुष्य को खोखला करते जाता है। नशे से बीमारियां, शारीरिक असंतुलन, भ्रम, द्वेष, तनाव, क्रोध, अनिद्रा, दृष्टिदोष, स्मृतिदोष जैसी स्थिति में वृद्धि होकर परिवार में कलह बढ़ता है। अपराधों को बढ़ाने में नशा मुख्य भूमिका में होता है, आधे से ज्यादा अपराध नशे में या नशे के लिए किए जाते है। अपराध में तेजी से वृद्धि होकर आजकल नशे का कारोबार भी चरम पर है। नशेड़ियों को समाज में तुच्छ नजरिए से देखा जाता है, अपने लोग और नाते-रिश्तेदार भी उनसे दूरिया बनाते है। नशे में पैसों की बबार्दी होकर समाज में मान प्रतिष्ठा भी तेजी से घटती है। नशे में मनुष्य की सोच-विचार की शक्ति क्षीण हो जाती है। नशेड़ियों के संपर्क में रहने वाले लोग भी परेशान रहते है, जीवन की खुशियां गुम होने लगती है। लोगों द्वारा तिरस्कार किया जाता है। कई बार तो परिवार के लोग, सगे सम्बन्धी, आस- पडोसी नशेड़ियों से इतने तंग आ जाते है कि उनके मौत की कामना तक करने लगते है। नशेड़ियों को समाज में कोई भी अच्छा नहीं मानते क्योंकि वे समाज के लिए समस्या बने है। नशेड़ियों को कोई भी काम पर नहीं रखना चाहता है। नतीजतन, वे पैसों के तंगी के कारण अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ रहते हैं। नशा करने के लिए नशेड़ी अपराध करने को भी तैयार हो जाते हैं। जिससे समाज में गरीबी, नशा और अपराध का चक्र ऐसे ही चलता है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग से मुक्त दुनिया को पाने में आवश्यक कार्रवाई और सहयोग को मजबूत करने के लिए हर साल 26 जून को "नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस" विश्व भर में जागरूकता हेतु मनाया जाता है। नशीली दवाओं का सेवन करने वाले बहुत से व्यसनी लोग कलंक और भेदभाव का सामना करते हैं और जिसके कारण उन्हें योग्य उपचार, आवश्यक सहायता प्राप्त नहीं होती है। इस साल 2023 की थीम "लोग पहले : कलंक और भेदभाव को रोकें, रोकथाम को मजबूत करें" यह हैं। इस वर्ष के अभियान का उद्देश्य ड्रग्स का उपयोग करने वाले नशेड़ी लोगों के साथ सम्मान और सहानुभूति के साथ व्यवहार करने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है; ताकि उन नशेड़ी लोगों को पुनः एक बार हम सब की मदद से नशामुक्त होकर सम्मान से जीने का मौका मिल सकें। बाल अधिकार संरक्षण के राष्ट्रीय आयोग द्वारा किए गए अध्ययन अनुसार, देश में तम्बाकू और शराब किशोरों के बीच दुर्व्यवहार की सबसे आम लत हैं, इसके बाद इनहेलेंट और कैनबिस हैं। औसत आयु 12 वर्ष से तंबाकू के उपयोग की शुरूआत यहां दशार्यी गई, एक अन्य अध्ययन में पाया गया कि झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले 46% किशोरों ने इससे भी कम उम्र में ही धूम्रपान और तंबाकू, साथ ही शराब और मारिजुआना शुरू कर दिया था। शहरों के कई मलिन बस्तियों या कई ग्रामीण इलाकों में 6-7 वर्ष के बच्चे भी नशीला ज्वलनशील रासायनिक पदार्थ सूंघते या तंबाकू खाते नजर आते है। 2022 में किशोरों द्वारा नशीली दवाओं के दुरुपयोग के 26,629 मामले दर्ज किए गए, जो कि 2016 से 300% की वृद्धि दशार्ते हैं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा किए गए राष्ट्रीय व्यापक सर्वेक्षण के अनुसार, देश में 6 करोड़ से अधिक ड्रग उपयोगकर्ता हैं जिनमें बड़ी संख्या में उपयोगकर्ता 10-17 वर्ष की आयु के हैं। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के नेशनल ड्रग डिपेंडेंस ट्रीटमेंट सेंटर द्वारा


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा का विरोध

**प्रधानमंत्री न**रेन्द्र मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा को लेकर कई पिट्ठु पत्रकारों और मीडिया घरानों में जितना उत्साह देखा जा रहा था, वह तब चौगुना हो गया जब दुनिया के खरबपति व्यापारी, टेस्ला और ट्विटर के मालिक एलन मस्क ने खुद को मोदीजी का फैन यानी प्रशंसक बता दिया। ऐसा लगा मानो श्री मोदी की विश्व गुरु की छवि पर मस्क की टिप्पणी से आधिकारिक ठप्पा लग गया है। अभी प्रधानमंत्री के प्रवास के दिन जैसे-जैसे बीतते जाएंगे और इसमें उनके कार्यक्रमों की जो खबरें सामने आएंगी, उसके बाद विश्व गुरु का गुब्बारा और बड़ा होता जाएगा, यह तय है। निश्चित ही दुनिया का बड़ा कारोबारी अगर भारत में अपने व्यापार की संभावनाएं देखे और यहां निवेश के लिए सही समय की बात कहे, तो प्रसन्नता होगी। लेकिन इस खुशी में हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि अंग्रेजों ने भी भारत में व्यापार की संभावनाओं के साथ ही दरवाजे खटखटाए थे और उसके बाद यहां आकर ऐसे जमे कि 2 सौ साल तक हटे ही नहीं। एलन मस्क अगर भारत में निवेश करने की बात करते हैं, यहां अपनी कार का कारखाना खोलना चाहते हैं, तो यह सब वे अपना मुनाफा देखकर ही करेंगे। परोपकार के इरादे से उन्हें निवेश करना होता, तो वे इसके लिए सही वक्त का इंतजार नहीं करते। प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद एलन मस्क ने पत्रकारों से चर्चा कर इस बैठक के बारे में बताया। इस दौरान जब उनसे ट्विटर के पूर्व सीईओ जैक डोर्सी के किसान आंदोलन के दौरान भारत सरकार द्वारा ट्विटर पर दबाव डालने वाले बयान को लेकर सवाल किया गया तो मस्क ने कहा कि स्थानीय नियमों का पालन करने के अलावा ट्विटर के पास कोई विकल्प नहीं है। अगर हम स्थानीय सरकार के कानून का पालन नहीं करेंगे तो हमें वहां काम बंद करना होगा। इस जवाब से एलन मस्क ने जैक डोर्सी के आरोपों की पुष्टि कर दी है। देखने वाली बात ये होगी कि क्या भाजपा के नेता अब एलन मस्क को भी विरोधी की तरह देखेंगे या उनके भारत में निवेश का इंतजार करेंगे। गौरतलब है जैक डोर्सी ने एक यूट्यूब चैनल को दिए साक्षात्कार में शक्तिशाली लोगों के दबाव वाले सवाल पर किसान आंदोलन के दौरान ट्विटर पर पड़ रहे दबाव का जिक्र किया था।

## वाह वाह क्या बात है

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

**साहब** बहुत पढ़े-लिखे थे। दीवार पर टंगी डिग्रियाँ इसी बात का साक्ष्य दे रही थीं। कागज पर एमए अंग्रेजी में गोल्ड मेडलिस्ट और हकीकत में ईटिंग-स्लिपिंग को पार नहीं कर पाए। जागते हैं तो ईटिंग और सोते हैं तो स्लिपिंग। अपने जरूरत के कामों के लिए कम, गो, गिव जैसे जरूरी शब्द सीख लिए हैं। पसंदीदा शब्दावली में इडियट, रास्कल, नॉनसेंस और बास्ट्रटर्ड की जपमाला बना रखी है। सबसे ज्यादा इसी को फेरते रहते हैं। इस जपमाला के चलते साहब की ह्यतगड़ीह्न अंग्रेजी के सामने किसी के आने की हिम्मत नहीं होती थी। साहब का एक ड्राइवर था। ड्राइवर इसलिए कि वह मेहनती था। आलसी होता तो बड़ा साहब न बन जाता। मेहनत करने के शार्टकर्ट नहीं होते। सब स्ट्रेटफॉर्वर्ड होता है। जबकि आलस के लिए बहाने बनाने पड़ते हैं। दिमाग दौड़ाना पड़ता है। इस प्रक्रिया में इंसान ठेकेदार से लेकर वकील, इंजीनियर, डॉक्टर और स्कॉलर बन जाता है। एक झूठ को छिपाने के लिए हजार सच्चाइयों का गला घोंटना पड़ता है। यह काम बड़ा ही सच्चा धूर्त ही कर सकता है। सो साहब का ड्राइवर पढ़ा-लिखा तो था लेकिन खरीदी गई डिग्री वाले साहब का गुलाम था। आजकल असली डिग्रियाँ नकली डिग्रियों की सुरक्षा में चौक-चौबंद रहती हैं। एक दिन साहब किसी दावत से लौट रहे थे। फोकट की दावत थी सो दबाकर खा लिया। रास्ते भर ऊँघते रहे। ड्राइवर बड़ी सावधानी से चला रहा था। साहब की नींद न टूटे इसके लिए मक्खन से भी स्मूथ ड्राइविंग का नजारा पेश कर रहा था। लेकिन हर स्मूथनेस का एक अंत होता है। ड्राइवर ने अचानक से गाड़ी की गति धीमी की। साहब नींद में बडबड़ाने लगे, इडियट तुमने गाड़ी क्यों स्लो कर दी। पता नहीं यह हमारे बाप की सड़क है। किसमें इतनी मजाल जो हमारा रास्ता रोक दे। इतना सब कहते हुए वे ऊटपटांग भाषा में चालीस सेकंड वाली अपनी अंग्रेजी जपमाला बार-बार रिपीट कर रहे थे। यह देख ड्राइवर ने कहा, साहब रास्ते में स्पीड ब्रेकर है। बिना धीमे किए आगे नहीं बढ़ सकते। यह सुन साहब ने कहा, कौनसा स्पीड ब्रेकर?, कैसा स्पीड ब्रेकर। उसे पता नहीं हम कौन हैं? उसकी इतनी मजाल कि हमारा रास्ता रोक दे। बास्टर्ड पर इतना हॉर्न बजाओ कि दुम दबाकर भाग जाए।

# आप कार्यकर्ताओं ने अनुराग को दिखाये काले झंडे

## -जिला अध्यक्ष राकेश चुघ ने शांतिपूर्वक तरीके से सडक किनारे प्रदर्शन कर रहे कार्यकताओं के साथ पुलिस पर लगाया धक्कामुक्की करने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर अनाज मंडी में आयोजित रैली में भाग लेने के लिये शनिवार को सुबह शताब्दी एक्सप्रेस से पानीपत पहुंचे। उसके उपरांत अनुराग ठाकुर ग्रामीण विधायक महीपाल ढांडा के एल्डिको स्थित आवास पर नाश्ते के लिये जा रहे थे। पानीपत में जीटी रोड टोल प्लाजा के पास आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने महिला पहलवानों के समर्थन में अनुराग ठाकुर को काले झंडे दिखाये और अनुराग ठाकुर गो बैक के नारे लगाये। हालांकि आप कार्यकर्ताओं द्वारा काले झंडे दिखाये जाने की भनक लगते ही सेक्टर 13-17 पुलिस थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रवीन भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये और



पुलिस ने आप कार्यकर्ताओं को काले झंडे दिखाने से रोकना चाहा लेकिन कार्यकर्ता लगातार अनुराग ठाकुर गो बैक के नारे लगाते रहे। इस मौके पर आप नेताओं व पुलिस के बीच काफी नोकझोक भी हुई पर आप कार्यकर्ता सडक किनारे खड़े होकर नारेबाजी करते रहे। जिला अध्यक्ष राकेश चुघ ने कहा कि महिला पहलवानों के समर्थन में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर को शांतिपूर्वक तरीके से सडक के किनारे पर खड़े होकर काले झंडे दिखाकर गो बैक के नारे लगा रहे थे लेकिन पुलिस ने सरकार के इशारे पर उनको रोकना चाहा और पुलिस ने कार्यकताओं के साथ धक्कामुक्की भी की। लोकतांत्रिक व्यवस्था में सभी को शांतिपूर्वक तरीके से प्रदर्शन करने का अधिकार है। जबकि आप कार्यकर्ता तो सडक से किनारे खड़े

**8 बकि आप कार्यकर्ता तो सडक से किनारे खड़े होकर काले झंडे दिखा रहे थे और नारेबाजी कर रहे थे**

होकर काले झंडे दिखा रहे थे और नारेबाजी कर रहे थे लेकिन भारी पुलिस बल ने फिर भी आप कार्यकताओं को जबरन रोका गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राकेश चुघ के अलावा दलविंद्र चीमा, शिव अरोड़ा, दीपक बगा, अर्जुन सिंह, प्रीतपाल खेड़ा, प्रमोद गुप्ता, संतोष शर्मा, नीलम परणामी, सतीश शर्मा, योगेश कौशिक, गौरव शर्मा, पवन कोहली, हरदीप शर्मा, रेणु राणा, लवप्रीत,इरफाना व अमन शर्मा आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय पंजाबी महासंघ ने दिल्ली में केंद्रीय कानून मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** पंजाबी बिरादरी विकास सभा हरियाणा प्रकल्प राष्ट्रीय पंजाबी महासंघ के सदस्यों ने भारतवर्ष से आए हुए पंजाबी समाज के लोगों के साथ मिलकर दिल्ली में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को पंजाबी समाज के लिए ज्ञापन सौंपा । इस अवसर पर समाज के सभी लोगों ने माननीय केंद्रीय मंत्री को दौशाला ओढाकर श्री अरुट महाराज जी का चित्र देकर व पंजाबी समाज के इतिहास से जुड़ी पुस्तिका देकर वह माल्यार्पण कर स्वागत किया।

इस अवसर पर समाज को प्रतिबिंबित करते हुए, समाज की बात रखते हुए राष्ट्रीय पंजाबी महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंजाबी बिरादरी विकास सभा हरियाणा के अध्यक्ष एडवोकेट संदीप सचदेवा,पुरुषोत्तम भट्टी,सतीश कालड़ा,शिवम सचदेवा ने पंजाबी समाज के लोगों को रिफ्यूजी शरणार्थी व पाकिस्तानी बोलने पर रोक लगाने व एससी एसटी एक्ट की तरह विशेष कानून बनाए जाने पर एक ज्ञापन सौंपा । इसमें कहा गया कि भारतवर्ष के विभाजन वर्ष 1947 के समय भारत के पूर्वी भाग से धर्म की रक्षा के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर के भारतवर्ष के वर्तमान हिस्से में बहुत से समाजों के लोग आए । उनमें पंजाबी समाज खत्री अरोड़ा के भी लाखों लोग आए और भारत के विभिन्न हिस्सों में बस गए। उस समय की सरकार ने विभाजन के बाद भारतवर्ष में आए लोगों को शरणार्थी शिविरों में रहने की व्यवस्था की जिससे अपने ही देश में हमारी अपनी पहचान समाप्त हो गई और हमें शरणार्थी, रिफ्यूजी पाकिस्तानी कहा जाने लगा । हमारे समाज के लोगों ने विभाजन की त्रासदी को देखा और झेला है । फिर भी हमने अपने वक्त और हालात से समझौता करते हुए बिना किसी सरकारी आरक्षण मदद से खुद को समाज में स्थापित किया और आज भारतवर्ष की उन्नति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं । परंतु बड़े दुख का विषय है कि आज भी समाज में हमारे लिए अशोभनीय टिप्पणियां की जाती हैं और हमे रिफ्यूजी, शरणार्थी ,पाकिस्तानी कह कर संबोधित किया जाता है। आजादी के 75 साल बाद हम लोगों के साथ ना चाहते हुए भी उपरोक्त जोड़ दिए गए हैं । अब कहीं ना कहीं हमारी वर्तमान पीढ़ी को ये शब्द शूल की तरह चुभते हैं । कई अवसरों पर कई असामाजिक तत्व इन शब्दों का प्रयोग जानबूझकर हमें सामाजिक तौर पर नीचा दिखाने के लिए करते हैं । ऐसा करके जहां पर वे समाज को कमजोर करते हैं वहीं सामाजिक भाईचारे को भी छिन्न भिन्न करते हैं । सामाजिक तौर पर इस बुराई को समाप्त करने के लिए हम काफी समय से प्रयास कर रहे हैं परंतु ऐसा लगता है कि सामाजिक बुराई को तब तक समाप्त नहीं किया जा सकता जब तक कानूनी रूप से इन शब्दों का प्रयोग बंद ना हो । हम सभी समाज के लोग अपने मांग पत्र के माध्यम से आपसे अनुरोध करते हैं कि समाज में पैदा करने वाले शब्दों को केंद्रीय कानून बनाकर तुरंत रूप से रोक लगाएं और विभाजन के समय अपना सब कुछ गवा कर भारतवर्ष में आए हम लोगों का मान सम्मान सुरक्षित करें ।

## न्यूज फ्लैश

### ससुराल पक्ष पर लगाए दहेज उत्पीड़न के आरोप



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला(मनीष कुमार)** अंबाला शहर के नसीरपुर निवासी नेहा ने ससुराल पक्ष के खिलाफ शिकायत दर्ज की है। उसने कहा कि उसकी शादी इसी महीने 7 तारीख बड़ी घेल में हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद ही ससुराल पक्ष उससे दहेज की मांग करते हुए उसे प्रताड़ित करते थे। महिला का कहना है कि उसके माता- पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था। लेकिन उसके बाद भी ससुराल वालों ने दस लाख रुपए की मांग की। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि 15 जून को उसे नशा दिया गया और मारपीट की गई। इसके बाद उसका पति उसे उसके मायके छोड़कर चला गया और धमकाने लगा कि वह किसी को भी इस घटना के बारे में न बताए। नव विवाहिता का कहना है कि सिविल अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। महिला ने पुलिस से गुहार लगाते हुए कहा कि ससुराल पक्ष के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए।

### सीएम विंडो पर आई तीन समस्याओं में से 2 का किया मौके पर निवारण



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन रामबाबू यादव ने अंबाला छावनी के एसडीएम ऑफिस में सीएम विंडो आई 3 समस्याएं देखी जिसमें से दो का निवारण मौके पर ही कर दिया गया और एक सीएम विंडो को पेंडिंग छोड़ दिया गया ताकि काम पूरा हो सके एसडीएम ऑफिस में एसडीएम कार्यालय से संबंधित दो समस्याएं आई जिसमें से एक अवैध कब्जे को लेकर दूसरा मारपीट को लेकर दोनों का ही समाधान कर दिया गया इसी प्रकार शिक्षा विभाग से आई एक समस्या पर 1 जुलाई का समय निश्चित किया गया शिक्षा विभाग में एक विद्यालय की शिकायत की गई थी जिसमें अभिभावक ने अपने बच्चे की फीस से संबंधित रसीद मांगी विद्यालय की प्रिंसिपल उपस्थित होकर बताया विद्यालय खुलते ही अभिभावक के बच्चे को फीस की रसीद दे दी जाएगी एमिनेंट पर्सन रामबाबू यादव ने बताया कि जब तक अभिभावक के बच्चे को उस से ली गई राशि की रसीद नहीं दी जाती तब तक सीएम विंडो पर आई इस कंप्लेन पर हस्ताक्षर नहीं होंगे इस अवसर एस डीएम के रीडर सतिंदर सिंह खंड शिक्षा कार्यालय से जितेंद्र वर्मा सेवा समिति स्कूल की प्राचार्य ज्योति तथा कंप्लेनर्स उपस्थित रहे।

### नारनौल में रोडवेज प्रशिक्षण बस को ट्रक ने पीछे से ठोंका

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

नारनौल। शहर के समीप गांव लहरोदा के पास शनिवार दोपहर को फ्लाईओवर के नीचे नेशनल हाईवे नंबर 11 पर रोडवेज ड्राइवर प्रशिक्षण संस्थान महेंद्रगढ़ की बस को एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में प्रशिक्षण ले रहे कुछ युवाओं को मामूली चोट लगी है। हादसे के बाद इस व्यस्त रोड पर जाम भी लग गया जिसे बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहनों को साइड में करवाया और जाम खुलवाया। बस में सवार 22 प्रशिक्षणार्थियों की जान बाल बाल बची।
प्राप्त जानकारी के अनुसार महेंद्रगढ़ में बने हरियाणा रोडवेज ड्राइवर प्रशिक्षण संस्थान की एक रोडवेज बस ट्रेनिंग ले रहे 22 युवकों को लेकर महेंद्रगढ़ से नारनौल आई थी। यहां पर बस में तेल डलवाने के बाद वह ट्रेनिंग देने वाले नैशनल हाईवे नंबर 148 होते हुए नांगल चौधरी के पास टोल प्लाजा तक गई। वहां से बस को वापस महेंद्रगढ़ की ओर मोड़ दिया गया।

# युवावर्ग को जागरूक करने के लिए निकाली रैली

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

पुलिस अधीक्षक, अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा हरियाणा उदय कार्यक्रम, पुलिस की पाठशाला, सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम द्वारा आम नागरिकों विशेषकर युवावर्ग कर नशे से दूर रहने, नशे के दुष्परिणामों व नशा तस्करों की पुलिस को सूचना देने बारे विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अम्बाला पूजा डाबला के नेतृत्व में प्रबन्धक पुलिस थाना बलदेव नगर निरीक्षक राम कुमार व




प्रबन्धक थाना अम्बाला शहर निरीक्षक नरेन्द्र सिहँ व पुलिस टीम ने आमजन विशेषकर युवावर्ग को इस सम्बन्ध में जागरूक करने के लिए थाना अम्बाला शहर व बलदेव क्षेत्रों में विशेष रैली का आयोजन किया। इस रैली में अम्बाला पुलिस की पीसीआर राईडर व अनेकों वाहनों का इस्तेमाल कर आमजन को इस बारे नशा छोड़ो देश बचाओ, परिवार को खुशहाल बनाओं इत्यादि सलोगनों के साथ जागरूक किया।
पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों व प्रबन्धक थाना को निर्देश दिए हैं कि वह ह्यह्यहरियाणा उदय कार्यक्रम पुलिस की पाठशालाह्लह्ल, राहगिरी, खेलकूद प्रतियोगिता व सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के माध्यम से थानाधिकार क्षेत्रों में अपराधों व नशें की रोकथाम के लिए आमजन से सम्पर्क कर नशा बेचने/खरीदने वालों व अपराधिक प्रवृति के व्यक्ति का पता लगाकर उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करें और आमजन विशेषकर युवाओं को नशे से दूर रहने, उसके दुष्परिणामों बारे जागरूक कर उन्हें खेलकूद प्रतियोगिता बारे प्रेरित करें जिससे समाज नशा व अपराध मुक्त हो सके।

# 20 जुलाई को संचालित होगी एक दिवसीय परीक्षा



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक) जुलाई-2023 की परीक्षाएं 20 जुलाई से करवाए जाने का निर्णय लिया गया है। दोनों परीक्षाओं के तिथि-पत्र बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट बीएसईएच.ओआरजी.इन पर अपलोड कर दिए गए है। यह जानकारी देते हुए बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक) कम्पार्टमेंट, अतिरिक्त विषय, आंशिक अंक सुधार एक विषय की एक दिवसीय परीक्षा का आयोजन 20 जुलाई 2023 को करवाया जाएगा। सेकेंडरी (शैक्षिक) कम्पार्टमेंट, अतिरिक्त विषय, पूर्ण विषय, आंशिक अंक सुधार व विशेष अवसर की परीक्षाएं 21 जुलाई से आरम्भ होकर 28 जुलाई,2023 तक संचालित होंगी। परीक्षाओं का समय दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक रहेगा।

# सबसे पहले पुरे शहर में प्रॉपर्टी बिल बाँटने का काम शुरू किया जायेगाः जैन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

प्रॉपर्टी आई० डी० में त्रुटियों की लगातार आ रही शिकायतों के चलते सरकार ने संज्ञान लेते हुए सरलीकरण की तरफ कदम बढ़ाने शुरू कर दिए हैं! सबसे पहले पुरे शहर में प्रॉपर्टी बिल बाँटने का काम शुरू किया जायेगा ताकि हर नागरिक को अपनी प्रॉपर्टी आई० डी० की जानकारी प्राप्त हो सके!

उल्लेखनीय है की त्रुटियों को दूर करने की लिए मुख्यमंत्री के पूर्व मिडिया सलाहकार राजीव जैन ने मुख्यमंत्री जी और स्थानीय निकाय मंत्री डॉक्टर कमल गुप्ता को पत्र भेजकर कुछ सुझाव दिए थे जिनके बारे स्थानीय निकाय विभाग ने सभी



निगमों, परिषदों एवं पालिकाओं को निर्देश दिए हैं कि अवैध कालोनियों में किसी प्रॉपर्टी का एरिया गलत दर्ज है तो उसे अब ठीक कर दिया जाये! इसके अतिरिक्त किसी प्रॉपर्टी का पिछला टैक्स गलत आ रहा था और अब ठीक जो गया है तो पिछले टैक्स को भी ठीक किया जायेगा!

इसी तरह लाल डोरे में स्थित किसी प्रॉपर्टी में मालिक का नाम गलत दर्ज हो जाये तो रजिस्ट्री मांगी जाती थी जबकि अब पुराना रिकार्ड देखकर मालिक के नाम की त्रुटि को दूर कर दिया जायेगा! इसके अतिरिक्त प्रॉपर्टी आई० डी० ठीक करने के अधिकार एक के बजाए कई अधिकारियो को देने की भी तैयारी की जा रही है! राजीव जैन ने कहा कि वह लगातार इस प्रयास में हैं कि प्रॉपर्टी आई० डी० में आने वाली परेशानियां दूर हो सके।
इसके लिया निरंतर चंडीगढ़ में बैठे अधिकारीयों के संपर्क में हैं !

# विवाहिता ने ससुराल वालों पर धर्म परिवर्तन करने के लगाए आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला(मनीष कुमार)**

यमुनानगर में ससुरालियों द्वारा विवाहिता के साथ धर्म परिवर्तन के लिए जबरदस्ती करने का मामला सामने आया है। शादी के बाद से आरोपी कभी दहेज तो कभी ईसाई बनने के लिए प्रताड़ित करते थे। अंबाला निवासी युवती की शादी सिख रीति.रिवाज के अनुसार यमुनानगर के गुरविंद्र सिंह से हुई थी। ससुराल वाले शादी पहले से क्रिश्चियन बने हुए थे। लेकिन पहले इसकी भनक तक नहीं लगने दी। जब उसके माता-पिता ने इसका विरोध किया तो पति रेलवे लाइन पर जा बैठा।

# 'बीपीएल राशन कार्ड काटकर परेशान कर रही सरकार'

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक)** लाडवा के वार्ड चार में शनिवार को भारी संख्या में महिलाओं ने स्टालवार्ट फांउडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग के समक्ष फैमिली आईडी व बीपीएल कार्ड कटने जैसी समस्याएं रखी व नजात दिलाने बारे गुहार लगाई।

पीड़ित महिला नाज, किशोरी, गुलफान, हरफुल सिंह, संदीप कुमार, धर्मपाल, अंगूरी देवी, प्रोमिला, बाला, बिमला देवी, रोमी देवी, जोगी राम, शरबती, पाला राम, सुमित्रा, शिमला, सुनीता आदि ने समाजसेवी संदीप गर्ग के आगे अपनी समस्याओं को रखा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा



उनके राशन कार्ड काट दिये गए है। जिसके कारण उन्हें अपना घर चलाना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने जल्द से जल्द इसे ठीक करवाएं ताकि उनका घर चल सकें। वहीं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि भाजपा सरकार में केवल लोगों को धक्के मिल रहे हैं और किसी का कोई भला नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि लाडवा हलके के कई गरीब परिवारों की फैमिली आईडी व राशन कार्ड कट चुक है। जिसके कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि सरकार को जल्द से जल्द ऐसे परिवारों की बीपीएल राशन कार्ड तुरंत प्रभाव से ठीक करने चाहिए, जो गलत हो चुके हैं या कट चुके हैं। वही मौके पर पहुंचे सभी ग्रामीण महिलाओं को उन्होंने आश्वासन दिया कि वह उनके लिए कुछ न कुछ अवश्य करेंगे।

# केंद्र सरकार ने 9 सालों में किया कमालः सुधा



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि केंद्र सरकार ने 9 साल में ऐसा कमाल किया है कि प्रत्येक गरीब व्यक्ति तक सरकार की योजना का 100 फीसदी लाभ पहुंचा है। इस सरकार ने 9 सालों में हर वर्ग के जीवन को सहज बनाने का काम किया है। इस सरकार ने हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी नीतियों को लागू किया और देश व प्रदेश से भ्रष्टाचार समाप्त करने का काम किया। इतना ही नहीं प्रदेश सरकार ने जरूरतमंद लोगों को घर बैठे ही सरकार की योजना का लाभ देकर देश के अन्य राज्यों के लिए उदाहरण पेश किया है। इसके लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल की देश भर में प्रशंसा की जा रही है।
विधायक सुभाष सुधा शनिवार को पिपली रोड़ पर स्थित एक नीजि प्रतिष्ठान में केंद्र सरकार के 9 साल पूरे होने पर आयोजित लाभार्थी सम्मेलन में बोल रहे थे। इससे पहले विधायक सुभाष सुधा, भाजपा के जिला अध्यक्ष रवि बतान, आर एस एस के वरिष्ठ नेता ऋषि पाल मथाना, भाजपा के युवा नेता साहिल सुधा, हरियाणा घंमतु जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष जय सिंह पाल, सांसद नायब सिंह के भाई सुमन सैनी, भाजपा नेत्री परमजीत कौर कश्यप, भाजपा नेत्री शशी सैनी, पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार सैनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक चौहान, रमेश सैनी, हरिश अरोड़ा, रजनीश, जिला परिषद के वाइस चेयरमैन धर्मपाल चौधरी, आचार्य राममेहर शास्त्री, पूर्व चेयरमैन देवीदयाल शर्मा, रविंद्र सांगवान, जसविंद्र सैनी ने दीप प्रज्ज्वलित करके विधिवत रुप से थानेसर विधान सभा के लाभार्थी सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक सुभाष सुधा व भाजपा के जिला अध्यक्ष रवि बतान ने थानेसर नगर परिषद की तरफ से लगभग 30 दुकानदारों को मालिकाना हक की रजिस्ट्रियां भी दी है। इसके अलावा सेल्फ हैल्प ग्रुप को 30 लाख व 7 लाख रुपए की राशि के दो चैक भी लाभार्थियों को सौंपें है।
विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल एक नेक नीति व स्वच्छ सोच के साथ गरीब लोगों के कल्याण के लिए काम कर रहे है।

# विज की अनुपस्थिति में एसडीएम व सचिव ने सुनी लोगों की समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** लोक निर्माण विश्राम गृह अम्बाला छावनी में आयोजित जनता दरबार में प्रदेश के कौने-कौने से हजारों की संख्या में प्रार्थी अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के जिला अम्बाला से बाहर होने के चलते एसडीएम अम्बाला छावनी सतिन्द्र सिवाच व गृहमंत्री के निजी सचिव दलबीर सिंह व पीए समीर ने जनता की समस्याएं सुनने का काम किया। इस मौके पर सम्बन्धित प्रार्थियों की शिकायतें लेते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को मार्क की गई ताकि शिकायतों का तीव्रता से समाधान हो सके।
एसडीएम सतिन्द्र सिवाच ने इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के बाहर होने के चलते उनके दिशा-निदेर्शानुसार वे तथा उनके निजी सचिव को शिकायते सुनने के लिए कहा गया है ताकि दूर-दराज से जो प्रार्थी आए हैं उन्हें परेशानी न हो तथा उनकी समस्याओं को लेकर उनका समाधान करवाया जा सके। सम्बन्धित प्रार्थियों से शिकायतें लेकर सम्बन्धित अधिकारियों को मार्क की गई है ताकि वे शिकायतों को एग्जामिन करके उन पर उचित कार्रवाई की जा सके। एसडीएम ने प्रार्थियों को यह भी कहा कि यहां से जो भी शिकायत मार्क की जा रही है उस पर उचित कार्रवाई होगी। इस मौके पर सम्बन्धित पुलिस रेंज से डीएसपी भी उपस्थित रहे और उनके जिलों से सम्बन्धित पुलिस विभाग की जो शिकायतें प्राप्त हुई हैं



उन्हें भी सौंपी गई ताकि प्रार्थियों को तीव्रता से न्याय मिल सके।
जनता दरबार के दौरान भिवानी से आई एक महिला ने उसके साथ छेड़छाड़ के मामले में पुलिस में शिकायत देने के बावजूद आरोपी पर कोई कार्रवाई न होने बारे, करनाल से आई एक दिव्यांग महिला ने उसका प्लाट प्रोपर्टी डीलर द्वारा धोखे से बेचने बारे, गांव पाई जिला कैथल से आए बुजुर्ग ने घर में हुई चोरी के मामले शिकायत देने के बावजूद पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न होने बारे, रोहतक जिले के गांव बहलबा से समस्त ग्रामीण कमेटी से आए लोगों ने व्यापारी सुरेश द्वारा उनके साथ लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में तथा न ही उनके पैसे रिकवर किए जाने बारे पुलिस में शिकायत देने के बावजूद कार्रवाई न होने बारे, करनाल से आई एक युवती ने विदेश भेजने के नाम पर उसके एंजैट द्वारा साथ लाखों रुपए की धोखाधडी होने बारे, बरवाला से आए एक युवक ने उसकी मां के साथ गांव के ही कुछ लोगों द्वारा बुरी तरह से मारपीट करने की शिकायत पुलिस में देने के बावजूद कार्रवाई न होने बारे, मेवात से आए एक बुजुर्ग ने उसकी जमीन पर दंबगों द्वारा कब्जा किए जाने की शिकायत पुलिस में देने के बावजूद कार्रवाई न होने बारे, सिरसा से आए एक प्रार्थी ने उसके खेतों से गेहूं की फसल की चोरी होने पर पुलिस में शिकायत देने पर कार्रवाई न होने बारे, घरौंडा से आए एक बुजुर्ग ने उसके साढे 13 मरले प्लाट के मामले में धोखाधडी होने बारे, शाहबाद से आई एक महिला ने नौकरी के नाम पर लाखों रुपए लेने तथा आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत देने के बावजूद कार्रवाई न होने बारे, यमुनानगर से आई एक महिला ने आयुष्मान कार्ड बनवाने बारे, फरीदाबाद से आए एक प्रार्थी ने उसके बेटे की हत्या के मामले में तथा उसके पिता के साथ बुरी तरह मारपीट करने वाले मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी न होने बारे, मनमोहन नगर अम्बाला शहर से आई एक महिला ने ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा उसकी बेटी को तंग किए जाने बारे तथा अन्य प्रार्थियों ने अपनी-अपनी शिकायतें लिखित प्रार्थना पत्र के माध्यम से जनता दरबार में रखी।

# बृजपुरी: दो भाइयों पर चाकू से हमला, इलाके में तनाव

## पैरामिलिट्री फोर्स तैनात, आरोपी की पहचान मोहम्मद जैद के रूप में हुई, आरोपी ने कथित तौर पर चाकू निकाला और राहुल पर हमला कर दिया

**तनातनी**

= युवक के पेट के निचले हिस्से पर गहरे घाव हैं, जिसका अस्पताल में इलाज किया जा रहा है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**दिल्ली के बृजपुरी इलाके में रहने वाले** एक व्यक्ति ने 19 वर्षीय युवक पर चाकू से हमला कर दिया। युवक के पेट के निचले हिस्से पर गहरे घाव हैं, जिसका अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। इस घटना में पीड़ित के चेचरे भाई को भी चोटें आईं हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान मोहम्मद जैद के रूप में हुई है, जबकि पीड़ितों की पहचान 19 वर्षीय राहुल और उसके चचेरे भाई सोनू के रूप में हुई है। इन लोगों के बीच छोटी सी बात पर बहस हो गई थी। उनकी बहस जल्द ही तीखी हो गई और आरोपी ने कथित तौर पर चाकू






निकाला और राहुल पर हमला कर दिया। पीड़ितों ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि आरोपी जैद ने कथित तौर पर उसके पेट के निचले हिस्से में चाकू मारा। पीड़ितों ने यह भी बताया है कि बीच-बचाव करने और राहुल को बचाने की कोशिश में सोनू को भी लड़ाई में चोटें आईं।

**जल्द होगी आरोपित की गिफ्तारी:** दयालपुर पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी शुक्रवार रात 10:00 बजे मिली थी। आरोपित और पीड़ित दोनों एक ही इलाके के रहने वाले हैं।

आरोपित वारदात के बाद से फरार है। आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपित की तलाश की जा रही है। पुलिस अधिकारी ने कहा, "हम मामले की आगे जांच कर रहे हैं और आरोपियों का पता लगाने और उन्हें पकड़ने के प्रयास जारी हैं।" वहीं, उनके परिवार के सदस्यों ने कहा कि उन्हें अभी भी नहीं पता कि यह घटना क्यों घटी। पीड़िता की बहन मधु ने कहा, "हमें नहीं पता कि उन्हें (राहुल को) चाकू क्यों मारा गया।" डीसीपी जॉय एन टिर्की ने कहा, "सोनू के हाथ में कुछ चोटें आईं, जबकि राहुल के पेट के निचले हिस्से में आरोपित द्वारा चाकू मारने के बाद उसे जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया।" उन्होंने बताया कि धारा 307 और 324 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**घटना के बाद इलाके में तनाव:** वहीं, इस घटना के बाद से इलाके का माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है, जिसको ध्यान में रखते हुए इलाके पैरामिलिट्री फोर्स तैनात की गई है।

### संगम विहार में दो पक्षों के बीच झड़प और फायरिंग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के संगम विहार में बीती रात एक घर के बाहर फायरिंग की वारदात सामने आई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने घटना के बारे में बताया कि शुक्रवार को रात करीब साढ़े दस बजे जाट धर्मशाला जी ब्लॉक संगम विहार से एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी, जिसमें कॉलर ने बताया कि उसके साथ कुछ लोगों ने हाथापाई की है। मौके पर पहुंची टीम को पता चला कि जी ब्लॉक में स्थित जाट धर्मशाला के पास अंकित हरसाना और अजहरुद्दीन, इकबाल व अन्य के बीच झगड़ा हो गया था। इसके बाद अंकित ने खुद को अपमानित महसूस किया और बब्लू, सुनील और अन्य लोगों के साथ झगड़ा स्थल पर पहुंच गया।

# ठक-ठग गैंग के दो गुर्गे गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दक्षिणी जिले के स्पेशल सेल ने एक नाबालिग समेत ठक-ठग गैंग के दो गुर्गों को पकड़ा है।बालिग आरोपित की पहचान दक्षिणपुरी के साहिल के रूप में हुई है। इससे उत्तरी पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर में चोरी के एक मामले को भी सुलझा लेने का दावा भी पुलिस कर रही है। पुलिस को आरोपितों के पास से चोरी के 15 लाख नकद और दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। पुलिस उपायुक्त चंदन चौधरी ने बताया कि स्पेशल सेल जिले में चोरी के मामलों को सुलझाने के लिए लगातार काम कर रही है। इसी बीच एएसआइ सतीश कुमार को सीलमपुर में 25 लाख की चोरी के मामले में शामिल एक कुख्यात चोर के एक नाबालिग के साथ जिले के साकेत इलाके के मछली बाजार में आने की सूचना मिली। पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से मौके पर जाल बिछाकर करीब सुबह 10.45 बजे दो संदिग्धों को पकड़ा जिनकी पहचान साहिल और नाबालिग के रूप में हुई। उनकी तलाशी लेने पर पुलिस को 15 लाख नकद से भरा एक बैग और दो मोबाइल फोन बरामद हुए। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपितों ने उक्त सीलमपुर में चोरी के मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली।

# शेखावत मानहानि: गहलोत को समन जारी होगा या नहीं, अब 30 को होगा फैसला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय जलशक्ति** मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की ओर से राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि मामले में अदालत ने होने वाली सुनवाई को टाल दी है। बताया जा रहा है कि राउज एवेन्यू कोर्ट के न्यायाधीश हरजीत सिंह जसपाल के छुट्टी पर रहने की वजह से आज इस मामले की सुनवाई को टाल दिया।
अब इस मामले में 30 जून को कोर्ट सुबह 11 बजे अपना फैसला सुनाएगा।

**पिछली सुनवाई में सुरक्षित रखा था फैसला:** पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने राजस्थान को



मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को समन जारी या नहीं करने के मामले में अपना फैसला सुरक्षित रखा था। मामले की सुनवाई के दौरान गजेंद्र सिंह शेखावत के वकील ने कहा कि अदालत ने मामले की जांच का निर्देश दिया था, जांच में यह संकेत मिले हैं कि अशोक गहलोत द्वारा लगाए गए आरोप झूठे हैं। पक्ष के वकील ने भी बचाव में अपना पक्ष रखा। दोनों पक्ष सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# पक्षियों की खरीद-फरोख्त वाली दुकान में छापेमारी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
उत्तरी पूर्वी दिल्ली जिला पुलिस टीम ने शास्त्री पार्क इलाके में पक्षियों की खरीद-फरोख्त करने वाली दुकान में छापा मारकर प्रतिबंधित प्रजातियों के 19 कछुए और 40 तोते बरामद किए हैं। छापेमारी की भनक लगते ही दुकानदार फरार हो गया। फिलहाल मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश की जा रही है। उत्तर पूर्वी दिल्ली जिला के डीसीपी डॉ जॉय टिर्की ने बताया कि शुक्रवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी के संगठन पीएफए (पीपुल फॉर एनिमल) के एनिमल वेलफेयर ऑफिसर गौरव गुप्ता ने

**भनक लगी थी**

= खरीद-फरोख्त करने वाली दुकान में छापा मारकर प्रतिबंधित प्रजातियों के 19 कछुए और 40 तोते बरामद किए हैं

इसकी सूचना दी थी कि शास्त्री पार्क थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित विशेष प्रजाति के कछुए और तोते की बिक्री की जा रही है। शिकायतकर्ता गौरव गुप्ता ने बताया कि वह पीएफए संगठन में पशु कल्याण अधिकारी के रूप में काम कर रहा है। उसने देखा है कि बुलंद मस्जिद शास्त्री पार्क दिल्ली के पास स्थित पक्षियों की




बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कार्यालय में मंदिर प्रकोष्ठ की संगठनात्मक बैठक को संबोधित किया एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की।

# सेना की नौकरी छोड़ करने लगा नकली नोटों की स्मगलिंग, गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली पुलिस की** स्पेशल सेल ने भारतीय करेंसी के नकली नोटों की खेप के साथ बुल्गारिया के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उससे आठ लाख रुपये के नकली नोट और एक लाख 89 हजार भारतीय रुपये बरामद किए हैं। आरोपित ने बुल्गारिया की सेना में नौकरी छोड़ने के बाद भारत में नकली नोटों की तस्करी और धोखाधड़ी शुरू की। पुलिस पूछताछ में आरोपित की पहचान बुल्गारिया के सोफिया निवासी रुस्लान पेत्रोव मेटोडीव के रूप में हुई है। वह वर्तमान में गुरुग्राम के पालम विहार में रहता था। पुलिस ने उससे

**शिकंजा**

= पुलिस ने उससे आठ लाख रुपये के नकली नोट और एक लाख 89 हजार भारतीय रुपये बरामद किए हैं

भारतीय नकली नोट छापने में प्रयोग लैपटाप, प्रिंटर, लेमिनेशन मशीन, क्लैंपिंग टूल, स्याही, तस्करी में इस्तेमाल किए गए सिम कार्ड वाले मोबाइल, लेमिनेशन मशीन, तीन पेपर स्केलिंग, कटर मशीनें, प्रिंट करने में उपयोग किए जाने वाले कागज का बंडल, 35 ट्रेसिंग पेपर सहित अन्य सामान बरामद किया है। आरोपित से बरामद की गई



नकली करेंसी में सारे नोट 500 के हैं।

**अपने साथी को नकली नोटों की खेप देने आया था आरोपित:** स्पेशल सेल को सूचना मिली थी कि भारत में अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट नकली भारतीय करेंसी की तस्करी कर रहा है। जांच में सामने आया कि गुरुग्राम में रहने वाला एक विदेशी नागरिक विभिन्न देशों में स्थित सिंडिकेट के सदस्यों की मिलीभगत से भारत में नकली नोटों की तस्करी कर रहा है। पुलिस ने 21 जून की सुबह नजफगढ़-कापसहेड़ा रोड पर बजघेरा के पास से आरोपित रुस्लान पेत्रोव मेटोडीव को गिरफ्तार कर लिया। वह अपने साथी अशाइबा को नकली करेंसी देने आया था।

**रुस्लान 2018 में भारत आया, 2019 में धोखाधड़ी में गिरफ्तार:** पूछताछ में रुस्लान ने बताया कि वह 2018 में भारत आया था। इसके बाद दोबारा 2019 में भारत आया। तुगलक रोड थाना पुलिस ने धोखाधड़ी के एक मामले में गिरफ्तार किया था। आरोपित ने एक निजी बैंक के एटीएम में स्कीमिंग डिवाइस लगाकर ठगी की थी। आरोपित जनवरी 2021 में जमानत पर जेल से बाहर आया था। जेल में रहने के दौरान आरोपित नकली भारतीय मुद्रा की छपाई और वितरण करने वाले शातिरों के संपर्क में आया। इसके बाद आरोपित ने भारतीय नकली नोटों की तस्करी शुरू कर दी। कुछ दिन बाद उसने खुद ही नकली नोटों की छपाई शुरू कर दी। उसने यूट्यूब पर नकली नोट बनाना सीखा था। रुस्लान पेत्रोव मेटोडीव ने बुल्गारिया में अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की। वह 1996 में बुल्गारियाई सेना में भर्ती हुआ था।
यहां पर उसने छह साल नौकरी की। फिर 2018 में व्यवसाय की संभावना तलाशने के लिए गोवा आया। उसने 2019 में दोबारा भारत आकर डोनट्स का व्यवसाय शुरू किया।

# वसंतकुंज में बनेगा कुत्तों की नसबंदी का केंद्र



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
लावारिस कुत्तों की समस्या से परेशान दिल्लीवालों को राहत देने के लिए वसंत कुंज में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के तहत कुत्तों की नसबंदी केंद्र-सह-पशु चिकित्सा अस्पताल/डिस्पेंसरी बनेगी। यहां पर लावारिस कुत्तों की नसबंदी और इलाज मुफ्त में किया जाएगा। वहीं अन्य स्रोतों से प्राप्त राजस्व का उपयोग अन्य सेवाओं के लिए किया जाएगा। इस केंद्र की स्थापना के लिए उपराज्यपाल वीके सक्सेना के आदेश पर वसंत कुंज में डीडीए ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को 483 वर्ग मीटर भूमि आवंटन को मंजूरी दे दी है। इसके माध्यम से लावारिस कुत्तों के खतरे और कुत्तों के काटने के मामलों को रोकने का प्रयास किया जाएगा। शहर में

**मंजूरी**

= यहां पर लावारिस कुत्तों की नसबंदी और इलाज मुफ्त में किया जाएगा। राजस्व का उपयोग अन्य सेवाओं के लिए किया जाएगा

कुत्तों के काटने की बढ़ती घटनाओं और लावारिस कुत्तों के बढ़ते खतरे को देखते हुए एलजी सचिवालय ने कहा था कि डीडीए द्वारा एमसीडी को जमीन इस शर्त पर आवंटित की जाएगी कि वह लावारिस कुत्तों की नसबंदी के लिए मुफ्त सेवाएं प्रदान करेगी। हाल के दिनों में ऐसी कई घटनाएं हुई हैं,
जहां लावारिस कुत्तों ने लोगों पर हमला किया। इनमें कई बच्चों की जान भी चली गई। बता दें कि साल 2019 से यह केंद्र लंबित था।

# सुरक्षित नहीं हैं दिल्ली के कोचिंग संस्थान: सर्वे



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली में च**ल रहे कोचिंग संस्थान सुरक्षित नहीं हैं। दिल्ली अग्निशमन विभाग के फायर ऑडिट रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है। मुखर्जी नगर में कोचिंग संस्थान में आग लगने के बाद दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश पर अग्निशमन विभाग ऑडिट कर रही है। 21 जून से शुरू हुई ऑडिट में विभाग ने अब तक 130 इमारतों की जांच की है। इनमें यूपीएससी, सीए, एसएससी सहित अन्य प्रतियोगिता परीक्षा के लिए कोचिंग सेंटर चलाए जा रहे हैं। शुरूआती रिपोर्ट में कहा गया है कि किसी भी इमारत में आग पर काबू पाए जाने के समुचित इंतजाम नहीं हैं और इन इमारतों में कोई न कोई खामी है।
अग्निशमन विभाग के अधिकारी का कहना है कि फायर ऑडिट के दौरान भी इमारतों की जांच की गई। तीन दिन में विभाग ने कुल

**खतरा...**

= शुरूआती रिपोर्ट में कहा गया है कि किसी भी इमारत में आग पर काबू पाए जाने के समुचित इंतजाम नहीं हैं

130 इमारतों की जांच की है। जिसमें कोचिंग सेंटर चल रही है। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने इन इमारतों में आग से बचाव के इंतजामों की जांच की। जिसमें एक भी इमारत ऐसी नहीं मिली जिसमें आग से बचाव के उपाय किए गए हों।
सूत्रों का कहना है कि कुछ इमारतों में आग बुझाने वाले उपकरण मिले हैं लेकिन यह काफी पुराने हैं। जहां उपकरण लगे भी मिले वहां काम करने वालों को उपकरण चलाने का प्रशिक्षण नहीं दिया गया है। किसी किसी इमारत में सीढ़ियां काफी संकरी है।

# कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद का होगा रिडेवलपमेंट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कुतुब मीनार** के परिसर में स्थित कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद का ताजमहल की तर्ज पर संरक्षण किया जा रहा है। पहली बार कार्बनिंग तकनीक की मदद से इसके तोरणद्वार को ठीक किया जा रहा है। इसके खराब हुए पत्थर निकालकर उसके स्थान पर नए पत्थर लगाए जा रहे हैं।

**कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद की बदलेगी सूरत:** समय के साथ व भूकंप, रखरखाव के अभाव में

**तकनीक का इस्तेमाल**

= कार्बनिंग तकनीक की मदद से इसके तोरणद्वार को ठीक किया जा रहा है। खराब पत्थर निकालकर नए पत्थर लगाए जा रहे हैं

मस्जिद में आई दरारों को भरा जा रहा है। इसमें लाइटिंग की व्यवस्था भी की जाएगी, जिससे यह दूर से ही लोगों को आकर्षित करेगी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की ओर से इसका



संरक्षण किया जा रहा है। एएसआई के अधिकारियों ने कहा है कि जिस तरह ताजमहल का संरक्षण कार्बनिंग के जरिये होता है, उसी शैली का इसमें प्रयोग किया जा रहा है। जी- 20 शिखर सम्मेलन को देखते हुए इसका काम एक महीने के भीतर पूरा करने की उम्मीद है।


**35 कारीगर कर रहे संरक्षण का काम:** राजस्थान के धौलपुर व आगरा के 35 कारीगर संरक्षण का कार्य कर रहे हैं। इसमें मकराना के पत्थर का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिसमें कार्बनिंग का कार्य कर रहे रफीक चौधरी और रहमान बताते हैं कि यह काफी मुश्किल तकनीक है। पहले पत्थर की कार्बनिंग की जाती है।

# स्नीति ने जीती कैंसर से जंग, छह माह की उम्र में आंख का कैंसर

## छह माह की उम्र में आंख का कैंसर, एम्स में चला इलाज, अब लोगों को कर रही जागरुक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**माता-पिता** को पता चला कि बेटी को कैंसर हो गया है तो पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई। उन्हें लगा कि अब क्या होगा, लेकिन हार नहीं मानी और एम्स में स्नीति का पूरा उपचार करवाया और आज वह पूरी तरह से स्वस्थ है। ठीक होने के बाद वह दूसरों को कैंसर से लड़ने का तरीका सिखा रही हैं।

**कैंसर पीड़िता बच्चे बन रहे दूसरों के लिए मिसाल:** कैंसर को हराने वाली स्नीति अकेली नहीं हैं, उन जैसे सैकड़ों बच्चे हैं जो दूसरों के लिए एक मिसाल हैं। दरअसल, एम्स ने चाइल्डहुड कैंसर सर्वाइवर्स डे के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें कैंसर को






हरा चुके बच्चों ने अपने अनुभव साझा किए। इस मौके पर 12 साल की स्नीति ने बताया कि उसे 6 माह की उम्र में रेटिनोब्लास्टमा (आंख का कैंसर) हो गया था। माता-पिता ने एम्स में उपचार करवाया और अब वह ठीक है। उन्होंने कहा कि मैं पेंटिंग करना पसंद करती हूं। मेरे हिसाब से 365 दिन भी कम हैं अपनी रुचि को पूरा करने के लिए, वैसे में ऑनलाइन माध्यम से फ्रेंच पढ़ा रही हूं।

**प्रेरणास्त्रोत**

= कैंसर को हराने वाली स्नीति अकेली नहीं हैं, उन जैसे सैकड़ों बच्चे हैं जो दूसरों के लिए एक मिसाल हैं

**ढाई साल की उम्र में हुआ कैंसर:** वहीं हापुड़ के रहने वाले ढाई साल के आरव अपने फूफा आनंद प्रकाश के साथ अस्पताल आए थे। आनंद ने बताया कि जब बच्चा 11 दिन का था, तभी उसे कैंसर के लक्षण दिखने लगे। पहले मेरठ में इसका इलाज कराया और बाद में एम्स दिल्ली आए तो यहां के डॉक्टरों ने सर्जरी और दवाओं की मदद से बच्चे को कैंसर मुक्त कर दिया।

**कैंसर से 80 फीसदी हो जाते हैं ठीक:** कार्यक्रम में एम्स निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास व अन्य डॉक्टरों ने बच्चों से मुलाकात की। साथ ही उनके अनुभव साझा किए। इस मौके पर एम्स के पीडियाट्रिक ऑनकोलॉजी विभाग की प्रोफेसर डॉक्टर रचना सेठ ने बताया कि एम्स में इलाज के लिए आने वाले कैंसर से पीड़ित 80 फीसदी बच्चे इस गंभीर बीमारी को हराकर स्वस्थ जीवन जीते हैं। अगर बच्चों के कुछ लक्षणों पर नजर डालकर कैंसर का जल्द पता लग जाए तो यह ठीक हो सकता है।
बच्चों में कैंसर के लक्षण लगातार पीठ में दर्द होना। कमजोर होता जाना। बार-बार बुखार आना। हड्डियां कमजोर होना। लंबे समय तक सिरदर्द। तेजी से वजन कम होना। पीलेपन का शिकार होना। आंखों में बदलाव जैसे भैंगापन आदि शामिल है।

**एम्स में चलता है केंद्र:** एम्स का पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी डिवीजन देश का पहला कैंसर सर्वाइवरशिप सेवाएं शुरू करने वाला डिवीजन है। यह एक साप्ताहिक क्लीनिक है जिसमें इलाज पूरा करने वाले बच्चों का पंजीकरण किया जाता है।
यहां पर सामाजिक मुद्दे, कैंसर के उपचार के देर से प्रभाव, शिक्षा और समाज में एकीकरण पर काम किया जाता है।

# केवल पार्क : प्राचीन शिव मंदिर में हाउस टैक्स कैम्प का आयोजन






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के केवल पार्क स्थित प्राचीन शिव मंदिर में हाउस टैक्स कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का आयोजन सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी ने किया। इस मौके पर सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी ने बताया कि इस हाउस टैक्स कैंप में 300 से ज्यादा लोगों ने अपना सम्पति कर जमा करवाया। उन्होंने आगे बताया कि यह शिविर सुबह 10 बजें से लेकर 3 बजें तक लगाया गया। इस शिविर में आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक जय प्रकाश यादव, हाउस टैक्स विभाग से अफसर अजय गुप्ता, सचिन झा के अलावा चौधरी ओम प्रकाश प्रधान, चन्द्र शेखर शर्मा, हरीश भारद्वाज, उमेश शर्मा, सुभाष कादयान, अजय गुप्ता, शशि गांधी, राज सिंह दहिया, सुभाष राणा, मनोज बाल्यान, ओम प्रकाश कौशिक, कृष्ण गोपाल, वरूण त्यागी, आशीष जायसवाल, उज्जवल त्यागी, अरूण कुमार, अदित्य कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। शिविर में आये हुए लोगों ने सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन नवीन त्यागी के कार्यों की प्रसंशा की।

## रक्तदान करने से नहीं आती है शरीर में कमजोरी: मोहित त्यागी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भाजपा** के पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहित त्यागी ने बताया कि रक्तदान महादान होता है, इसलिए इस पुण्य के कार्य में सभी हिस्सा ले और अधिक से अधिक बार रक्तदान करें।

श्री त्यागी ने आगे बताया कि रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब हमारा कोई रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है, इसलिए सभी रक्तदान करें। मोहित त्यागी ने आगे बताया कि रक्तदान को लेकर आज भी लोगों के मन में कई सारी गलत धारणाएं मौजूद हैं। ज्यादातर लोग ऐसा सोचते हैं कि ब्लड डोनेट करने से शरीर में कमजोरी आ जाती है और फिर कई बीमारियां लग सकती हैं जों कि पूरी तरह से गलत धारणा है। रक्तदान हम सभी की जिम्मेदारी है।

# कैरियर विल ने रोहिणी में लगाया हेल्थ चेकअप कैंप




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रोहिणी** के सैक्टर-6 स्थित पॉकेट बी-3 के श्री सनातन धर्म मंदिर में कैरियर विल के द्वारा निःशुल्क विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन मुख्यअतिथि कैरियर विल के चेयरमैन राकेश यादव सर ने किया। इस शिविर में मेदांता हास्पिटल, आई मंत्रा हास्पीटल और क्लोव डेंटल की टीम के द्वारा लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस शिविर में लगभग 302 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। इस दौरान लोगों के बीपी, शुगर, ईसीजी, दांत और आंख की जांच की गई और लोगों को दवाईयां व चश्में भी मुफ्त में दिये गये। इस अवसर पर राकेश यादव ने बताया कि इस प्रकार के शिविर सभी को लगाने चाहिए, ऐसे शिविरों से स्वास्थ्य की सेवाएं लोगों के घर के पास ही मिल जाती है। इस अवसर पर अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव, रिठाला विधानसभा क्षेत्र के विधायक महेन्द्र गोयल, निगम पार्षद धर्मवीर शर्मा, समाजसेवी चेतन अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, विनोद शर्मा, साहिल यादव, मनीष यादव, रास बिहारी मंडल, जितेन्द्र सैनी, नवीन मुंजाल, किशन लाल मदान, मनोज कंसल, सुरेन्द्र गोयल, सुखबीर सैनी, अश्वनी गर्ग, राज कुमार मित्तल, राकेश मित्तल के अलावा कई लोग मौजूद रहे।

# कांग्रेस में शामिल हुए आम आदमी पार्टी के कई कार्यकर्ता




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आम** आदमी पार्टी की गलत व जनविरोधी नीतियों के चलते आम आदमी पार्टी को छोड़कर कई कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस की सदस्यता लेने वालो में संजय वर्मा कार्यकारिणी सदस्य, कन्हैया लाल सदस्य श्रमिक बोर्ड, वलीम खान पूर्व प्रत्याशी, परवेज मलिक, सुनहरी, शाहबुद्दीन, अशोक वर्मा, चौधरी सुखबीर, रमेश कुमार और संदीप कुमार अपने साथियों के साथ उपस्थित रहे। उक्त जानकारी करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने दी। करावल नगर जिला कांग्रेस कार्यालय पर जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने कई आप नेताओं को कांग्रेस का पटका पहनाकर स्वागत करते हुए आशा जताई कि आप पार्टी में सक्रिय भूमिका निभाने वाले साथियों के कांग्रेस में शामिल होने पर निश्चित रूप से जिला कांग्रेस को ताकत मिलेगी, बल्कि हम दिल्ली के प्रत्येक शहर की आवाज मजबूती से उठाकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए काम करेंगे। आज जनता केजरीवाल के भ्रष्टाचार व झूठे वायदों से परेशानी आ चुकी है। भ्रष्टाचार का आलम ये है कि इनके बड़े-बड़े नेता घोटालों के चलते जेल काट रहे हैं और खुद मुख्यमंत्री जनता की मेहनत के करोड़ो रुपए अपने बंगले की साज सज्जा पर खर्च कर मौज लूट रहे हैं, जबकि जनता दो घूंट पीने के साफ पानी को भी तरस रही है। लोगो के कामों का आलम ये है कि पिछले लगभग 6 वर्षो से राशन कार्ड तक नहीं बने हैं। वहीं आप पार्टी से कांग्रेस में शामिल हुए सभी लोगो ने एक सुर में यह माना कि चुनाव के समय पर किए गए वायदों को धरातल पर ना उतार पाने के कारण क्षेत्रीय लोग उनसे अक्सर सवाल करते हैं तो वहां जवाब देना भारी हो जाता है और लोगो के आक्रोश का सामना करना पड़ता है।



शालीमार बाग वार्ड-55 ए में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्ण पाल यादव, मंडल महामंत्री विजेंद्र सिंह पिंटू, मंडल महामंत्री राजेश गुप्ता, मंडल महामंत्री सुनील ठाकुर, युवा समाजसेवी राजकुमार चौधरी, बलविंदर साहनी, सतीश कालीरमन, रानी कुमारी, शिवम कुमार, शिवराज कुमार, शिवानी कुमारी, नीलिमा मिश्रा, संजय झा व अन्य।

# नरेला के स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में मनाया गया योग दिवस





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**9वें** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर नरेला में सीआरपीएफ की 238 बटालियन द्वारा नरेला के स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 238 बटालियन के अधिकारियों, जवानों और आम जनमानस ने योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय निगम पार्षद श्वेता खत्री मौजूद रही। बाहरी दिल्ली के नरेला में सीआरपीएफ की 238 बटालियन के कमांडेंट विकास पांडेय के नेतृत्व में हरिश्चंद्र रोड स्थित स्पोर्ट्स कंपलेक्स में योग कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें बटालियन के अधिकारियों, जवानों सहित आम जनमानस ने बड़े ही उत्साह के साथ योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय निगम पार्षद श्वेता खत्री को कमांडेंट विकास पांडेय, डिप्टी कमांडेंट नीरज त्यागी द्वारा पुष्पगुच्छ व प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर कमांडेंट विकास पांडेय ने योग करने वाले सभी जवानों और जनमानस को योग के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि योग के माध्यम से हम कई बीमारियों को अपने शरीर से दूर रख सकते हैं। नियमित योग करने वाला व्यक्ति हमेशा तनाव मुक्त तथा प्रफुल्लित जीवन जीता है। योग हमारे शरीर को ऊजार्वान रखता है इसलिए योग नियमित रूप से सभी को करना चाहिए। कार्यक्रम में कमांडेंट विकास पांडेय, डिप्टी कमांडेंट नीरज त्यागी, असिस्टेंट कमांडेंट सुनील वर्मा, सिद्धि कुमारी, अजीत खत्री सहित बड़ी संख्या में अधिकारियों, जवानों व आम जनमानस ने हिस्सा लिया।

## गरीबों व असहायों की सभी को करनी चाहिए मदद: राकेश त्यागी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भडौला** गांव के समाजसेवी राकेश त्यागी ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंदों व असहायों की सहायता करनी चाहिए। श्री त्यागी ने कहा कि गरीबों की मदद करना भी पुण्य का कार्य है, इसलिए सभी जरूरतमंदों की सहायता करें।

एक अन्य सवाल के जवाब में राकेश त्यागी ने कहा कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए। क्योंकि पेड़-पौधो का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। इसलिए सभी पौधारोपण करें और दूसरों को भी पौधारोपण के लिए प्रेरित करें।

# नरेला विधानसभा क्षेत्र में सात दिवसीय समर कैम्प का हुआ भव्य आयोजन






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नरेला** के सनातन धर्म मंदिर पंजाबी कॉलोनी में चल रहे 6 दिनी समर कैंप का समापन के अवसर पर कला प्रोत्साहन मंच द्वारा समापन व सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों की एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति ने मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नरेला एसीपी सुरेश कौशिक मौजूद रहे। बाहरी दिल्ली के नरेला में पंजाबी कॉलोनी स्थित सनातन धर्म मंदिर में कला प्रोत्साहन मंच द्वारा 6 दिनी समर कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा को उजागर करना था। कैंप में पिछले 6 दिनों तक अनहद म्यूजिकल अकैडमी के योग्य शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों को उनकी रूचि के अनुसार योगा, जुंबा डांस, सेल्फ डिफेंस, क्लासिकल नृत्य, बॉलीवुड डांस गायकी आदी एक्टिविटीज में प्रतिदिन निःशुल्क प्रशिक्षण दिया गया।

समर कैंप के समापन के अवसर पर कला प्रोत्साहन मंच द्वारा समापन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हेमराज बंसल, एनडी अरोड़ा, हाजी अब्बास अली, प्रवीन लाकड़ा, पवन खत्री मोनी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। तत्पश्चात बच्चों ने समर कैंप में सीखी हुई क्लासिकल नृत्य, बॉलीवुड डांस, जुंबा डांस आदि की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। जब बच्चे प्रस्तुति दे रहे थे तब अभिभावकों के चेहरे पर प्रसन्नता की झलक साफ दिखाई दे रही थी। समर कैंप में बच्चों ने जो सीखा उसका बखूबी प्रदर्शन किया। इस दौरान विभिन्न वक्ताओं ने बच्चों द्वारा समर कैंप में सीखी विभिन्न गतिविधियों की प्रशंसा की और उन्हें ज्यादा मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि, अति विशिष्ट अतिथियों का अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत सम्मान किया गय। कार्यक्रम संयोजक मनोज बंसल ने बताया कि समर कैंप में बच्चों को उनकी रूचि के अनुसार विभिन्न एक्टिविटीज में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया गया। समर कैंप में 300 से ज्यादा बच्चों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में एसीपी नरेला सुरेश कौशिक, निगम पार्षद वार्ड नंबर-2 बाकनेर दिनेश भारद्वाज, आर्य समाज नरेला और नरेला विकास संगठन के प्रधान हेमराज बंसल, नरेला विकास संगठन के चेयरमैन चौधरी हाजी अब्बास अली, महामंत्री नौतन दास अरोड़ा, कोषाध्यक्ष श्रीनिवास वर्मा, प्रमुख समाजसेवी प्रवीन लाकड़ा, पूर्व प्रत्याशी वार्ड नंबर 2 बॉकनेर आनंद खत्री, नरेला मंडल भाजपा अध्यक्ष अशोक अमरोही, महामंत्री पवन खत्री (मोनी) महामंत्री योगेश शर्मा, मेन बाजार मर्चेंट एसोसिएशन (रजि.) से उप प्रधान विकास बंसल, अमित बंसल, मनोज सिंघल, युवा जिलाध्यक्ष कांग्रेश प्रमोद नरवाल, प्रमुख समाजसेवी राज कुमार गोयल, रणवीर सिंह, शशिबाला, नवीन मल्होत्रा व अन्य उपस्थित रहे कला प्रोत्साहन मंच की कार्यकारिणी में मनोज बंसल सुनील खत्री, दीपक मक्कड़, तरुण बंसल, अनिरुद्ध त्यागी, राजेश खत्री शालिका अग्रवाल, रजत शर्मा, अजय कुमार, मोहित गुप्ता और अश्विनी तरुण मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### लघु सचिवालय के पीछे विभिन्न सेवाओं के लिए बनी खिड़कियों के साथ लगाया वाटर कूलर

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल।** अब लघु सचिवालय के पीछे विभिन्न सेवाओं के लिए बनी खिड़कियों के साथ खड़े नागरिकों को पेयजल के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। अब यहां पर बैजनाथ चौधरी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आरओ युक्त वाटर कूलर लगाया गया है। दरअसल विगत दिनों उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने विभिन्न विभागों के औचक निरीक्षण के दौरान भवन के पीछे विभिन्न सेवाओं के लिए बनाई गई खिड़कियों पर खड़े नागरिकों से समस्याओं की जानकारी ली थी। इस पर नागरिकों ने बताया कि उन्हें पानी पीने के लिए लघु सचिवालय के सामने लगे वाटर कूलर की तरफ जाना पड़ता है। उनके लिए इसी स्थान पर वाटर कूलर की व्यवस्था होनी चाहिए। इस पर उपायुक्त ने उन्हें एक सप्ताह के अंदर अंदर वाटर कूलर की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया था। डीसी ने आज बैजनाथ चौधरी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से भेजे गए आरओ युक्त वाटर कूलर को स्थापित करवा दिया।

### संदीप बत्रा ने दिलाई विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा की शपथ



**सोनीपत** ज़िला स्तरीय समारोह को सड़क सुरक्षा संगठन सोनीपत के ज़िला संयोजक संदीप बत्रा के द्वारा उपस्थित नागरिकों को सड़क सुरक्षा के नियमों के पालन करने की शपथ ग्रहण करवाई। इस कैंप में 30 विद्यालयों के विद्यार्थियों एवम कार्यक्रम अधिकारियों भाग लिया।

### हरियाणा विज्ञान रत्न एवं हरियाणा युवा विज्ञान रत्न पुरस्कारों हेतु वैज्ञानिकों से आवेदन आमंत्रित

**पानीपत:** हरियाणा राज्य उच्चतर शिक्षा विभाग के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी निदेशालय द्वारा वर्ष 2023 के लिए हरियाणा विज्ञान रत्न पुरस्कार तथा हरियाणा युवा विज्ञान रत्न पुरस्कारों के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट योगदान देने वाले वैज्ञानिकों से 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए हैं। उपायुक्त वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि हरियाणा विज्ञान रत्न पुरस्कार के तहत पांच लाख रुपये का नकद पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी जबकि हरियाणा युवा विज्ञान रत्न पुरस्कार के तहत एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी दी जाएगी। हरियाणा विज्ञान रत्न पुरस्कार 40 वर्ष से अधिक की आयु वाले प्रख्यात वैज्ञानिकों को जबकि हरियाणा युवा विज्ञान रत्न पुरस्कार 40 वर्ष से कम की आयु वाले प्रख्यात वैज्ञानिकों को दिये जाएंगे।

### 2024 में 300 से अधिक सीटों के साथ मोदी बनेंगे प्रधानमंत्री: शाह

**चंडीगढ़:** भारतीय राजनीति की दशा और दिशा को बदल कर रख देने वाले केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मोदी सरकार के 9 साल की उपलब्धियों को गिनाते हुए बिहार के पटना में विपक्ष के महाजुटान पर 'पुल शॉट' मारते हुए कहा कि, 'आज पटना में एक फोटो सेशन चल रहा है। विपक्षी दलों के नेता इकट्ठे हो गए हैं। वे संदेश देना चाहते हैं कि भाजपा और मोदी जी को चुनौती देंगे। यह महज एक फोटो सेशन है। विपक्ष में एकता संभव ही नहीं है। तमाम प्रयासों के बावजूद प्रधानमंत्री के तौर पर नरेंद्र मोदी का 300 से अधिक सीटों के साथ तीसरा कार्यकाल पूर्व निर्धारित है। विपक्षी दलों का एक मंच पर आना यह साबित करता है कि 2024 के आम चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हराने के लिए कांग्रेस की क्षमताएँ अपर्याप्त हैं। केंद्र में मोदी सरकार के नौ साल एक खुली किताब की तरह है। कांग्रेस की तरह नहीं, जिसने 12 लाख करोड़ रुपये का घोटाला किया। मोदी-शाह की जोड़ी के खिलाफ भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं है। सालों तक जम्मू-कश्मीर में तीन परिवारों अब्दुल्ला, मुफ्ती और गांधी परिवार का शासन रहा है।

यदि इतिहास देखा जाए तो 1947 से 2014 तक जम्मू-कश्मीर में 42,000 लोगों की हत्या की जिम्मेदारी इन्हीं परिवारों पर है। आँकड़ों से यह स्पष्ट होता है कि कांग्रेस सरकार के 10 साल के शासन के दौरान आतंक की 7,327 घटनाएँ हुई थीं, जबकि मोदी सरकार के 9 साल में यह संख्या घटकर केवल 2,350 रह गई है। इसका मतलब साफ है कि आतंकी घटनाओं में 70 फीसदी की कमी आई है। पिछले 9 साल में जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद पर जिस कदर शिकंजा कस दिया गया है, उससे स्पष्ट है कि आज आतंकवाद अपनी मृत्यु शय्या पर है।

# 'किसानों को उन्नत खेती के लिए नई तकनीकों को अपनाना होगा'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। सिंचाई** विभाग के अधीक्षक अभियन्ता व अटल भूजल योजना के नोडल अधिकारी संजय राहर के दिशा निदेर्शानुसार व कार्यकारी अभियन्ता नवतेज सिंह के मार्गदर्शन में अटल भूजल योजना द्वारा 10 गांवों के किसानों व अटल जल सहेली को इंडो-इजराईल सब्जी उत्कृष्ट केन्द्र घरौण्डा में अध्ययन भ्रमण करवाया गया। इंडो-इजराइल सब्जी उत्कृष्टता केंद्र से कृषि विशेषज्ञ डा. रेणू ने कहा कि कृषि क्षेत्र में तकनीकी रूप से सक्षम होना, नई उन्नत किस्म और नई तकनीकों का इस्तेमाल करना किसानों के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रहा है। उन्होंने किसानों को केंद्र जो कि लगभग 24 एकड़ में बना हुआ है, का भ्रमण करवाया। केन्द्र की विशेषता यह भी है कि पूरे केन्द्र में सिंचाई के लिए सूक्ष्म सिंचाई विधियां को ही अपनाया गया है, जो कि अपने आप में काफी अनूठी है। उन्होंने किसानों को केन्द्र द्वारा तैयार की जा रही नर्सरी में कैसे पौध तैयार की जाती है और मिट्टी के बिना कोकोपीट में कैसे पौधा तैयार करके किसानों को उपलब्ध करवा जाता है, के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने किसानों को बताया कि मल्चिंग का उपयोग करके कैसे खरपतवार से फसल या सब्जी को बचाया जा सकता है और ज्यादा से ज्यादा उत्पादन प्राप्त किया जाता है। उन्होंने बताया कि बेल वाली सब्जियों में ज्यादातर ड्रीप विधि से सिंचाई कितनी लाभदायक साबित होती है, जिससे पानी की तो बचत है ही, लेकिन दूसरे फायदे भी गिनाए, जैसे खाद या स्प्रे करना हो तो हम सूक्ष्म सिंचाई विधियां से ही साथ बनी वैचरी के माध्यम से आसानी से दे सकते हैं। ड्रीप विधि तथा फव्वारा विधि से सिंचाई करने से पौधे की गुणवत्ता खुले पानी की तुलना में अधिक अच्छी होती है।

डॉ. रेणु ने किसानों को संरक्षण खेती करने पर भी जोर दिया, जिस पर लागत थोड़ी ज्यादा तो है लेकिन इसमें फायदा ज्यादा है।

## 1 किलो 200 ग्राम गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत**

सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर अंकित ने बताया कि उनकी टीम शुक्रवार साय गश्त के दौरान थाना समालखा क्षेत्र में जीटी रोड़ पर गांव पट्टीकल्याणा मोड़ पर मोजूद थी। टीम को इसी दौरान गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का एक युवक गांव राक्सेडा की और से पैदल पैदल पट्टीकल्याणा मोड़ की तरफ आ रहा है। युवक के पास मादक पदार्थ होने की संभावना है। पुलिस टीम सूचना को पुख्ता मानकर तुरंत पट्टीकल्याणा मोड़ पर नाकाबंदी कर संदिग्ध युवकों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ देर पश्चात संदिग्ध किस्म का एक युवक हाथ में प्लास्टिक की थेली लिए गांव राक्सेडा की और से पैदल आते हुए दिखाई दिया। पास आने पर पुलिस टीम ने युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान गुरमेज उर्फ गिज्जी पुत्र मलुक निवासी राक्सेडा के रूप में बताई। पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में आरोपी व उसकी प्लास्टिक थेली की तलाशी ली तो थेली से गांजा बरामद हुआ। बरामद गांजा का वजन करने पर 1 किला 200 ग्राम पाया गया।

## तपस्या पूर्ण होने पर आयोजित हुआ भंडारा

**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौताना**



**महेंद्रगढ़।** सिद्ध पीठ माँ भूरा भवानी मंदिर सिसोठ धाम में महायोगी श्री गुरु गोरखनाथ जी महाराज जी एवम श्री श्री 1008 सतगुरु योगी गिरधारी नाथ जी महाराज जी की असीम कृपा से महंत शक्तिनाथ महाराज जी द्वारा 4 जून से चल रही 108 धूनी की तपस्या के 21दिन संपूर्ण होने के अवसर पर आज 24जून को सुबह 9बजे हवन यज्ञ किया गया। जिसमे गांव सिसोठ व आस- पास के ग्रामीणों के साथ- साथ लुधियाना से आए श्रद्धालु भगतजन शामिल हुए । हवन यज्ञ और पूजा पाठ करने के पश्चात नवनिर्मित धूने का चेतन किया गया और विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। बीती रात्रि शाम 8 बजे से प्रभु इच्छा तक संत सम्मेलन और संत प्रवचन हुए जिसमे परम पूजनीय पीर योगी लहरनाथ जी करनाल, महाराज आरती देवा जी अमृतसर से निरमोहा नन्द जी, शब्द विचारा नन्द जी,मृण्युंज गिरी जी,मुनिराज गिरी जी निर्जनी अखाड़ा, सुमित शास्त्री जी, सुख प्रमामानन्द जी,परम शब्दाननद जी, सिद्धनाथ जी सरस्वती नाथ जी, सरिता जी आदि अनेक संतो ने अपने वचनों और वाणी से लोगों को धर्म के प्रति प्रेरित किया । इस अवसर पर मंदिर कमेटी प्रधान प्रेमचंद सिसोठिया,सरपंच विरेंद्र कुमार विक्की,रणधीर सिंह, अनिल मास्टर,मुकेश चौहान,विजय सिसोठिया,संदीप यादव,मनोहर लाल,सुनील प्रधान, बजरंगी, राधेश्याम, विनोद,शिव कुमार,संतलाल,मदनलाल, आजाद,पप्पू, अजीत,दिनेश,इंद्रा देवी,रेखा,माया मौजूद रहे।

## युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** कर्ण लेक पर दोस्तों संग खाना खाने गए एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। करनाल के सेक्टर-13 निवासी ईश्वर चंद ने बताया कि उसका लडका 28 वर्षीय ललित व उसके दो दोस्त बीती देर शाम को हाईवे पर किसी ढाबे पर खाना खाने गए थे। रात ज्यादा होने के कारण उन्होंने वहीं पर होटल में रूम ले लिया और वहीं सो गए। आज सुबह करीब 4 बजे उसे बेटे की मौत की सूचना मिली। ईश्वर चंद ने बताया कि शनिवार को दोस्तों का उसके पास फोन आया कि हाईवे पर किसी अज्ञात वाहन ने सैर करते हुए ललित को टक्कर मार दी और वह अस्पताल में है। आप आ जाओ। जब वह अस्पताल पहुंचे तो ललित की मौत चुकी थी।

## बर्तन बेचने के बहाने बंद घरों की रेकी, रात में करते थे चोरी

**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौताना**



**नारनौल।** थाना शहर महेंद्रगढ़ की पुलिस टीम ने चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले गुजरात और राजस्थान के गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने उक्त गिरोह के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरोह दिन में रेकी कर रात को चोरी की वारदात को अंजाम देता है। यह खुलासा उप पुलिस अधीक्षण रणबीर सिंह ने शहरी थाना में शनिवार को एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान किया।

**पुलिस ने आरोपियों से लैपटॉप, एलईडी, नकदी व औजार किए बरामदः** डीएसपी रणबीर सिंह ने प्रेस वार्ता में बताया कि शहरी थाना पुलिस ने चोरी करने वाले आरोपी गुजरात राज्य जिला देवकली कस्बे मेहसाना निवासी रोहित, गुजरात कच्ची बस्ती निवासी अरुण तथा राजस्थान के जोधपुर-पाली आबू रोड निवासी विशाल को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस द्वारा कनीना मोहल्ला गवारियों निवासी मन्नू और चोरी का सामान खरीदने वाले आरोपी ककराला निवासी मदन को पहले गिरफ्तार किया था। जिनसे पूछताछ में चार चोरी की वारदातों का खुलासा किया है। आरोपियों ने महेंद्रगढ़ क्षेत्र में शास्त्री कॉलोनी, आदर्श कॉलोनी, जयरामदास कॉलोनी और हनुमान नगर में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था।

# पीसीसी एकेडमी में सेमिनार का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**



पीसीसी एकेडमी में एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य विदेश जाने को लेकर था इस मौके पर बच्चों ने अपने विचार प्रकट किए कि हमें विदेश क्यों जाना चाहिए इस मौके पर पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी ने कहा आज सभी युवा विदेश की तरफ रुख कर रहे हैं विदेश जाना अच्छी बात है परंतु हमारे देश में भी बहुत सारी ऐसी सुविधाएं एवं अवसर हैं जिनका हम फायदा उठाकर कामयाबी हासिल कर सकते हैं इस सेमिनार में सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर विदेश क्यों जाना चाहिए इस पर विचार प्रकट किए एवं पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी से पूछा कि आप हमें सही ज्ञान दीजिए कि हमें विदेश क्यों जाना चाहिए और क्यों नहीं जाना चाहिए इस मौके पर राजीव परुथी ने कहा जरूरी नहीं विदेश में जाकर ही आप कामयाब हो सकते हैं आप अपने देश में भी लग्न एवं मेहनत के साथ काम करके कामयाबी हासिल कर सकते हैं राजीव के अनुसार जो युवा अपने देश में आलसी है वह विदेश जाकर वह सारे काम करता है जो अपने घर में नहीं करता यदि वह आलस अपने घर एवं अपने देश में छोड़ दे और अपने ही देश में मेहनत और लगन से काम करें तो कामयाबी उसके कदम चूमेगी ऐसा मेरी सोच है इस मौके पर पीसीसी एकेडमी से शिल्पा परुथी ने बच्चों को कहा विदेश क्यों जाना चाहिए वह इसलिए क्योंकि विदेश जाने के लिए कई कारण हो सकते हैं। शिल्पा परुथी ने कुछ इस तरीके से बच्चों को समझाया कि हमें विदेश क्यों जाना चाहिए शिल्पा के अनुसार मुख्य तीन कारण है जिनके लिए हमें विदेश जाना चाहिए

**1. पर्यटनः** विदेश यात्रा पर्यटन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह आपको नई जगहों, संस्कृति, खाद्य, और लोगों से मिलने का अवसर देता है। अन्य देशों के प्राकृतिक सौंदर्य, ऐतिहासिक स्थल, और धार्मिक स्थलों का आनंद लेने के लिए विदेश यात्रा की जा सकती है।

**2. शिक्षाः** कई छात्र विदेश जाते हैं ताकि वे बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकें। विदेश में अच्छी मान्यता वाले विश्वविद्यालय और कॉलेजों में एडमिशन मिलने की संभावना होती है जो आपके अध्ययन के क्षेत्र में मान्यता और करियर के अवसरों में सुधार कर सकती है। कुछ लोग विदेश जाकर बेहतर रोजगार के अवसर ढूंढने के लिए जाते हैं। कुछ देशों में विशेष क्षेत्रों में काम करने के लिए अच्छी संभावनाएं होती हैं।

## युवती का फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाकर कीअश्लील वीडियो अपलोड

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** एक युवती के नाम पर फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट बनाकर उसमें अश्लील वीडियो अपलोड करने का मामला सामने आया है। यही नहीं लोगों को मैसेज भी भेजे गए। युवती और उसके परिजनों को जैसे ही पता चला तो इसकी शिकायत तुरंत पुलिस के साइबर सेल को दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पहले किसी व्यक्ति ने उसके नाम पर फेसबुक व इंस्टाग्राम आईडी बनाई। इसके बाद उस अकाउंट पर उसकी फोटो लगाई और नीचे उसके माता-पिता का नंबर डाल दिया। अब आरोपी उस अकाउंट पर अश्लील वीडियो अपलोड कर रहा है। आरोपी यहीं पर नहीं रुका। इसके बाद उसने उसके पिता के नाम से फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाया और उस पर भी हर रोज अश्लील वीडियो डाल रहा है। वीडियो के साथ ही मोबाइल नंबर भी दिए गए हैं। वीडियो डालने के बाद उसके और माता-पिता के पास अनजान नंबरों से फोन आ रहे हैं। आरोपी फेसबुक व इंस्टाग्राम पर इस तरह की वीडियो डालकर उसे बदनाम करने की कोशिश कर रहा है। रोज लोगों के फोन सुनकर वह तंग आ चुकी है। अब तो घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। साइबर विशेषज्ञ डॉक्टर अशोक कुमार ने बताया कि इन दिनों इस तरह का क्राइम बढ़ रहा है। ऐसा कोई भी मामला यदि किसी के साथ हो जाए तो तुरंत ही पुलिस के पास इसकी शिकायत दी जानी चाहिए। इसके साथ ही सोशल मीडिया अकाउंट संचालक कंपनी को भी इसकी शिकायत की जानी चाहिए।

डा. अशोक ने बताया कि पीड़ित को इस तरह की स्थिति में घबराना और डरना नहीं चाहिए।

## संदिग्ध परिस्थितियों में नाबालिगा हुई लापता

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** थाना असंध क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में एक 15 वर्षीय नाबालिग लडकी घर से लापता हो गई। पीड़ित परिवार ने अज्ञात पर नाबालिग के अपहरण का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत थाना असंध पुलिस को दी है।

पीड़ित परिवार की महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके तीन बेटे हैं। सबसे छोटे बेटे की 15 साल की बेटी बचपन से उसके साथ रह रही है। उसके पास ही रहकर स्कूल में पढ़ाई कर रही है। बीती शाम को बेटी करीब 7 बजे दुकान से सामान लेने के लिए गई थी। 8 बजे तक वह घर पर बेटी का इंतजार करती रही, लेकिन वह वापिस नहीं लौटी। बाद में वह खुद जब दुकान पर गई तो दुकानदार ने भी कहा कि बेटी तो यहां पर सामान लेने नहीं आई। इसके बाद उन्होंने नाबालिग की रिश्तेदारी व अन्य सभी जगह तलाश की गई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पाया।

## दो अनाथ बच्चियों को नौकरी देने पर मेयर ने जताया सीएम का आभार

करनाल/टीम एक्शन इंडिया। करनाल के श्रद्धानंद अनाथालय की दो बच्चियों को सरकारी नौकरी दिए जाने पर मेयर रेणु बाला गुप्ता ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया है। मेयर ने कहा है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा में हरिहर योजना शुरू कर एक मिसाल कायम की है। हरियाणा देश का पहला राज्य है, जहां पर इस तरह की योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत मुख्मयंत्री ने 11 बच्चों को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र जारी किए हैं। इन लाभार्थियों में 9 लड़कियां



और 2 लडके शामिल हैं। हरिहर योजना प्रदेश के उन बेसहारा बच्चों के लिए हैं, जो अनाथालयों में पले-बढ़े हैं। ऐसे बच्चों को सरकारी नौकरी मिलना किसी वरदान से कम नहीं है। रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि हरियाणा के लोगों ने ऐसी

**8 मेयर ने कहा है कि मुख्यमंत्री मनोहर ने हरियाणा में हरिहर योजना शुरू कर एक मिसाल कायम की है**

सरकारें देखी है,जिन्होंने योग्य बच्चों का हक मार कर सिर्फ अपने चहेतों को नौकरी बांटी हैं।

लेकिन एक तरफ मुख्यमंत्री मनोहर लाल है जो ऐसे लोगों को सरकारी नौकरी दें रहे हैं, जिनके पास कोई सिफारिश नहीं है। उनकी एक ही सिफारिश है कि वह योग्य और काबिल हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल गरीब और योग्य लोगों की आस-उम्मीद हैं। इधर सुधा आर्य को जिला कार्यक्रम अधिकारी डब्लयूसीडी करनाल और सरिता आर्य को महिला एवं बाल विकास प्रोजेक्ट अधिकारी कार्यालय करनाल में बतौर क्लर्क ज्वाइन करने पर श्रद्धानंद अनाथालय ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बेटियों का मुंह मीठा करवाकर उन्हें बधाई दी। श्रद्धानंद अनाथालय के महाप्रबंधक गोपीनाथ शर्मा ने कहा कि यह गर्व की बात है कि बेटियों ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर रोजगार प्राप्त किया है।

# स्टूडेंट प्राइड अवार्ड से सम्मानित हुए बाहरवीं के मेधावी विद्यार्थी




**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** कानन इंटरनेशनल द्वारा एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से स्टूडेंट प्राइड अवार्ड समारोह का भव्य आयोजन डॉ. मंगल सेन सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें फिल्म जगत के महान अभिनेता किरण कुमार ने चीफ सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कानन इंटरनेशनल के करनाल निदेशक राकेश सचदेवा एवं गरिमा सचदेवा ने की। एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नेशनल चीफ नरेंद्र अरोड़ा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष रणजोध सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर वर्ष 2023 के बाहरवीं कक्षा के 600 मेधावी विद्यार्थियों को स्टूडेंट प्राइड अवार्ड से सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों को कानन इंटरनेशनल की ओर से अभिनेता किरण कुमार के करकमलों से ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कानन द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की स्कालरशिप देने की घोषणा की गई।

अभिनेता किरण कुमार ने कहा कि कानन इंटरनेशनल द्वारा विदेश में स्टडी करने के इच्छा रखने वाले विद्यार्थियों को सही दिशा देता है। कानन इंटरनेशनल द्वारा दस हजार से अधिक स्टूडेंट के स्टडी वीजा लगवाए जा चुके हैं। राकेश सचदेवा ने कहा कि कानन इंटरनेशनल द्वारा स्टडी अब्रॉड अवेयरनेस सेमिनारों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि स्टडी अब्रॉड को लेकर काफी फ्रॉड हो रहे हैं। इसलिए बच्चों के अभिभावकों को चाहिए कि वह सही कंसलटेंट को ही चुनें और कानन इसके लिए सर्वश्रेष्ठ है। कानन इंटरनेशनल द्वारा समय-समय पर मेधावी विद्यार्थियों एवं उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया जाता है। अभिनेता किरण कुमार का बुके देकर विमल सचदेवा एवं विजय सचदेवा ने स्वागत किया।

# जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चलाए गए नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम

**8 निलोखेडी में विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर ग्राम वासियों को एकत्रित करके नशे के खिलाफ जागरूक किया गया**



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत आज जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान थाना प्रबंधक निगदू निरीक्षक राजेश कुमार व उनकी टीम द्वारा गांव कारसा डोड,, थाना प्रबंधक शहर निरीक्षक रेखा व उनकी टीम द्वारा अशोक नगर, थाना प्रबंधक इंद्री उप निरीक्षक कृष्ण कुमार व उनकी टीम द्वारा गांव खुखनी, थाना प्रबंधक मधुबन निरीक्षक विनोद कुमार व उनकी टीम द्वारा गांव कुटेल, बसताड़ा व मुबारकाबाद, थाना प्रबंधक मुनक निरीक्षक मुकेश कुमार व उनकी टीम द्वारा गांव बल्ला और थाना प्रबंधक बुटाना उप निरीक्षक जगदीश सिंह व उनकी टीम द्वारा डेहा बस्ती निलोखेडी में विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर ग्राम वासियों को एकत्रित करके नशे के खिलाफ जागरूक किया गया।

# मोदी सरकार ने 9 साल में विदेशों में बढ़ाया देश का मान: नरेंद्र गुप्ता

टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।
फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक नरेंद्र गुप्ता ने शनिवार को मोदी सरकार के 9 साल के सुशासन व सरकार की उपलब्धियों की जानकारी को लेकर एक प्रैसवार्ता का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज देश और दुनिया में भारत के प्रधानमंत्री के रूप में मोदी का कद बहुत बढ़ा है और आज पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है। प्रैसवार्ता में विधायक नरेंद्र गुप्ता के साथ भाजपा उपाध्यक्ष पंकज रामपाल, जिला सचिव मुकेश अग्रवाल, निवर्तमान पार्षद सुभाष



आहूजा, छत्रपाल, वजीर डागर, मंडलाध्यक्ष कुलदीप साहनी, सचिन शर्मा, नीरज मित्तल, शिव वशिष्ठ सहित अनेक नेता व कार्यकत्र्ता मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि अमेरिका में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभूतपूर्व स्वागत हुआ है और फाइटर विमान के इंजनों के निर्माण को लेकर अमेरिका के साथ समझौता हुआ है जिसके तहत अब विमान के इंजन भारत में निर्मित होंगे जो कि एक बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के शासन में चाहे अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की बात हो या फिर अंतिम छोर के व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की या फिर जल संकट को देखते हुए अमृत सरोवर योजना के माध्यम से सरोवरों के जीर्णोद्धार की, पीएम मोदी ने देश के सर्वांगीण विकास पर काम किया है। वहीं हरियाणा के संदर्भ में विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नेतृत्व में हरियाणा निरंतर तरक्की कर रहा है। हरियाणा में विशेष रूप से फरीदाबाद की कनेक्टिविटी बहुत मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद विधानसभा में बाराही तालाब, मल्टी लेवल पार्किंग, हैप्पी फूड स्ट्रीट, अत्याधुनिक सर्किट हाउस सहित शहर में मुख्य सड़कों का निर्माण जैसे कई विकास कार्य ऐसे हैं जिनके बारे में पहले कभी किसी सरकार ने नहीं सोचा गया। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने बताया कि केंद्र की मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर हरियाणा प्रदेश की 10 लोकसभा सीटों पर एक के बाद एक रैली का आयोजन हो रहा है जिसके चलते 25 जून को फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र की विशाल रैली पलवल और फरीदाबाद के बीच गदपुरी में आयोजित होगी जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर मुख्य वक्ता के रूप में जनता को संबोधित करेंगे।

# उत्पीड़न के साथ-साथ महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान कर रहा आयोग : रेनू

टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )। हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा श्रीमती रेनू भाटिया ने शनिवार को सेक्टर-6 स्थित कंपनी में बैठक आयोजित की, जहां इंडस्ट्री में महिला सुरक्षा उपायों के बारे में चर्चा कर सुझाव सांझे किए। इस मौके पर रेनू भाटिया ने सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में महिलाओं की सुरक्षा सम्बन्धित जानकारी विस्तार पूर्वक ली। चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने कहा कि हरियाणा महिला आयोग मेवात/नूंह क्षेत्र की महिलाओं के लिए शिवालिक इंडस्ट्रिज ग्रुप से मिलकर रोजगार के लिए, सरकारी ट्रेनिंग देने का काम किया जा रहा है। जहां 12वीं पास और ग्रेजुएट



महिलाओं को इंडस्ट्री में रोजगार देने का भी प्रावधान सरकार के जरिए करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिला आयोग महिलाओं के उत्पीड़ ? केसों के अलावा रोजगार के नए अवसर प्रदान करने के लिए भी प्रयास कर रहा है। उन्होंने शिवालिक ग्रुप में काम कर रही लगभग एक दर्जन महिलाओं से एक-एक करके बातचीत की। इंडस्ट्रीज द्वारा उन्हें दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी ली और अन्य सुझाव भी साझा किए। इस अवसर पर सेक्टर 24 प्लॉट नंबर 128 शिवालिक इंडस्ट्रीज के मालिक नरेंद्र अग्रवाल, विजय कालरा, नवीन शर्मा एएसआई कमलेश सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### फरीदाबाद के कुछ गांव होने वाले पंच और पार्षद उप चुनाव को शांति से मतदान के लिए इंस्पेक्टर सत्यवान व आरएएफ टीम ने थाना सेक्टर-58 एरिया में निकाला फ्लैग मार्च

टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।
पिछले वर्ष ग्राम पंचायत के चुनावों में कुछ सीटो पर चुनाव जिते सदस्य (डिसक्वालीफाई हो गए) होने पर पंच व पार्षद की सीट खाली रह गई थी। जिसके लिए फिर से 9 जुलाई को चुनाव करवाने निर्धारित किए गए हैं जिसमें आने वाले पंच और पार्षद चुनाव को शांतिपूर्ण करने के लिए फरीदाबाद पुलिस लगातार लोगो को जागरुक कर रही है। इसी क्रम में आज पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश के तहत सेक्टर-58 थाना एडिशनल प्रभारी सब इंस्पेक्टर यशपाल व पुलिस चौकी इंचार्ज सुरेन्द्र सिंह व आरएएफ बटालियन टीम के साथ मिलकर फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को चुनाव को शांतिपूर्ण करने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर उनके साथ ऊ-194, फ्फग्रबटालियन के सहायक कमांडेन्ट सरस्वती नन्दन, निरीक्षक अनिल पूनिया, महिला निरीक्षक रुकमणी देवी सहित पुलिस फोर्स मौजूद रही। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि धोज पुलिस ने चुनाव के मद्देनजर आज थाना एरिया में पड़ने वाले गांव में फोर्स के साथ फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने का संदेश दिया। एडिशनल प्रभारी सब इंस्पेक्टर यशपाल के साथ आरएएफ बटालियन के सहायक कमांडर व उनकी टीम भी मौजूद रहे। यह फ्लैग मार्च गाँव सिकरोना करनेरा, फिरोजपुर , जखौपुर, बिजोपुर में निकाला गया जिसमे पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों को जागरूक करते हुए कहा कि इस चुनाव में आप अपने मत का उपयोग करके प्रतिनिधियों को चुनते हैं जो आपके गांव और समाज के लिए काम करके उसे आगे लेकर जाता है। यह चुनाव पूरे गांव की समृद्धि के लिए आयोजित किए जाते हैं जिससे पूरे गांव का भला होता है और गांव में विकास कार्य भी पूर्ण किए जाते हैं। यह चुनाव भाईचारे का चुनाव होता है लेकिन कुछ असामाजिक तत्व इस दौरान अशांति फैलाने की कोशिश करते हैं। गांव के मौजिज व्यक्तियों को समझाया गया कि जिन व्यक्तियों की समाज में अच्छा प्रभाव है वह शांति स्थापित करने के लिए अपना प्रयास करना सुनिश्चित करें क्योंकि उनका समाज में एक रुतबा होता है और हर व्यक्ति उनकी बात मानता है इसलिए वह समाज को एक अच्छी दिशा में लेकर जाएं। इसके साथ ही पुलिस अधिकारियों ने शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों को चेतावनी भी दी कि यदि कोई चुनाव के दौरान उपद्रव करता पाया गया तो उसके खिलाफ कानून के तहत सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसलिए सभी से अनुरोध है कि चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखें और पुलिस के कार्य में सहयोग करें।

### महिला थाना एन आई टी की टीम ने महिलाओं के साथ भद्दे कमेंट करते 5 मनचलों पर कसा शिकंजा

टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )। पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के आदेशानुसार महिला थाना एनआईटी प्रभारी की दुर्गा शक्ति की टीम ने महिला विरुद्ध अपराध के प्रति महिलाओं को जागरूक करने के साथ-साथ महिलाओं तथा छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करने वाले 5 मनचलों को काबू किया है। पूछताछ करने पर पता चला कि मनचले युवक छात्र हैं जो कॉलेज में पढ़ाई करते हैं तथा आने जाने वाली छात्राओं तथा महिलाओं पर भद्दे कमेंट पास करते हैं। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि काबू किए गए सभी मनचलों फरीदाबाद के रहने वाले हैं। दुर्गा शक्ति 5 टीम के द्वारा रोज गार्डन दो नंबर व लेजर वैली पार्क से स्कूटी के द्वारा लड़कियों के पीछा करने पर भद्दे कमेंट करके लड़कियों को परेशान करने पर अलग-अलग स्थान से काबू किया गया है जिसमें रोज गार्डन से दो मनचलों को वह लेजर वैली पार्क से तीन मनचलों को काबू किया गया है। पांचों मनचला के वारिसान को महिला थाना एनआईटी फरीदाबाद में बुलाकर उनके बच्चों के द्वारा किए गए कार्य के बारे में अवगत करा कर और आगे से ऐसी कोई भी हरकत करने पर उचित कानूनी कार्रवाई की हिदायत दी गई। किसी भी प्रकार के अपराध की सूचना 112 पर दे सकते हैं।

### थाना प्रबंधक एसजीएम ने आमजन को नशे के प्रति किया जागरूक

फरीदाबाद, 24 जून (हरपाल सिंह यादव )। हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत पुलिस आयुक्त श्री विकास कुमार अरोड़ा व डीसीपी एनआईटी श्री नरेन्द्र कादयान के दिशा निर्देश के तहत थाना प्रबंधक एसजीएम नगर की टीम के द्वारा एयर फोर्स ग्राउंड में नुक्कड़ सभा व खेल प्रतियोगिता के माध्यम से आमजन को नशे के प्रति जागरूक किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा चलाए गए हरियाणा उदय कार्यक्रम के अंतर्गत थाना एसजीएम नगर की टीम आज आमजन को जागरूक करने के लिए दो टीमों के बीच में वॉलीबॉल मैच का आयोजन कराया गया।

# रिफ्यूजी कानून बनाने को लेकर केन्द्रीय कानून मंत्री से मिले पंजाबी समाज के लोग

टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )। हरियाणा प्रदेश सहित राजस्थान व अन्य प्रदेशों के पंजाबी समाज के मौजिज लोगों ने कल देश के कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से मुलाकात की। इस अवसर पर सभी ने श्री मेघवाल को पंजाबी समाज की मांगों का एक ज्ञापन भी उन्हें सौंपा। पंजाबी समाज के इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पंजाबी महासंघ अलवर के अध्यक्ष रमेश कुमार आहूजा ने किया। इस अवसर पर हरियाणा पंजाबी संस्कृति संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरीश चन्द आजाद भी विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रतिनिधिमंडल ने श्री मेघवाल को दिए ज्ञापन में देश में रिफ्यूजी कानून बनाने की मांग को विशेष तौर पर शामिल किया। हरियाणा पंजाबी संस्कृति संघ के प्रदेश अध्यक्ष



हरीश चन्द्र आजाद ने बताया कि हमने केन्द्रीय कानून मंत्री को बताया कि 1947 के विभाजन में हिन्दुत्व की रक्षा और देशप्रेम के लिये हमारे 12 लाख पूर्वजों ने शहादत देते हुए हिन्दुत्व की रक्षा की मिसाल देते हुए अपना सब कुछ सरहद पार छोड़ा? और अपने बहू-बेटियों की इज्जत जो हिन्दुस्तान की इज्जत थी उनकी रक्षा के लिये अपने हाथों से उनको काटकर मार डाला। उन्होंने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी शहादत देने के बाद भी कुछ सिरफिरे लोग सरेआम हमें रिफ्यूजी व पाकिस्तानी कहते हैं। इसलिये हमारी मांग है कि जल्द से जल्द रिफ्यूजी कानून बनाया जाये कि हमें रिफ्यूजी व पाकिस्तानी कहना अपराध के दायरे में लाया जाए और ऐसा कहने वालों को उसी समय गिरफ्तार करके मुकदमा चलाया जाये और कानून के दायरे में उन्हें सजा दी जाए। उन्होंने कहा कि तभी हमारे उन 12 लाख पूर्वजों की शहादत को सच्ची श्रद्धांजलि मिलेगी। जिस पर केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वह उनकी मांगों पर गौर करेंगे। पंजाबी समाज के करीब 51 अलग-अलग संस्थाओं के पदाधिकारियों ने गुलाबी रंग की पगड़ियां पहनकर कानून मंत्री से मुलाकात की बल्कि उनको भी पंजाबी पगड़ी पहनाकर उनका मान-सम्मान किया। इस मौके पर हरीश चन्द्र आजाद, प्रदीप दुआ और अरविन्द अरोड़ा ने केन्द्रीय कानून मंत्री को आजाद विचार पत्रिका भेंट की। श्री आजाद ने बताया कि जल्द से जल्द केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलेगा पंजाबी समाज और उन्हें अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपेगा। इस मौके पर अलवर से रमेश आहूजा, फरीदाबाद से हरीश चन्द्र आजाद, दिल्ली से प्रदीप दुआ, गाजियाबाद से अरविन्द अरोड़ा, मेरठ से प्रवीण सेठी, राजस्थान से हरीश अरोड़ा, अम्बाला में संदीप सचदेवा, भूपेन्द्र चौधरी,बीकानेर से सतीश खत्री, ललित खत्री, शेखर इच्छपुलानिया, उत्तराखंड से स्वामी अरुण दास महाराज, उत्तर प्रदेश से यश अरोड़ा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# घरों से चोरी करने वाले आरोपी को क्राइम ब्रांच उंचा गांव की टीम ने किया गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।
डीसीपी क्राइम श्री मुकेश मल्होत्र के द्वारा अपराधिक मामलों पर नियंत्रण के लिए अपराधिक गतिविधियों में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच उंचा गांव प्रभारी राकेश की टीम ने घर से चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम अब्दुल उर्फ शाका है आरोपी



फरीदाबाद के गांव खंदावली का रहने वाला है। आरोपी को थाना सेक्टर-58 के चोरी के मामले में उत्तर प्रदेश के टप्पल से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। आरोपी से पूछताछ में दो मामलो का खुलासा हुआ है। आरोप से 5 रोल लोहा बरामद किए गए है। जिनका वजन करीब 90 किलोग्राम था। एक मामले में निशान देहि की गई है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

### वहान चोरी करने वाले 2 आरोपियो को क्राइम ब्रांच की टीम ने किया गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )। डीसीपी क्राइम श्री मुकेश मल्होत्र के द्वारा अपराधिक मामलों पर नियंत्रण के लिए, अपराधिक गतिविधियों में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच उंचा गांव प्रभारी राकेश की टीम ने वाहन चोरी करने वाले 2 आरोपियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में प्रदुम उर्फ साहिल और रामकुमार उर्फ रामू का नाम शामिल है। दोनों आरोपी फरीदाबाद की गाजीपुर कॉलोनी डबुआ के रहने वाले है।

# उपचुनावों को लेकर पुलिस व आरएएफ ने निकाला मार्च



टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।
फरीदाबाद के गांव सिकरोना करनेरा, फिरोजपुर, जखौपुर, बिजोपुर में होने वाले पंच व पार्षद उपचुनावों के मद्देनजर शनिवार को इंस्पेक्टर सत्यवान व आरएएफ टीम ने थाना सेक्टर-58 एरिया में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान उन्होंने लोगों से चुनाव के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। गौरतलब है कि पिछले वर्ष ग्राम पंचायत के चुनावों में कुछ सीटों पर चुनाव जीते सदस्य (डिसक्वालीफाई हो गए) होने पर पंच व पार्षद की सीट खाली रह गई थी, जिसके लिए फिर से 9 जुलाई को चुनाव करवाने निर्धारित किए गए हैं जिसमें आने वाले पंच और पार्षद चुनाव को शांतिपूर्ण करने के लिए फरीदाबाद पुलिस लगातार लोगो को जागरुक कर रही है। इसी क्रम में आज सेक्टर-58 थाना एडिशनल प्रभारी सब इंस्पेक्टर यशपाल व पुलिस चौकी इंचार्ज सुरेन्द्र सिंह व आरएएफ बटालियन टीम के साथ मिलकर फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को चुनाव को शांतिपूर्ण करने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर उनके साथ डी-194, आरएएफ बटालियन के सहायक कमाण्डेन्ट सरस्वती नन्दन, निरीक्षक अनिल पूनिया, महिला निरीक्षक रुकमणी देवी सहित पुलिस फोर्स मौजूद रही। यह फ्लैग मार्च गाँव सिकरोना करनेरा, फिरोजपुर , जखौपुर, बिजोपुर में निकाला गया जिसमे पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों को जागरूक करते हुए कहा कि इस चुनाव में आप अपने मत का उपयोग करके प्रतिनिधियों को चुनते हैं जो आपके गांव और समाज के लिए काम करके उसे आगे लेकर जाता है। यह चुनाव पूरे गांव की समृद्धि के लिए आयोजित किए जाते हैं जिससे पूरे गांव का भला होता है और गांव में विकास कार्य भी पूर्ण किए जाते हैं। यह चुनाव भाईचारे का चुनाव होता है लेकिन कुछ असामाजिक तत्व इस दौरान अशांति फैलाने की कोशिश करते हैं।

# आप पार्टी की नीतियों से प्रभावित हो रहे हैं लोग : हरेंद्र भाटी

टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )। कांग्रेस व भाजपा में आस्था जताने वाले सैकड़ों लोगों ने जिलाध्यक्ष हरेंद्र भाटी की अध्यक्षता में आम आदमी पार्टी का दामन थामा। इंदिरा कालोनी स्थित चौधरी चंद्रपाल के कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान लोकसभा अध्यक्ष पंडित राजेंद्र शर्मा, हरियाणा प्रदेश के सह सचिव राकेश भड़ाना, लोकसभा उपाध्यक्ष विनोद भाटी, लोकसभा उपाध्यक्ष नरेंद्र सरोहा, जिला कोषाध्यक्ष राजन गुप्ता, चंद्रपाल, देवराज गौड़ आदि मौजूद थे। पार्टी में शामिल हुए लोगों को जिलाध्यक्ष हरेंद्र भाटी, राजेंद्र शर्मा व राकेश भड़ाना ने पटका



पहनाकर स्वागत किया और उन्हें विश्वास दिलाया कि उन्हें पार्टी में पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। इस मौके पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए हरेंद्र भाटी ने कहा कि आज पूरे हरियाणा में आम आदमी पार्टी की लहर चल रही है, दिल्ली और पंजाब में जो विकास मॉडल पार्टी ने प्रस्तुत किया है, उससे हरियाणा के लोग भी प्रभावित हो रहे है और पार्टी से जुड़ ? के लिए उत्साहित है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व भाजपा एक सिक्के दो पहलू है, इन पार्टियों ने जनता को केवल वोटबैंक के रूप में इस्तेमाल किया है और सत्ता प्राप्ति के बाद लोगों की अनदेखी की है, लेकिन आम आदमी पार्टी की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है, जो वायदे पार्टी करती है, उसे पूरा भी करती है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद में आम आदमी पार्टी का संगठ निरंतर मजबूत हो रहा है और आने वाले नगर निगम, लोकसभा व विधानसभा चुनावों में पार्टी बेहतर प्रदर्शन करके विपक्षी पार्टियों को आइना दिखाने का काम करेगी।

# भूजल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण: बिना जल के जन जीवन ही संभव नहीं : जस्टिस आदर्श गोयल

टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )। पानी के बिना जीवन सूना है, बिना जल के जन जीवन ही संभव नहीं है। फरीदाबाद भूजल क्षेत्र के रेड जोन में आ गया है। इसलिए पीने के पानी का उपयोग पीने के लिए ही इस्तेमाल करें। इसके लिए आमजन को भागीदार बना कर ही सरकार, समाज,न्यायपालिका बेहतर कार्य कर सकते है। यह बात एनजीटी के चेयरमैन कम सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व जस्टिस आदर्श गोयल ने आज शनिवार को एनआईटी- 3 के डीएवी कॉलेज के कांफ्रेंस हाल में भारतीय संस्थान इंडिया फाउंडेशन व लघु संस्थान द्वारा आयोजित भूजल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के बारे में आयोजित कार्यशाला में उपस्थित शहर प्रबुद्ध लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि एनसीआर क्षेत्र में पानी की जरूरत दिन-प्रतिदिन जन जनसंख्या के हिसाब से बढ़ती जा रही है और वर्तमान में इसके संरक्षण के बारे में चिंतन शालाएँ करना जरूरी है। आदर्श गोयल ने कहा कि चिन्तनशाला में धरातल से जुड़ी हुई सरकारी और गैर सरकारी बातें आगे आ गई है। बेहतर काम करोगे तो समस्याएं भी आती है, उसका समाधान भी होता हैं। हम सबको मिलकर भूजल संरक्षण के समाधान के बारे में कार्य करना है। जस्टिस आदर्श गोयल ने बताया कि एक सर्वे के अनुसार देश में कुल मीठे पानी की उपलब्धता में से 70 प्रतिशत पानी खेती के लिए इस्तेमाल हो रहा है। वहीं 20 प्रतिशत पानी व्यर्थ जा रहा है। जबकि 10 प्रतिशत पानी का ही घरेलू



उपयोग के लिए सही सदुपयोग हो रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र के लिए पानी की जरूरत उसकी उपलब्धता के अनुसार हमें चिंतन करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक साधनों को बचाना है, तो जीवन शैली में परिवर्तन लाना होगा। वहीं जीवन शैली के दृष्टिकोण में भी परिवर्तन लाना होगा। उन्होंने कहा कि शहरों में गार्बेज और उसके नियन्त्रण में बहुत बड़ा गैप है। गार्बेज और उसके नियंत्रण पर केंद्र सरकार द्वारा देश में लगभग 80000 करोड़ रुपये की धनराशि रुपए सरकार द्वारा खर्च किए जा रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद भी गार्बेज का सही रूप से निपटान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने पानी की उपलब्धता पर बोलते हुए कहा कि एनसीआर में 1380 मिलियन गैलन लीटर पानी प्रतिदिन चाहिए जबकि इसकी उपलब्धता 1000 मिलियन गैलरी लीटर है। इसके प्रोसेसिंग नियंत्रण के लिए सरकार और उद्योगपति बेहतर सेवाएं प्रदान कर सकते हैं सरकार को इसका मापदंड निर्धारण निर्धारित करना चाहिए। भूजल संरक्षण के लिए अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करना चाहिए। छात्रों की कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और स्कूलों में सांसद कोर्ट के कार्य लागू करने चाहिए। कानून के क्रियान्वयन के लिए समाज में गैप को भी दूर करना चाहिए। जन अभियान चलाना चाहिए। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए मानव रचना यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ प्रशांत बल्ला ने कहा कि जल संरक्षण बहुत ही बेहतर तरीके से किया जाना चाहिए। अटल भूजल जल संरक्षण सहित अन्य क्षेत्रों में भी जल संरक्षण के लिए मानव रचना विश्वविद्यालय अपना कार्य कर रहा है। केंद्रीय भूजल बोर्ड के सदस्य टीवीएस सिंह ने कहा कि फरीदाबाद में दिन प्रतिदिन भूजल गिरता जा रहा है। हमारी जनसंख्या बढ़ती जा रही है। एनसीआर में लगभग 2 करोड़ के लगभग जनसंख्या हो गई है इसके आने वाली पीढ़ियों के लिए हमें जल संरक्षण करने की चिंतन करने की बहुत जरूरत है। गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि सरकार द्वारा एसटीपी बनाकर पानी की रिसाइकिलिंग की जा रही है उन्होंने गुरुग्राम का जिक्र करते हुए का के गुरुग्राम में एसटीपी के जरिए हर पार्क में पानी की रीसाइक्लिंग की जा रही है। विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि ग्रीन ट्रिब्यूनल की हिदायतों के अनुसार प्रशासनिक तौर पर सरकार की पर्यावरण और जल संरक्षण के लिए अनेक योजनाओं को क्रियान्वित किया जा रहा है। उन्होंने बडखल विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में एसटीपी बनाने का कार्य किया जा रहा है। वही एटीडब्लू ऑल टाइम वाटर होने चाहिए के बारे में चर्चा की कार्यशाला में चर्चा होनी चाहिए। प्रत्येक वार्डों में यदि बड़ी-बड़ी संस्थाएं एसटीपी और एटीडब्लू को गोद ले ले तो निश्चित तौर पर आने वाली पीढ़ी के लिए, पानी का संरक्षण किया जा सकता है।